e-dristi

ई-दृष्टि करेण्ट अफेयर्स

edristi.in

दिन-प्रतिदिन

प्रतिनिधि प्रश्न एवं संबंधित तथ्य

इसरो isro PSLV-C35

1 सितंबर से 30 सितंबर, 2016

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए। दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।

माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।

पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।

करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (1 सितंबर से 30 सितंबर, 2016) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 8

इसरो द्वारा दो अलग-अलग कक्षाओं में 8 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण 8

आम बजट के साथ रेल बजट का विलय 9

89वें ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के लिए चयनित फिल्म 10

देश का पहला हिन्दी में इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने वाला विश्वविद्यालय 11

27 नये स्मार्ट शहरों की सूची 12

ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2016 जारी 12

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जीएसटी परिषद एवं इसके सचिवालय के गठन को मंजूरी 13

अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस को राष्ट्रीय दल का दर्जा 14

उत्तर प्रदेश अनुपूरक बजट, 2016-17 15

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 16

वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक -2016-17 16

आपात स्थिति की तैयारी हेतु स्वास्थ्य निधि बनाएंगे दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश 17

जी-20 का 11वां शिखर सम्मेलन 17

वैश्विक जोखिम सूचकांक 2016 19

आर्थिक परिदृश्य 21

वर्ष 2015-16 में सर्वाधिक औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने वाले राज्य 21

वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान 21

संगमरमर और ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स हेतु नई आयात नीति 22

फ्लैक्सी निधि संबंधी नया निर्देश जारी 23

विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टीवी अभिनेत्रियों की सूची-2016 24

'सॉफ्टेवयर रोबोटिक्स' का इस्तेमाल करने वाला देश का पहला बैंक 24

भारत-चिली प्राथमिकता व्यापार समझौता का विस्तार 25

वैज्ञानिक परिदृश्य 26

मीका मिसाइल का सफल परीक्षण 26

प्रयोगशाला में 3D फेफड़े विकसित 26

नई प्रजाति की मछली का नाम 'ओबामा' 27

बराक-8 मिसाइल का सफल परीक्षण 28

एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) से मुक्त देश 28

नासा का पहला क्षुद्रग्रह मिशन लांच 29

अंतरिक्ष में पहली बार डीएनए (जीनोम) का अनुक्रम तय 30

मौसम उपग्रह इनसैट3 डीआर का सफल प्रक्षेपण 30

स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का सफल परीक्षण.....31
खेल परिदृश्य.....32
क्रिकेट.....32
दलीप ट्रॉफी, 2016.....32
टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड.....32
एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर का रिकॉर्ड.....33
हॉकी.....34
अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप.....34
बैडमिंटन.....35
ब्राजील ओपन ग्रैंड प्रिक्स.....35
फॉर्मूलावन.....35
इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2016.....35
खेल विविध.....36
कबड्डी विश्व कप 2016 के लोगो का अनावरण.....36
9वीं एशियई वुशु चैंपियनशिप.....36
चर्चित खेल व्यक्तित्व.....37
विराट कोहली.....37
अंजुम चोपड़ा.....37
शाहान अली मोहसिन.....37
संक्षिप्तियां.....38
चर्चितव्यक्ति.....38
शिमोन पेरेज.....38
जिम यांग किम.....38
यशवर्धन कुमार सिन्हा.....39
क्यूबा में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति.....39
सीआईएसएफ के नये महानिदेशक.....40
एनएसजी के नये महानिदेशक.....40
एनडीआरएफ के नये महानिदेशक.....41
अरुण गोयल.....41
मार्क जुकरबर्ग.....42
नवतेज सरना.....42
आनंदी रामालिंगम.....43
रवि रेड्डी.....43

एडवर्ड एल्बी....44
संघ लोक सेवा आयोग की नये अध्यक्ष....44
स्वच्छ भारत अभियान के प्रतीक व्यक्ति....45
नादिया मुराद बसी ताहा....45
वी. षमुगनाथन....45
श्रीलंका के नये वायुसेनाप्रमुख....46
स्वपन मुखर्जी....46
विद्या बालन....47
ओ.पी. कोहली....47
यूआईडीएआई के नये अंशकालिक अध्यक्ष....48
सी.के. असनानी....48
अशोक चावला....49
ऐश्वर्या आर. धनुष....49
रोजर ट्सिएन....50
विभूति लहकर....50
कश्मीरी लाल जाकिर....51
प्रियंका योशीकावा....51
इस्लाम करीमोव....52
ब्राजील के नए राष्ट्रपति....52
चर्चितस्थल....53
अमेरिका खसरा (Measles) मुक्त घोषित....53
मेगा फूड पार्क की आधारशिला रखी गयी....53
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), गुवाहाटी में परम-ईशान सुपर-कंप्यूटरका शुभारंभ....54
चरखी दादरी....54
असम....55
छत्तीसगढ़ राज्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना में शामिल....55
सभी जिलों में पुलिस की ट्विटर सेवा प्रारंभ करने वाला पहला राज्य....56
आंध्र प्रदेश शतप्रतिशत विद्युतीकरण वाला राज्य....57
देश के पहले महिला पीसीआर वैनकी शुरूआत....57
विश्व की प्रथम चालक रहित बस सेवा....58
हिंगोली....58
कनॉट प्लेस....59
माजुली द्वीप....59

यमन में आतंकवादी हमला.....60
पुरस्कार/सम्मान..... 61
29वां मूर्ति देवी पुरस्कार.....61
जेसी डेनियल अवार्ड, 2015.....61
सीएनबीसी 'इंटरटेनर ऑफ द् ईयर' अवॉर्ड.....62
योजना/परियोजना..... 63
मेगा कॉल सेंटर.....63
देश के पूर्वी हिस्से में गैसबुनियादी ढांचे का विकास.....63
पर्यटन की दृष्टि से द्वीपों का विकास.....64
'मिशन परिवार विकास' कार्यक्रम.....64
चेन्नई मेट्रो फेज-1 के स्टेज 1 ए का उद्घाटन.....65
रेल मंत्रालय द्वारा 'यात्री मित्र सेवा' का प्रावधान.....66
फेडरल बैंक द्वारा दूसरी फेडरल स्किल अकादमी की शुरूआत.....67
प्रतिभा पहचान पोर्टल का शुभारंभ.....67
मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का शुभारंभ.....68
ऑनलाइन सुविधा-ई निवारण का प्रारंभ.....68
समाजवादी किसान एवं सर्वहित बीमा योजना लागू.....69
सीसीईए द्वारा तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तीसरे चरण को मंजूरी.....70
राजधानी, दुरंतो और शताब्दी ट्रेनों हेतु फ्लेक्सी किराया प्रणाली की शुरुआत.....71
स्वदेश दर्शन के तहत विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी.....72
झारखंड में लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली लागू.....73
सौनी परियोजना.....73
मुंबई-नागपुर सुपर संचार एक्सप्रेसवे परियोजना.....74
महिन्द्रा डिजिसेंस.....74
ऑपरेशन/अभियान..... 75
सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2016'.....75
पश्चिम बेड़े के पोत विदेशी दौरे पर.....75
स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम.....76
तटीय स्वच्छता अभियान.....76
शौचालय संग सेल्फी पहल.....77
युद्ध अभ्यास-2016.....77
गैस4 इंडिया अभियान.....78
'प्रबल दोस्तकी 16'.....79

कुष्ठ रोग निवारण अभियान का शुभारंभ.....79
पुडुचेरी में श्रमदान आंदोलन का शुभारंभ.....80
संयुक्त आपदा राहत अभ्यास 'प्रकंपन'.....81
आयोग/समिति..... 82
डॉ. अमरजीत सिंह समिति.....82
सीईए ने सरकार को दाल उत्पादन बढ़ाने संबंधी रिपोर्ट सौंपी.....82
मधुकर गुप्ता समिति.....83
भारतीय नौसेना द्वारा स्क्रॉर्पियन लीक जांच हेतु उच्च स्तरीय समिति.....83
सम्मेलनसमारोह..... 84
ब्रिक्स देशों की श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक.....84
जीरो फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक-2016.....84
भारत द्वारा प्रथम ब्रिक्स युवा वैज्ञानिक विचार गोष्ठी का आयोजन.....85
शरणार्थी और प्रवासी मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन.....85
बाल कैंसर जागरूकता पर प्रदर्शनी का आयोजन.....86
'बिराक' इनोवेटर्स पांचवी बैठक.....86
ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों की बैठक.....87
ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की छठी बैठक.....87
शहरी संक्रमण पर ब्रिक्स सम्मेलन.....88
ब्रिक्स स्वास्थ्य कार्यशाला.....89
प्रथम इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) इंडिया कांग्रेस2016.....89
14वां आसियान-भारत और 11वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन.....90
प्रथम ब्रिक्स फिल्म महोत्सव-2016.....90
रसोई गैस पर भारत में पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन.....91
सोलंग का त्योहार.....92
ब्रिक्स पर्यटन सम्मेलन.....92
संधि/समझौता..... 93
धामरा एलएनजी टर्मिनल में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और गेल इंडिया लिमिटेड की हिस्सेदारी.....93
मोमेंटम झारखंड के तहत कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर.....94
एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और अमेजन डॉट कॉम के बीच समझौता.....95
संघ/संगठन..... 96
एप्पल कंपनी द्वारा टपलजंप का अधिग्रहण.....96
हिन्दुस्तान डायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने की स्वीकृति.....96
बायर एजी द्वारा मोनसेंटो का अधिग्रहण.....97

रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और एयरसेल का विलय.....97
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उच्च शिक्षा वित्त-पोषण एजेंसी के गठन को मंजूरी.....98
वर्ष/दिवस/सप्ताह.....99
विश्व हृदय दिवस.....99
विश्व समुद्री दिवस.....99
विश्व रेबीज दिवस.....100
विश्व पर्यटन दिवस.....100
परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस.....101
विश्व गैंडा दिवस.....101
अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस.....102
ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस.....102
अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस.....102
इंजीनियर्स डे-2016.....103
विश्व आत्महत्या निवारण दिवस.....103
हिंदी दिवस.....104
अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस.....104
विविध.....105
पर्यावरण भवन का नाम परिवर्तित.....105
उत्तर प्रदेश युवा नीति, 2016.....105
बलूची सेवा के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप्प.....106
फेसबुक पेज छत्तीसगढ़ न्यूज ऑन एआईआर का शुभारंभ.....106
ओडिशा सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों हेतु पेंशन की घोषणा.....107
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एपीटीए के तहत आयात-शुल्क रियायत के आदान-प्रदान को मंजूरी.....108
नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान के वक्त गैलेक्सीनोट-7 पर प्रतिबंध लगाया.....108
केंद्र सरकार द्वारा दो राज्यों में हेलीकॉप्टर सेवाओं हेतु सब्सिडी की मंजूरी.....109
संयुक्त राष्ट्र चार्टर का संस्कृत अनुवाद.....109
टेली-मेडिसिन सेवाओं की कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) पायलट परियोजना का पहला चरण.....110
एम-गुल्लक.....111
पश्चिम बंगाल राज्य का नाम परिवर्तन.....111

राष्ट्रीय परिदृश्य

इसरो द्वारा दो अलग-अलग कक्षाओं में 8 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण

प्रश्न-26 सितंबर, 2016 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 35 से दो अलग-अलग कक्षाओं में 8 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। इन उपग्रहों में किन-किन देशों के उपग्रह भी शामिल थे?

(a) अमेरिका, अल्जीरिया तथा सिंगापुर
(b) अमेरिका, अजरबैजान, कनाडा
(c) अल्जीरिया, अमेरिका तथा कनाडा
(d) अमेरिका, मैक्सिको तथा सिंगापुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर, 2016 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 35 से दो अलग-अलग कक्षाओं में 8 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया।
- यह पीएसएलवी का पहला मिशन है जिसके तहत उपग्रहों को दो अलग-अलग कक्षाओं में स्थापित किया गया।
- महासागर और मौसम के अध्ययन के लिए तैयार किये गये 'स्कैटसैट-1' (SCATSAT-1) (371 किग्रा. वजनी) और अन्य 7 उपग्रहों का प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा से सुबह 9.12 पर किया गया।
- यह ध्रुवीय प्रक्षेपण यान का लगातार 36 वां सफल मिशन था जबकि यह पीएसएलवी की 37 वीं उड़ान थी।
- सभी 8 उपग्रहों का कुल वजन 675 किग्रा. है।
- प्रक्षेपण यान ने 724 किमी. दूरी 16 मिनट 56 सेकंड में तय कर ध्रुवीय सूर्य समकालीन कक्षा (Polar Sun Synchronous Orbit) को प्राप्त किया जो भूमध्यरेखा के 98.1 डिग्री के कोण पर है।
- इसके 37 सेकंड बाद प्राथमिक उपग्रह स्कैट सैट-1 पीएसएलवी चौथे चरण से अलग हो गया।
- अलग होने के बाद स्कैटसैट-1 उपग्रह के दो सौर सारणियां अपने आप कार्य करने लगे।
- जिसका नियंत्रण बंगलुरू स्थित इसरो के 'टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क' (ISTRAC) ने संभाल लिया।
- स्कैटसैट-1 उपग्रह द्वारा भेजे गये डेटा हवा वेक्टर उत्पादों (Wind Vector Products) के सृजन के माध्यम के साथ-साथ चक्रवात का पता लगाने और ट्रैकिंग के साथ लोगों को मौसम की भविष्यवाणी सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे।

- 7 अन्य उपग्रहों में 2 भारतीय विश्वविद्यालयों के उपग्रह 'प्रथम' (PRATHAM) तथा पीसैट (PISAT) शामिल हैं जिनका वजन क्रमशः 10 किग्रा. तथा 5.25 किग्रा. है।
- 5 अन्य बचे हुए उपग्रह विदेशी ग्राहकों के थे।
- जिनमें अल्जीरिया के 3 (अलसैट 1B, अलसैट 2B और अलसैट-1N) कनाडा का 1 (एनएलएस-19) और अमेरिका का 1 (पाथफाइंडर-1) शामिल है।
- इस सफल प्रक्षेपण के साथ ही भारत ने पीएसएलवी प्रक्षेपणयान की मदद से अब तक 121 उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जिसमें 42 भारतीय तथा 79 विदेशी उपग्रह है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55343
http://www.isro.gov.in/update/26-sep-2016/pslv-c35-successfully-launches-eight-satellites-two-different-orbits-single

आम बजट के साथ रेल बजट का विलय

प्रश्न-अभी हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस तिथि को सामान्य बजट के साथ रेल बजट से संबंधित सुधारों पर वित्त मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी है?

(a) 21 सितंबर, 2016
(b) 22 सितंबर, 2016
(c) 19 सितंबर, 2016
(d) 18 सितंबर, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर, 2016 को केंद्रीय मंत्रि मंडल द्वारा सामान्य बजट के साथ रेल बजट के विलय से संबंधित सुधारों पर वित्त मंत्रालय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी।
- मंत्रिमंडल द्वारा फरवरी के अंतिम दिन के बजाय पहले ही बजट पेश करने को भी मंजूरी प्रदान की गयी।
- आगामी बजट में योजनागत व्यय और लेखा में गैर-योजनागत व्यय के वर्गीकरण का विलय होगा।
- उल्लेखनीय है कि यह सभी परिवर्तन आम बजट 2017-18 का हिस्सा होगा।
- रेलवे एक अलग इकाई के रूप में अपने वाणिज्यिक उपक्रमों का संचालन जारी रखेगा।
- रेल बजट के आम बजट में विलय का रेलवे की कार्यकारी और वित्तीय स्वायत्तता पर असर नहीं पड़ेगा, वह यथावत जारी रहेगी।
- रेलवे को प्रत्येक वर्ष सरकार को लाभांश का भुगतान नहीं करना होगा।
- मौजूदा वित्तीय व्यवस्था यथावत रहेगी, जिसमें रेलवे वेतन और भत्तों और पेंशन तथा साधारण संचालन व्यय सहित अपने समस्त राजस्व व्यय को अपनी राजस्व प्राप्तियों से पूरा करेगा।

- उल्लेखनीय है कि पहली बार अलग रेल बजट वर्ष 1924 में पेश किया गया था।
- आम बजट से रेल बजट को वर्ष 1920-21 में गठित दस सदस्यीय एकवर्थ (Acworth) समिति के सुझाव पर अलग किया गया था।
- विलय के परिणाम स्वरूप, रेलवे हेतु विनियोग मुख्य विनियोग विधेयक का हिस्सा होगी।
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए बजट की नई तारीख अगले वर्ष के विधान सभा चुनावों को ध्यान में रखकर तय की जाएगी।
- इसका उद्देश्य बजट से जुड़ी प्रक्रियायें 31 मार्च तक पूरी करना है, जिससे वित्तीय वर्ष की शुरुआत (1 अप्रैल से) से नए प्रावधान पूरी तरह लागू किए जा सकें।
- 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जॉन मथाई आजाद भारत के पहले रेलमंत्री थे।
- बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वर्ष 2000 में पहली महिला रेलमंत्री बनी थीं।
- सर्वाधिक बार रेल बजट पेश करने का रिकॉर्ड जगजीवन राम के नाम है, जिन्होंने 1956 से 1962 तक सात बार रेल बजट पेश किया था।
- ध्यातव्य है कि सरकार ने रेल बजट के विलय का फैसला नीति आयोग के सदस्य विवेकदेबरॉय की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/cabinet-approves-merger-of-rail-budget-with-general-budget-advancement-of-budget-presentation-and-merger-of-plan-and-non-plan-classification-in-budget-and-accounts/?comment=disable
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150987

89वें ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के लिए चयनित फिल्म

प्रश्न-हाल ही में किस फिल्म को 89वें ऑस्कर पुरस्कार में सर्व श्रेष्ठविदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के लिए चयनित किया गया है?

(a) पिंक (b) विसरनाई (c) कोर्ट (d) हैदर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 सितंबर, 2016 को तमिल फिल्म 'विसरनाई' (Visarnai) 89वें ऑस्कर पुरस्कार, 2017 में भारत की आधिकरिक प्रविष्टि के लिए चयनित की गई।
- तमिल फिल्म निर्देशक वेत्रिमारन द्वारा निर्देशित फिल्म ऑस्कर पुरस्कारों की सर्व श्रेष्ठविदेशी फिल्म की श्रेणी में भारत का प्रतिधित्व करेगी।
- यह फिल्म लेखक एम. चंद्रकुमार के उपन्यास 'लॉक अप' पर आधारित है।
- यह फिल्म पुलिस की क्रूरता पर आधारित है।
- यह फिल्म पहले ही 72वें वेनिस फिल्म फेस्टिवल में ख्याति प्राप्त कर चुकी है।

- उल्लेखनीय है कि फिल्म 'विसरनाई' ने 63वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्व श्रेष्ठतमिल फिल्म, सर्व श्रेष्ठसहायक अभिनेता और सर्व श्रेष्ठसंपादन का पुरस्कार जीता है।
- अभी तक भारत ने सर्व श्रेष्ठविदेशी फिल्म की श्रेणी में एक भी ऑस्कर नहीं जीता है।
- गौरतलब है कि 'लगान', 'मदर इंडिया 'सलाम बांबे' शीर्ष 5 में शामिल होने वाली भारतीय फिल्में रही हैं।
- प्रत्येक वर्ष भारतीय फिल्म फेडरेशन (Film Federation of India) के तहत एक जूरी सर्व श्रेष्ठविदेशी भाषा फिल्म के लिए ऑस्कर के लिए भारतीय आधिकारिक प्रविष्टि का चयन करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://filmfed.org/news.html
http://abpnews.abplive.in/bollywood/indias-official-entry-to-oscars-is-tamil-film-visaranai-461949/

देश का पहला हिन्दी में इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने वाला विश्वविद्यालय

प्रश्न-अभी हाल ही में किस विश्वविद्यालय द्वारा देश में पहली बार हिन्दी में इंजीनियरिंग कोर्स का प्रारंभ किया गया है?

(a) राजीव गांधी विश्वविद्यालय
(b) श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस इंदौर
(c) अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
(d) माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस ग्वालियर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा देश में पहली बार हिन्दी में इंजीनियरिंग कोर्स का प्रारंभ किया गया। यह कोर्स पुराने विधानसभा परिसर में स्थित इमारत में शुरू किया गया है। जिसमें तीन छात्रों का दाखिला हुआ है, आगे और छात्रों का दाखिला किया जाएगा।
- इस विश्वविद्यालय में हिन्दी में इंजीनियरिंग कोर्स पढ़ाने हेतु वर्तमान में तीन शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। सत्र 2016-17 में हिन्दी माध्यम से संचालित चार वर्षीय अभियांत्रिकी में प्रवेश प्रारंभ किया गया है।
- तीन पाठयक्रमों-सिविल, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल में प्रवेश हेतु 30-30 सीटें निर्धारित की गई हैं।
- उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना 19 दिसंबर, 2011 को मध्य प्रदेश अधिनियम क्रमांक-34, सन 2011 के द्वारा की गयी थी। इस विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य हिन्दी भाषा को अध्यापन, प्रशिक्षण, ज्ञान की वृद्धि और प्रसार हेतु तथा विज्ञान, साहित्य, कला और अन्य विधाओं में उच्चस्तरीय शोध के लिए शिक्षण का माध्यम बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://aajtak.intoday.in/education/story/first-hindi-engineering-course-starts-in-country-1-888649.html

27 नये स्मार्ट शहरों की सूची

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू द्वारा घोषित 27 नये स्मार्ट शहरों की सूची में उत्तर प्रदेश के कितने शहरों को शामिल किया गया है?

(a) 4 (b) 2 (c) 3 (d) 5

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री वेंकैया नायडू ने 27 नये स्मार्ट शहरों की तीसरी सूची जारी की। सूची में स्वर्ण मंदिर के शहर अमृतसर को पहला स्थान मिला है।
- इस सूची में तीर्थ एवं पर्यटन संबंधी 8 शहरों को स्थान मिला है।
- जिनमें उज्जैन, तिरूपति, आगरा, नासिक, मदुरै, तंजावुर, अजमेर और वाराणसी शामिल है।
- इसके साथ ही स्मार्ट सिटी योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले शहरों की संख्या 60 हो गई है। जिन 12 राज्यों के 27 स्मार्ट शहरों की घोषणा की गई है उनमें महाराष्ट्र से 5 शहर (कल्याण-डोम्बिवली, नागपुर, थाणे, नासिक, औरंगाबाद), मध्य प्रदेश से 2 शहर (उज्जैन, ग्वालियर), तमिलनाडु से 4 शहर (वेल्लोर, मदुरै, तंजावुर, सलेम), कर्नाटक से 4 शहर (मंगलुरू, तुमकुर, शिवमोगा, हुबली-धारवाड़) शामिल हैं।
- इस सूची में उत्तर प्रदेश से 3 शहर (आगरा, कानपुर, वाराणसी), पंजाब से 2 शहर (अमृतसर, जालंधर), राजस्थान से 2 शहर (कोटा, अजमेर), आंध्र प्रदेश से 1 शहर (तिरूपति), ओडिशा से 1 शहर (राउरकेला), गुजरात से 1 शहर (बड़ोदरा) शामिल है।
- नगालैंड (कोहिमा) तथा सिक्किम (नामची) ने स्मार्ट शहरों की सूची में पहली बार स्थान प्राप्त किया।
- अब तक चुने गए 60 शहरों द्वारा 1,44,742 करोड़ रुपये का स्मार्ट सिटी निवेश प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150941

ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण, रिपोर्ट, 2016 जारी

प्रश्न-ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2016 में किस मैदानी जिले को सर्वाधिक स्वच्छ जिला घोषित किया गया है?

(a) मंडी (b) सिंधुदुर्ग (c) नादिया (d) सतारा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को पेयजल तथा स्वच्छता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्यमंत्री नरेंद्र तोमर द्वारा ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2016 जारी किया गया। यह सर्वेक्षण क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI-Quality Council of India) द्वारा किया गया है।

- उल्लेखनीय है कि ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण मई, 2016 में प्रारंभ किया गया था।
- इस सर्वेक्षण में 22 पहाड़ी जिलों और 53 मैदानी जिलों को शामिल किया गया।
- सर्वेक्षण के तहत प्रत्येक जिले का मूल्यांकन 4 मापदंडों के आधार पर किया गया है जो निम्न हैं-
- लोगों के लिए सुरक्षित शौचालय और इनका प्रयोग (शौचालय का उपयोग, जल की सुलभता, जल का सुरक्षित निपटान) (40 प्रतिशत)
- घरों के आस-पास कूड़ा-कचरा फैला न होना (10 प्रतिशत)
- सार्व जनिकस्थलों पर कूड़ा-कचरा फैला न होना (10 प्रतिशत)
- घरों के आस-पास गंदा पानी जमा न होना (20 प्रतिशत)
- इस मापदंड के तहत सबसे अधिक अंक स्वच्छ जल और शौचालय की सुलभता पर प्रदान किए गए।
- इस सर्वेक्षण में पहाड़ी जिलों में मंडी (हिमाचल प्रदेश) को सर्वाधिक स्वच्छ जिला तथा मैदानी जिलों में सिंधुदुर्ग(महाराष्ट्र) को सर्वाधिक स्वच्छ जिला घोषित किया गया है।
- सर्वेक्षण में शीर्ष 5 पहाड़ी जिले-मंडी (98.4), पश्चिमी सिक्किम (96.4), शिमला (94.1), पूर्वी सिक्किम (93.7), हमीरपुर (93.4),
- सर्वेक्षण में शीर्ष 5 मैदानी जिले-सिंधुदुर्ग(96.8), नादिया (95.0), सतारा (92.9), पूर्वी मिदनापुर (92.6), कोल्हापुर (91.6)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=149633

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जीएसटी परिषद एवं इसके सचिवालय के गठन को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जीएसटी परिषद और इसके सचिवालय के गठन को मंजूरी दी। जीएसटी परिषद का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया जाएगा?

(a) अनुच्छेद 288A (b) अनुच्छेद 280A (c) अनुच्छेद 279A (d) अनुच्छेद 278A

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जीएसटी परिषद (GST Council) और इसके सचिवालय के गठन को मंजूरी दी।
- उल्लेखनीय है कि 122वां संविधान (संशोधन) विधेयक, 2016 द्वारा संविधान में नया अनुच्छेद 279A जोड़कर जीएसटी परिषद के अनुसार राष्ट्रपति गठन का प्रावधान किया गया है।
- संशोधित संविधान के अनुच्छेद 279A(1) के अनुसार राष्ट्रपति अनु. 279A के लागू होने के 60 दिनों के भीतर जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) परिषद का गठन करेंगे।
- गौरतलब है कि 10 सितंबर, 2016 को अनु. 279A के 12 सितंबर, 2016 से लागू होने से संबंधित अधिसूचना जारी की गई।

- केंद्रीय वित्त मंत्री इस परिषद के अध्यक्ष, केंद्रीय राज्य मंत्री (राजस्व एवं वित्त) एवं राज्यों के वित्त या कर मंत्री या वे जिन्हें नामित करें सदस्य होंगे।
- यह परिषद उन करों, उपकरों तथा अधिभारों जो संघ/राज्य/क्षेत्रीय निकाय द्वारा लगाए जाते हैं, के जीएसटी में सम्मिलन या छूट के संदर्भ में सिफारिशें देगी।
- यह जीएसटी से संबंधित मानकों का निर्धारण करेगी। सचिव (राजस्व), जीएसटी परिषद के पदेन सचिव होंगे। इस परिषद का सचिवालय नई दिल्ली में होगा। कर की दर क्या होगी, यह जीएसटी परिषद तय करेगी। इसके अलावा यह परिषद जीएसटी में समाहित और इससे बाहर रखे जाने वाले कर करों की दर और राज्य एवं समेक्तिकानूनोंपर सुझाव देगी।
- इसके साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा 22-23 सितंबर, 2016 को नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की प्रथम बैठक बुलाए जाने का निर्णयलिया गया।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149703

अखिल भारतीय तृणमूलकांग्रेस को राष्ट्रीय दल का दर्जा

प्रश्न-हाल ही में भारतीय चुनाव आयोग (ECI) ने अखिल भारतीय तृणमूलकांग्रेस को राष्ट्रीय दल का दर्जा प्रदान किया। अब देश में राष्ट्रीय दलों की कुल कितनी संख्या है?

(a) 6 (b) 7 (c) 5 (d) 8

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 सितंबर, 2016 को भारतीय चुनाव आयोग (ECI) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्ववाले 'अखिल भारतीय तृणमूलकांग्रेस' को राष्ट्रीय दल (National Party) का दर्जा प्रदान किया।
- तृणमूलकांग्रेसको राष्ट्रीय दल का दर्जा चुनाव चिन्ह (आरक्षण व आवंटन) आदेश, 1968 के पैरा 6B के तहत उल्लिखित 3 शर्तों में से एक शर्त पूरी करने के आधार पर दी गई है।
- किसी दल को एक राष्ट्रीय दल के रूप में दर्जा प्राप्त करने हेतु निम्नलिखित 3 शर्तों में एक शर्त को पूरा करना होता है-

  (i) उस दल ने कम से कम चार राज्यों में विगत लोकसभा अथवा विधानसभा चुनावों में कुल वैध मतों का 6 प्रतिशत मत प्राप्त किया हो व कम से कम 4 लोकसभा सीटें जीती हों, अथवा

  (ii) उस दल ने कम से कम 3 राज्यों में विगत लोकसभा चुनाव में लोकसभा की कुल सीटों की कम से कम 2 प्रतिशत सीटें जीती हों, अथवा

  (iii) वह दल देश के कम से कम 4 राज्यों में राज्य-स्तरीय दल का दर्जा प्राप्त किया हो।
- गौरतलब है कि तृणमूलकांग्रेस को वर्तमान में पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में राज्य-स्तरीय पार्टी का दर्जा प्राप्त है।
- जिसके परिणामस्वरूप इसे राष्ट्रीय दल का दर्जा प्रदान किया गया।

- वर्तमानमें देश में राष्ट्रीय दलों की कुल संख्या 7 हो गई है।
- इस समय देश में भारतीय जनता पार्टी (BJP), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INS), बहुजन समाज पार्टी (BSP), भारतीय कम्युनिस्टपार्टी (CPI), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-एम (CPI-M), राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (NCP) तथा अखिल भारतीय तृणमूलकांग्रेस (IMC) को राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://eci.nic.in/eci_main1/current/TMC_02092016.pdf

उत्तर प्रदेश अनुपूरकबजट, 2016-17

प्रश्न-हाल ही में उ.प्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधानसभा में वर्ष 2016-17 के लिए कितने करोड़ रुपये का अनुपूरकबजट पेश किया?

(a) 26,472 करोड़ रुपये (b) 25,347.87 करोड़ रुपये

(c) 18,324.55 करोड़ रुपये (d)20,425.75 करोड़ रुपये

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 अगस्त, 2016 को उ.प्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव (वित्तमंत्री का अतिरिक्त प्रभार) ने विधानसभा में वर्ष 2016-17 के लिए अनुपूरकबजट पेश किया।
- अनुपूरकबजट-2016-17 की निम्न विशेषताएंहैं-
- अनुपूरकमांगो का कुलबजट 25,347.87 करोड़ रुपये है।
- सड़कों के निर्माण व अनुरक्षणहेतु 3,320 करोड़ रुपये तथा सेतु ओके निर्माण हेतु 380 करोड़ रुपये प्रस्तावित। समाजवादी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए कुल 1300 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट। जिला मुख्यालय को 4-लेन से जोड़े जाने हेतु परियोजना के लिए कुल 500 करोड़ रुपये का अनुपूरकबजट। सिंचाई विभाग द्वारा 779 करोड़ रुपये की अनुपूरकबजट।
- वर्ष 2015 के ओलावृष्टिसे प्रभावित किसानों की मदद के लिए 2000 करोड़ रुपये।
- खरीफ क्रय योजना के लिए 500 करोड़ रुपये। त्वरित आर्थिकविकास योजना के लिए 500 करोड़ रुपये।
- हौसला पोषण कार्य क्रमके लिए 252 करोड़ रुपये। लोहिया आवास योजना के लिए 354 करोड़ 66 लाख 62 हजार रुपये। 'आसरा योजना' के लिए 150 करोड़ रुपये प्रस्तावित।
- आगरा में मुगलम्यूजियम के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये।
- डॉ.ए.पी.जे. अब्दुलकलाम नगरीय सौर 'पुंजयोजना' के लिए 50 करोड़ रुपये।
- 'कान्हा पशु आश्रय योजना' के लिए 50 करोड़ रुपये।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=3017

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक -2016-17

प्रश्न-हाल ही में विश्व आर्थिक कमंच द्वारा वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट 2016-17 जारी की गई। रिपोर्ट में प्रस्तुत वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक 2016-17 के अनुसार भारत किस स्थान पर है?

(a) 40वें (b) 39वें (c) 45वें (d) 65वें

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 सितंबर 2016 को जेनेवा स्थित विश्व आर्थिक कमंच (WEF) द्वारा वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट (Global Competitiveness Report) 2016-17 जारी की गई। वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट में प्रतिस्पर्धात्मकता के कुल 12 स्तंभों या पैमानों के भारित औसत के आधार पर 138 देशों/अर्थ व्यवस्थाओं को रैंकिंग प्रदान करते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक (Global Competitiveness Index) 2016 प्रस्तुत। ये 12 स्तंभ – संस्थान, बुनियादी ढांचा, व्यापक आर्थिक वातावरण, स्वास्थ्य व प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा व प्रशिक्षण, कुशल श्रम बाजार, कुशल माल बाजार, वित्तीय बाजार विकास, प्रौद्योगिकी तत्परता, बाजार का आकार, व्यापारिक परिष्कार तथा नवाचार।
- रिपोर्ट में प्रस्तुत वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक-2016-17 के तहत स्विट्जरलैंड (स्कोर- 5.8) लगातार 8वें वर्ष शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर सिंगापुर (स्कोर- 5.7), तीसरे स्थान पर अमेरिका (स्कोर- 5.7), चौथे स्थान पर नीदरलैंड (स्कोर- 5.6) तथा पांचवे स्थान पर जर्मनी (स्कोर- 5.6) हैं। सूचकांक में सभी 138 देशों/अर्थ व्यवस्थाओं में सबसे निचले स्थान पर यमन (स्थान- 138, स्कोर- 2.7), मारतानिया (स्थान- 137, स्कोर- 2.9), चाड (स्थान- 136, स्कोर- 2.9) बुरुंडी (स्थान- 135, स्कोर- 3.1) तथा मलावी (स्थान- 134, स्कोर- 3.1) हैं।
- रिपोर्ट में प्रस्तुत इस सूचकांक में भारत 39वें स्थान (स्कोर- 4.5) पर है। जबकि गत वर्ष इसका 55वां (140 देशों में) स्थान था। इस सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका 71वें (स्कोर- 4.2), भूटान 97वें (स्कोर- 3.9), नेपाल 98वें (स्कोर- 3.9), बांग्लादेश 106वें (स्कोर- 3.8) तथा पाकिस्तान 122वें (स्कोर- 3.5) स्थान पर है। विश्व के अन्य विकसित देशों में जापान को 8वां (स्कोर- 5.5), हांगकांग को 9वां (स्कोर- 5.5), यूनाईटेड किंगडम को 7वां (स्कोर- 5.5) तथा फ्रांस को 21वां (स्कोर-5.2) स्थान प्राप्त हुआ है। उभरती अर्थ व्यवस्था वाले ब्रिक्स के देशों में चीन को 28वां (स्कोर- 5.0), रूस को 43वां (स्कोर- 4.5), दक्षिण अफ्रीका को 47वां (स्कोर- 4.5) तथा ब्राजील को 81वां (स्कोर-4.1) स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.weforum.org/reports/the-global-competitiveness-report-2016-2017-1
http://reports.weforum.org/global-competitiveness-index/competitiveness-rankings/

आपात स्थिति की तैयारी हेतु स्वास्थ्य निधि बनाएंगे दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश

प्रश्न-अभी हाल में किस देश द्वारा दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्रीय समिति के 10 अन्य सदस्य देशों के साथ एक स्वास्थ्य निधि बनाने का निर्णय किया गया है?

(a) भारत (b) भूटान (c) बांग्लादेश (d) म्यांमार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को भारत द्वारा कोलम्बो में विश्व स्वास्थ संगठन (डब्लूएचओ) की क्षेत्रीय समिति के 69वें सत्र की बैठक में दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्रीय समिति 10 अन्य सदस्य देशों के साथ एक स्वास्थ्य निधि बनाने का निर्णय किया गया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य आपात स्थिति हेतु तैयारी करना है।
- इसी बैठक के दौरान इन देशों द्वारा क्षेत्र में शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और स्वास्थ्य कार्य बल का विस्तार करने हेतु एक प्रस्ताव पारित किया गया।
- इस नई वित्त पोषण धारा से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश बुनियादी ढांचे एवं मानव संसाधन में निवेश कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में भूकम्प, चक्रवात और बाढ़ के कारण दक्षिण-पूर्वी एशियाई क्षेत्र में स्वास्थ्य आपात स्थिति उत्पन्न हुई है। जिससे इस क्षेत्र को कई उभरते रोगों से खतरा उत्पन्न हुआ है।
- इन बीमारियों में सार्स (SARS), मर्स कोरोना वायरस (MERS-Cov), इन्फ्लूएंजा और जीका वायरस शामिल है। दक्षिण-पूर्व क्षेत्रीय स्वास्थ्य आपात कोष के तहत एक संयुक्त निधि बनाने से देशों ऐसी स्थिति में बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। ध्यातव्य है कि वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी एशियाई क्षेत्र में स्वास्थ सेवा प्रदाताओं की संख्या का घनत्व 10 हजार व्यक्तियों पर 12.5 प्रतिशत है, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 10 हजार व्यक्तियों पर 44.5 प्रतिशत की न्यूनतम सिफारिश की तुलना में बहुत कम है। 11 दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश-भारत, बांग्लादेश, भूटान, उत्तर कोरिया, इंडोनेशिया, मालदीव, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, थाइलैंड और तिमोर-लेस्ते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.searo.who.int/mediacentre/releases/2016/1638/en/
http://www.un.org/apps/news/story.asp?NewsID=54892#.V9k87It97IU

जी-20 का 11वां शिखर सम्मेलन

प्रश्न-4-5 सितंबर, 2016 के मध्य जी-20 का 11वां शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?

(a) सियोल (b) ब्रिसबेन (c) हांगझाऊ (d) लंदन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4-5 सितंबर, 2016 के मध्य जी-20 का 11वां शिखर सम्मेलन हांगझाऊ (Hangzhou) चीन में संपन्न हुआ।
- चीन ने जी-20 शिखर सम्मेलन की पहली बार अध्यक्षता की।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की।
- इस शिखर सम्मेलन में यूरोपीय संघ के अध्यक्ष सहित सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। मिस्र, चाड, कजाकिस्तान, लाओस, सेनेगल, स्पेन, सिंगापुर और थाइलैंड इस सम्मेलन में मेहमान प्रतिनिधियों के रूप में शामिल हुए।
- इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सम्मेलन में प्रधानमंत्री के शेरपा रहे।
- प्रधानमंत्री ने जी-20 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए स्थिर अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली को महत्वपूर्ण बताते हुए वैश्विक नेताओं से भ्रष्टाचार, कालेधन और कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए प्रयास किए जाने का आग्रह किया।
- उन्होंने कहा कि विकास की जरूरतों के लिए ऊर्जा आवश्यक है इसलिए हमारी नीति के अहम बिंदु परमाणु, नवीकरणीय ऊर्जा और जीवाश्म ईंधन का मिश्रित संतुलन है।
- सम्मेलन में शिरकत करने के अलावा प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे, फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रैंकोइस ओलांद, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन से मुलाकात की।
- जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स नेताओं के साथ बैठक की।
- ज्ञातव्य है कि जी-20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक एवं वित्तीय व्यवस्था से संबंधित मामलों पर सहयोग एवं परामर्श का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें 19 देश तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं।
- इसमें शामिल सदस्य इस प्रकार हैं-अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका एवं यूरोपीय संघ।
- जी-20 समूह के सभी सदस्य समग्र रूप से विश्व की जनसंख्या का दो-तिहाई विश्व जी.डी.पी. का लगभग 85% तथा विश्व व्यापार का लगभग 75% भाग का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- G-20 की स्थापना पूर्व एशियाई वित्तीय संकट के बाद वर्ष 1999 में हुई।
- स्थापना के बाद वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष इसके सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक प्रारंभ हुई। वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय संकट के मद्देनजर वर्ष 2008 से जी-20 के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों की शिखर बैठक प्रारंभ हुई।
- इसकी प्रथम शिखर बैठक वर्ष 2008 में वाशिंगटन (U.S.A.) में हुई थी।
- वर्ष 2010 तक इसे अर्ध वार्षिक आधार पर आयोजित किया गया, किंतु वर्ष 2011 से इसे प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। जी-20 का 12 वां शिखर सम्मेलन जर्मनी में प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.g20.org/English/aboutg20/AboutG20/201511/t20151127_1609.html
http://english.cri.cn/12394/2016/08/24/4081s938333.htm

वैश्विक जोखिम सूचकांक-2016

प्रश्न-हाल ही में यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर इनवॉयरमेंट एंड ह्युमन सोसाइटी (UNU-EHS) द्वारा 'वैश्विक जोखिम रिपोर्ट-2016' जारी की गई। रिपोर्ट में 'वैश्विक जोखिम सूचकांक-2016' में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) 54वां (b) 65वां (c) 77वां (d) 71वां

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 25 अगस्त, 2016 को यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट फॉर इनवॉयरमेंट एंड ह्युमन सिक्योरिटी (UNU-EHS) तथा बंदनिस एंतविक्लुंग हिल्फट (Bundnis Entwicklung Hilft) द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्टगार्ट (University of Stuttgar) के सहयोग से जर्मनी में वैश्विक जोखिम रिपोर्ट (World Risk Report)-2016 जारी की गई।
- वैश्विक जोखिम सूचकांक-(World Risk Index)-2016 में प्राकृतिक खतरों और सामाजिक कमजोरियों के संयुक्तविश्लेषण के माध्यम से 171 देशों में आपदा के जोखिमों का आकलन किया गया है।
- वैश्विक जोखिम सूचकांक 2016 में कुल 171 देशों में वनवातु (Vanvatu) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात टोंगा दूसरे, फिलीपींस तीसरे, ग्वाटेमाला चौथे तथा बांग्लादेश पांचवें स्थान पर है।
- इस सूचकांक में कतर सबसे अंतिम अर्थात 171वें स्थान पर है।

  इसके पश्चात माल्टा, सऊदी अरब, बारबाडोस, ग्रेनेडा तथा आइसलैंड को क्रमशः 170वां, 169वां, 168वां, 167वां तथा 166वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- वैश्विक आपदा सूचकांक-2016 में भारत को 77वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत के पड़ोसी देशों में भूटान 60वें, श्रीलंका 63वें, पाकिस्तान 72वें, चीन 85वें तथा नेपाल 108वें स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://weltrisikobericht.de/wp-content/uploads/2016/08/WorldRiskReport2016.pdf

http://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/india-ranked-77-in-disaster-risk-index-of-the-world/article9036125.ece

आर्थिक परिदृश्य

वर्ष 2015-16 में सर्वाधिक औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने वाले राज्य

प्रश्न-रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2015-16 के दौरान देश के सभी राज्यों में से किस राज्य ने सर्वाधिक औद्योगिकी निवेश प्राप्त करके पहला स्थान प्राप्त किया है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) गुजरात (c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर, 2016 को आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2015-16 के दौरान आंध्र प्रदेश देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने वाला पहला राज्य बन गया।
- वर्ष 2015-16 में आंध्र प्रदेश ने पूरे भारत में हुए कुल 1,38,700 करोड़ रुपये के निवेश में से 21,914 करोड़ रुपये का निवेश किया है जो कि 10 करोड़ की प्रत्येक ईकाई के कुल निवेश का 15.8 प्रतिशत है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 में आंध्र प्रदेश का देश के निवेश में कुल हिस्सेदारी 8.1% थी।
- इस रिपोर्ट में गुजरात 14.5 प्रतिशत निवेश के साथ दूसरे नंबर पर है।
  महाराष्ट्र 10.9 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरे तथा तमिलनाडु 9 प्रतिशत निवेश के साथ चौथे स्थान पर है। कर्नाटक और मध्य प्रदेश 7.2 प्रतिशत निवेश के साथ संयुक्तरूप से पांचवें स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dnaindia.com/money/report-andhra-pradesh-tops-in-attracting-industrial-investments-maharashtra-down-to-third-spot-2255833
http://indiatoday.intoday.in/story/andhra-pradesh-tops-in-attracting-industrial-investments/1/766285.html

वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किये। इसके अनुसार खरीफ खाद्यान्न का उत्पादन रिकॉर्ड कितने मिलियन टन रहने का अनुमान है?

(a) 124.01 मिलियन टन (b) 135.03 मिलियन टन (c) 130.05 मिलियन टन (d) 127.03 मिलियन टन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 सितंबर, 2016 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किये।

- इसके अनुसार खरीफ खाद्यान्न का कुल उत्पादन रिकॉर्ड 135.03 मिलियन टन रहने का अनुमान है।
- यह गत वर्ष (2015-16) में हुए 124.01 मिलियन टन के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 11.02 मिलियन टन अधिक है। प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, खरीफ 2016-17 के दौरान प्रमुख फसलों का अनुमानित उत्पादन इस प्रकार है-
- खाद्यान्न-135.03 मिलियन टन (रिकॉर्ड)
  (i) चावल-93.88 मिलियन टन (रिकॉर्ड), (ii) मोटे अनाज-32.45 मिलियन टन, (iii) मक्का-19.30 मिलियन टन (रिकॉर्ड), (iv) दालें-8.70 मिलियन टन (रिकॉर्ड), (v) तुर- 4.29 मिलियन टन (रिकॉर्ड), (vi) उड़द-2.01 मिलियन टन (रिकॉर्ड)
- तिलहन-23.36 मिलियन टन
  (i) सोयाबीन-14.22 मिलियन टन, (ii) मूंगफली-6.50 मिलियन टन, (iii) अरंडी के बीज-1.73 मिलियन टन
- कपास-32.12 मिलियन गांठे (प्रत्येक 170 किलो)
- गन्ना-305.25 मिलियन टन

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151038

संगमरमर और ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स हेतु नई आयात नीति

प्रश्न-अभी हाल ही में वाणिज्य विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संगमरमर और ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स तथा संगमरमर और ग्रेनाइट स्लैब्स के लिए नई आयात नीति अधिसूचित की गयी है। यह नीति कब से लागू होगी?

(a) 1 अक्टूबर, 2016 (b) 2 अक्टूबर, 2016 (c) 3 अक्टूबर, 2016 (d) 4 अक्टूबर, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 18 सितंबर, 2016 को वाणिज्य विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संगमरमर और ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स तथा संगमरमर और ग्रेनाइट स्लैब्स के लिए नई आयात नीति को अधिसूचित किया गया। यह नई आयात नीति 1 अक्टूबर, 2016 से लागू होगी।
- नई नीति का लक्ष्य घरेलू उपभोक्ताओं, निर्माताओं और प्रोसेसर्स के हितों के बीच संतुलन कायम करना और मार्बलतथा ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स के आयात हेतु भारी भरकम लाइसेंस प्रणाली को समाप्त करना है।
- संगमरमर ब्लॉक्स के आयात हेतु न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) 200 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन कम किया जाएगा।
- घरेलू निर्माताओं के हितों की रक्षा हेतु संगमरमर और ट्रेवरटाइन ब्लॉक्स पर आयात शुल्क वर्तमान 10 प्रतिशत से 4 गुना वृद्धि कर, 1 अक्टूबर, 2016 से 40 प्रतिशत हो जाएगा।
- इसी तिथि से संगमरमर स्लैब्स के आयात पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) कम करके 40 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग मीटर किया जाएगा।

- संगमरमर स्लैब के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत होगा।
- ग्रेनाइट स्लैब्स के आयात पर न्यूनतम आयात मूल्य कम करके 50 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ग मीटर होगा।
- ग्रेनाइट स्लैब्स के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क वर्तमान10 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55187
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150873

फ्लैक्सी निधि संबंधी नया निर्देश जारी

प्रश्न-फ्लैक्सी निधि संबंधी नए नियमों के तहत राज्यों हेतु प्रत्येक केंद्र प्रायोजित योजना के तहत फ्लैक्सी निधि की वर्तमान राशि दस प्रतिशत से बढ़ाकर कितना प्रतिशत कर दी गई है?

(a) 15 प्रतिशत (b) 20 प्रतिशत (c) 25 प्रतिशत (d) 30 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 सितंबर, 2016 को केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत स्थानीय विकास हेतु अधिक धन खर्च करने की अनुमति प्रदान करने के प्रायोजन से फ्लैक्सी निधि संबंधी नया दिशा-निर्देश जारी किया गया।
- नए नियमों के तहत राज्यों हेतु प्रत्येक केंद्र प्रायोजित योजना में फ्लैक्सी निधि की वर्तमान राशि 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दी गई है।
- इसके अलावा केंद्रशासित प्रदेशों के संदर्भ में यह राशि 30 प्रतिशत होगी।
- इस निधि का उपयोग राज्य सरकारों द्वारा प्राकृतिक आपदा के दौरान सामान्य स्थिति बहाल करने हेतु किया जा सकता है।
- इसके अतिरिक्त इस निधि का उपयोग आंतरिक सुरक्षा की गड़बड़ी से प्रभावित क्षेत्रों में भी किया जा सकता है।
- इस निधि की सुविधा का लाभ प्राप्त करने हेतु राज्य सरकारों को राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति का गठन करना होगा।
- उल्लेखनीय है कि नीति आयोग द्वारा मुख्यमंत्रियों के उप समूह की सिफारिशों और विभिन्न पक्षों के साथ हुए परामर्श के आधार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.business-standard.com/article/news-ani/centre-gives-states-more-freedom-to-spend-funds-under-css-116091100606_1.html
http://www.ndtv.com/india-news/states-get-more-freedom-to-spend-funds-under-centrally-sponsored-schemes-1457237

विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टीवी अभिनेत्रियों की सूची-2016

प्रश्न-14 सितंबर, 2016 को प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स द्वारा जारी विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टीवी अभिनेत्रियों की सूची-2016 में किस भारतीय अभिनेत्री को शामिल किया गया है?

(a) दीपिका पादुकोण (b) विद्या बालन (c) प्रियंका चोपड़ा (d) ऐश्वर्या राय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स द्वारा विश्व की सबसे अधिक कमाई करने वाली टीवी अभिनेत्रियों (The World's Highest Paid TV Actresses) की सूची, 2016 जारी की गई।
- इस सूची में प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेत्री सोफिया वेरगारा 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ लगातार पांचवे वर्ष शीर्ष पर रहीं। इसके पश्चात अभिनेत्री केली कुओको (Kaley Cuoco) 24.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारतीय मूल की प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कैलिंग(Mindy Kaling) 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इस वर्ष सूची में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा 11 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ आठवें स्थान पर रहीं। इस सूची में स्थान पाने वाली वे पहली भारतीय अभिनेत्री हैं।
- अभिनेत्री जूलियाना मार्गुलीस(Juliauna Margulies) 10.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ 9वें तथा जुलिया बोवेन (Julie Bowen) 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ 10वें स्थान पर रहीं। उल्लेखनीय है कि भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पिछले वर्ष एबीसी की 'क्वांटिको' में अभिनय किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.forbes.com/sites/maddieberg/2016/09/14/the-worlds-highest-paid-tv-actresses-2016-sofia-vergara-stays-the-queen-of-the-small-screen-with-43-million/#2d799c8e6a7f
http://www.forbes.com/pictures/gjdm45eimd/8-priyanka-chopra/#13cd3e6449e7

'सॉफ्टवेयर रोबोटिक्स' का इस्तेमाल करने वाला देश का पहला बैंक

प्रश्न-अभी हाल ही में किस बैंक द्वारा बैंक के विविध कार्यों को करने हेतु 200 से अधिक सॉफ्टवेयर रोबोटिक्स की तैनाती की घोषणा की गयी है?

(a) एचडीएफसी (b) आईसीआईसीआई (c) ओरिएन्टल बैंक (d) भारतीय स्टेट बैंक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई द्वारा बैंक के विविध कार्यों को करने हेतु 200 से अधिक सॉफ्टवेयर रोबोटिक्स की तैनाती की घोषणा की गयी।
- ऐसी व्यवस्था करने वाला यह भारत का पहला एवं विश्व के कुछ चुनिन्दा बैंकों में से एक है।

- इसके माध्यम से सॉफ्टवेयर बैंकिंग से जुड़ी 200 से अधिक प्रक्रियाओं को स्वचालित तरीके से निपटाने में मदद मिलेगी, जिससे ग्राहकों से मिलने वाली प्रतिक्रियाओं में 60 प्रतिशत की कमी आएगी। इसकी तैनातीसे बैंककी कार्य कुशलताऔर उत्पादकता में वृद्धि होगी।
- सॉफ्टवेयर रोबोट से प्रतिदिन 10 लाख से अधिक बैंकिंगलेन-देन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक बैंकद्वारा सॉफ्टवेयर रोबोट की संख्या दो गुनी करने का फैसला किया गया है। जिसके बाद इसकी संख्या 500 से अधिक हो जाएगी। ध्यातव्य है कि इस सॉफ्टवेयर रोबोटिक के कार्यान्वयन से भारतीय बैंकिंगक्षेत्र में एक परिवर्तनकारी बदलाव का सूत्रपात होगा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.icicibank.com/aboutus/article.page?identifier=news-icici-bank-introduces-software-robotics-to-power-banking-operations-20160809103646464
http://www.thehindu.com/business/Industry/icici-bank-deploys-software-robots-to-perform-banking-operations/article9085266.ece

भारत-चिली प्राथमिकता व्यापार समझौता का विस्तार

प्रश्न-अभी हाल ही में भारत व चिली के बीच प्राथमिकता व्यापार समझौते (पीटीए) का विस्तार किया गया है। इस नए समझौते के तहत भारत द्वारा चिली को कितनी वस्तुओंपर छूट देने का प्रस्ताव किया गया है?
(a) 1798 (b) 1031 (c) 296 (d) 178

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को भारत व चिली के प्राथमिकता व्यापार समझौते (PTA-Preferential Trade Agreement) के विस्तार हेतु भारतीय वाणिज्य सचिव रीता तेवतिया और चिली के राजदूत श्री एन्ड्रेस बार्बे गोंजालेज ने हस्ताक्षर किया। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार दायरा बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच 8 मार्च, 2006 को प्राथमिकता व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। अगस्त, 2007 से यह समझौता लागू हुआ था।
- इस समझौते के तहत भारत द्वारा चिली की 178 वस्तुओंऔर चिली द्वारा भारत की 296 वस्तुओंको वरीयता सूची में शामिल किया गया था। नए समझौते के तहत चिली द्वारा भारत को 1798 वस्तुओंके व्यापार पर छूट देने का प्रस्ताव किया गया है, जिस पर शुल्क में 30 से 100 प्रतिशत तक छूट प्राप्त होगी। इसी के तहत भारत द्वारा चिली को 1031 वस्तुओंपर छूट देने का प्रस्ताव, जिस पर शुल्क में 10 से 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। ध्यातव्य है कि वर्ष 2015-16 के दौरान लैटिन अमेरिकी देशों में चिली भारत का तीसरा बड़ा व्यापारिक साझीदार रहा है। वर्ष 2015-16 के दौरान चिली और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2.64 बिलियन अमेरिकी डॉलर, जिसमें निर्यात 0.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा आयात 1.96 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=53985
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149558

वैज्ञानिक परिदृश्य

मीका मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में भारतीय वायु सेना द्वारा 'मीका' मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। यह मिसाइल मार करती है-

(a) सतह से हवा में (b) हवा से हवा में (c) हवा से सतह में (d) सतह से सतह में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 सितंबर, 2016 को रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय वायु सेना के प्रथम स्क्वाड्रन 'टाइगर्स' ने एक युद्धाभ्यास के दौरान हवा से हवा में दृष्टि के दायरे से परे लंबी दूरी तक मार करने वाली 'मीका मिसाइल' का सफल परीक्षण किया।
- भारतीय वायु सेना के उन्नत लड़ाकू विमान मिराज-2000 से इस मिसाइल का परीक्षण किया गया।
- इसके साथ ही भारतीय वायु सेना विश्व की ऊन चुनिं दा वायु सेनाओं में शामिल हो गई जिनके पास दृष्टि के दायरे से परे लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल क्षमता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55319
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151085

प्रयोगशाला में 3D फेफड़े विकसित

प्रश्न-कहां के वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक त्रिविमीय (3D) फेफड़ा विकसित किया है?

(a) अमेरिका (b) चीन (c) भारत (d) रूस

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 सितंबर 2016 को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स अमेरिका के एली और एडिथ पुनर्योजी चिकित्सा विस्तार केंद्र एवं मूल कोशिका अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने, जिसमें भारतीय मूल के वैज्ञानिक भी हैं, स्टेम सेल का उपयोग कर सफलतापूर्वक त्रिविमीय (3D) फेफड़ों को प्रयोगशाला में विकसित किया है।
- प्रयोगशाला में विकसित किये गये ऊतक का उपयोग आइडियो पैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस जैसे रोगों के अध्ययन के लिये भी किया जा सकता है, जिनका पारंपरिक विधियों से अध्ययन कठिन था।
- यद्यपि यह पूर्ण रूप से कार्य करने वाला फेफड़ा नहीं है, लेकिन मानव फेफड़े का प्रतिरूप विकसित किया गया है और फेफड़े की कोशिका को लेकर उसे सही ज्यामितीय रिक्ति में स्थापित किया जा सकेगा।

- आइडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (Idiopathic Pulmonary Fibrosis) फेफड़ों से संबंधित पुरानी बीमारी है, जिसमें फेफड़ों में घाव हो जाता है। घाव फेफड़ों को मोटा और कठोर बना देता है जिसके फलस्वरूप मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को ऑक्सीजन की कमी होने लगती है।
- नये फेफड़े अंगाभ (Organoids) का उपयोग करके शोधकर्ता फेफड़ों के रोगों के जैविक आधार का अध्ययन और रोग के संभावित निदान का परीक्षण कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsroom.ucla.edu/releases/ucla-researchers-use-stem-cells-to-grow-3-d-lung-in-a-dish
http://www.mirror.co.uk/science/pea-sized-human-lungs-been-8843644

नई प्रजाति की मछली का नाम 'ओबामा'

प्रश्न-एक नई प्रजाति की खोजी गई मछली का नाम 'ओबामा' रखा गया है। यह मछली किस महासागरीय क्षेत्र में पायी जाती है?

(a) प्रशांत महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) हिन्द महासागर (d) आर्कटिक महासागर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 सितंबर, 2016 को नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों द्वारा क्यूरे एटॉल (Kure Atole) प्रवाल द्वीप में खोजी गई नई प्रजाति की मछली का नाम अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के नाम पर 'ओबामा' रखने का फैसला किया गया।
- यह फैसला ओबामा द्वारा हवाई के संरक्षित तटीय क्षेत्र का दायरा 4 गुना बढ़ाने के निर्णय से खुश होकर किया गया है।
- यह मैरून और सुनहरे रंग की मछली प्रशांत महासागर के क्यूरे एटॉल प्रवाल द्वीप के समीप समुद्र में 300 फीट की गहराई में पायी गयी थी।
- इस प्रजाति की खोज जून, 2016 में इस क्षेत्र में एक शोध यात्रा के दौरान हुई थी।
- इस संरक्षित क्षेत्र में 7 हजार से अधिक प्रजातियां पायी जाती हैं।
- वर्तमान में यह विश्व का सबसे बड़ा संरक्षित समुद्री क्षेत्र है।
- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व वर्ष, 2012 में टेनेसी नदी के मीठे जल में एक्वा और नारंगी रंग की धब्बेदार पाई गई मछली का नाम एथियोस्टोमा ओबामा (Etheostoma Obama) रखा गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://news.nationalgeographic.com/2016/09/new-midway-hawaii-fish-named-obama/
http://edition.cnn.com/2016/09/02/politics/fish-named-after-obama/
http://naidunia.jagran.com/world-a-reel-honor-scientists-name-new-fish-after-obama-810526

बराक-8 मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में भारत ने लम्बी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (LRSM) बराक-8 का कहां सफल परीक्षण किया?

(a) कोच्चि, केरल (b) चांदीपुर, ओडिशा

(c) चेन्नई, तमिलनाडु (d) विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को भारत ने लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (Long Range Surface to Air Missile: LRSM) बराक-8 का ओडिशा तट के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) चांदीपुर में सफल परीक्षण किया। इसका विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) तथा इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (I.A.I.) द्वारा संयुक्तरूप से किया गया। भारत में इसका निर्माण भारत डायनामिक्स लिमिटेड (BDL) द्वारा किया गया है। बराक-8 मिसाइल में मल्टी फंक्शन सर्वि लांसऔर थ्रेट अलर्ट रडार (MF-STAR) भी है, जिसके जरिए मिसाइल का पता लगाया जा सकता है और मिसाइल का निर्देशन किया जा सकता है। यह मिसाइल 70-100 किमी. तक मार कर सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/india-sucessfully-testfires-surfacetoair-missile/article9127725.ece?w=alauto
https://sputniknews.com/military/20160920/1045495557/india-barak-8-test.html

एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) से मुक्त देश

प्रश्न-अभी हाल ही में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा किस तिथि से भारत को एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) से मुक्तघोषित किया गया है?

(a) 5 सितंबर, 2016 (b) 6 सितंबर, 2016

(c) 7 सितंबर, 2016 (d) 8 सितंबर, 2016

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग द्वारा 5 सितंबर, 2016 से भारत को एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) से मुक्तघोषित किया गया।
- 9 मई, 2016 को कर्नाटक के बीदर जिले में स्थित हमनाबाद में अंतिम बार एवियन इन्फ्लूएंजा के फैलने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस बीमारी की चपेट में आए स्थान के आस-पास के एक किलोमीटर के क्षेत्र में इसे नियंत्रित करने हेतु निम्न उपाय किए गए:-

(i) अंडे, चारा, कूड़े और अन्य संक्रमित सामग्री को नष्ट करने सहित सभी पोल्ट्री को समाप्त करने, बीमारी की चपेट में आए स्थान से पोल्ट्री और पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पर रोक।

- इसके लिए 6 जून, 2016 से पोस्ट ऑपरेशन निगरानी योजना प्रारंभ की गयी। ऑपरेशन पूरा होने के उपरांत बीमारी की चपेट में आए स्थान के आस-पास वाले स्थानों पर (मारना, संक्रमण मुक्त करना और सफाई) पर विशेष ध्यान दिया गया। निगरानी के पश्चात राज्य में एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) का कोई प्रमाण नहीं प्राप्त हुआ। केंद्र द्वारा राज्यों के प्रधान सचिवों को विशेषकर संकमित देशों की सीमा से सटे इलाकों तथा प्रवासी पक्षियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में निगरानी जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि एवियन इन्फ्लूएंजा एक विषाणु जनित रोग है। यह विषाणु सामान्यतः पक्षियों में पाया जाता है। एवियन इन्फ्लूएंजा (H5N1) को समान्य भाषा में बर्ड फ्लू कहा जाता है। इस बीमारी का पहला लक्षण 1997 में हांग-कांग में पाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149767

नासा का पहला क्षुद्रग्रह मिशन लांच

प्रश्न-अभी हाल ही में नासा द्वारा फ्लोरिडा के केप केनवरल एयर फोर्स स्टेशन से किस अंतरिक्ष यान को एटलस वी राकेट से क्षुद्रग्रह 101,255 (बेनू) पर नमूने एकत्रित करने के लिए प्रक्षेपित किया गया है?

(a) अटलांटिस (b) ओसीरिस-रेक्स (c) न्यू होराइजन (d) केपलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA-National Aeronautics and Space Administration) द्वारा फ्लोरिडा के केप केनवरल एयरफोर्स स्टेशन से अंतरिक्ष यान ओसीरिस-रेक्स (OSIRIS-REx) को एटलस की रॉकेट से क्षुद्रग्रह 101,955 (बेनू) पर नमूने एकत्रित करने हेतु प्रक्षेपित किया गया। यह नासा का पहला क्षुद्रग्रह मिशन है।
- इस मिशन का उद्देश्य क्षुद्रग्रह पर वातावरण और उसकी बनावट के विषय में सटीक जानकारियां एकत्रित करना है। अंतरिक्ष यान अपने रोबोटिक आर्म की मदद से क्षुद्रग्रह की सतह पर चट्टानों और खनिज तत्वों के नमूने एकत्रित करेगा। यह अगस्त, 2018 तक क्षुद्रग्रह पर पहुंचेगा। इसका निर्माण डेनवर में 'लॉकहीड' मार्टिन कंपनी द्वारा किया गया है। वर्ष 2021 में यान पृथ्वी की ओर अपनी वापसी यात्रा का प्रारंभ करेगा और सितंबर, 2023 तक वापस आ जायेगा। इसकी लांचिंगऔर वापसी की गिनती प्रबंधन की जिम्मेदारी फ्लोरिडा में स्थित केनेडी स्पेस सेंटर को प्रदान की गयी थी। इस यान द्वारा लाए गए नमूनों का परिक्षण ह्यूस्टन स्थित नासा के जॉनसन स्पेश सेंटर में किया जायेगा।
- उल्लेखनीय है कि ओसीरिस-रेक्स नासा की नई सीमाओं कार्य क्रमका तीसरा मिशन है।

- 101,955 (बेन्नू) अपोलो समूहमें एक कारबोनकेयस क्षुद्रग्रह है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.nasa.gov/press-release/nasa-s-osiris-rex-speeds-toward-asteroid-rendezvous
http://www.asteroidmission.org/mission/

अंतरिक्ष में पहली बार डीएनए (जीनोम) का अनुक्रमतय

प्रश्न-अभी हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा पहली बार अंतरिक्ष में सफलतापूर्व कजीनोम का अनुक्रमतय किया गयाहै?



(a) इसरो (b) नासा (c) ईएसए (d) सीएनएसए

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त, 2016 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA-National Aeronautics and Space Administration) द्वारा पहली बार अंतरिक्ष में सफलतापूर्व क्डीएनए (जीनोम) का अनुक्रमतय किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा इस शोध को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS-International space station) पर पूरा किया गया। इसे अंतरिक्ष यात्री केट रूबिं सद्वारा नासा के बायोमॉलीक्यूल सिक्वेंसर प्रयोग के तहत बहुत कम गुरूत्व वाले क्षेत्र में किया गया, इस प्रकार अंतरिक्ष में डीएनए का अनुक्रम पहली बार तय किया गया। इस पोर्टेबल सिक्वेंसर को मिनिओन (MinIon) कहा जाता है, जिसे ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड नैनोपूरेटेक्नोलॉजीज (Oxford Nanopore Technologies) द्वारा विकसित किया गया है।
- इससे चिकित्सा क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुलने की संभावना है। इसके माध्यम से अंतरिक्ष में यात्रियों के बीमार पड़ने के कारणों का पता लगाया जा सकेगा तथा उन पर बीमारी का क्या खतरा है या नहीं, इसका भी पता किया जा सकता है। इसके अतरिक्त आईएसएस पर रोग के कारण, रोगाणुओं की भी पहचान की जा सकती है।

संबंधित लिंकभी देखें...

https://www.nasa.gov/mission_pages/station/research/news/dna_sequencing

मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीआर का सफल प्रक्षेपण

प्रश्न-8 सितंबर, 2016 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधानसंगठन (ISRO) ने भारत के अत्याधुनिक मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीआर का किस यान से सफल प्रक्षेपण किया?

(a) GSLV-FO6 (b) GSLV-FO5 (c) GSLV-6 D (d) GSLV-5D

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से भारत के अत्याधुनिक मौसम उपग्रह

'इनसैट-3डी आर (INSAT-3DR) का जीएसएलवी-एफ 05 (GSLV-FO5) यान से सफल प्रक्षेपण किया गया। यह जीएसएलवी की 10वीं उड़ान थी। यह चौथा अवसर है जब इसरो द्वारा विकसित स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन संलग्न जीएसएलवी का सफल प्रयोग किया गया। जीएसएलवी-एफ 05 की उड़ान में देश में बनाये गये क्रायोजेनिक अपर स्टेज इंजन का इस्तेमाल किया गया है।

- क्रायोजेनिक अपर स्टेज का इस्तेमाल करने वाली GSLV की ये पहली ऑपरेशनल उड़ान है।
- क्रायोजेनिक अपर स्टेज (CUS) का इस्तेमाल करने वाली जीएसएलवी की ये तीसरी उड़ान है। इससे पूर्व जनवरी, 2014 में तथा अगस्त, 2015 में क्रमशः GSLV-D5 तथा GSLV-D6 में इसका सफल प्रयोग हो चुका है। प्रक्षेपण के लगभग 17 मिनट पश्चात जीएसएलवी-एफ 05 ने 2211 किग्रा. वजनी इनसैट-3डीआर को निर्धारित 'भू-तुल्यकालिक अंतरण कक्षा' (GTO: Geosynchronous Transfer Orbit) में स्थापित कर दिया। इनसैट-3डीआर के भू-स्थिर अंतरण कक्षा में स्थापित हो जाने के पश्चात, इसरो की कर्नाटक के हासन स्थित 'मुख्य नियंत्रण सुविधा' (MCF) केंद्र ने इसका नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।
- इनसैट-3डीआर इसरो द्वारा विकसित देश का चौथा मौसम उपग्रह है।
- इससे पूर्व वर्ष 2002 में कल्पना-1, वर्ष 2003 में इनसैट-3ए और वर्ष 2013 में इनसैट-3डी लांच हो चुके हैं। इस अत्याधुनिक मौसम उपग्रह से देश में मौसम संबंधी सेवाओं का और विस्तार हो सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.isro.gov.in/hi/update/08-sep-2016/gslv-successfully-launches-india%E2%80%99s-weather-satellite-insat-3dr

स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर का सफल परीक्षण

प्रश्न-हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने कब स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (LUH) का सफल परीक्षण किया?

(a) 7 सितंबर, 2016 (b) 8 सितंबर, 2016 (c) 6 सितंबर, 2016 (d) 9 सितंबर, 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा स्वदेशी लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (LUH) का बंगलुरू में सफल तकनीकी उड़ान परीक्षण किया गया। यह एचएएल के द्वारा बनाया गया तीसरा स्वदेशी हेलीकॉप्टर है। इससे पूर्व एचएएल एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) तथा लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (LCH) विकसित कर चुका है। इस हेलीकॉप्टर (LUH) का अधिकतम वजन (All-Up-Weight) 3150 किग्रा. है। इसमें 2 पायलट सहित 6 यात्री बैठ सकते हैं। यह हेलीकॉप्टर टोही, परिवहन माल-वाहक तथा बचाव कार्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस हेलीकॉप्टर को समुद्र के स्तर से तथा हिमालय की ऊंचाई से संचालित किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.hal-india.com/HAL%20Conducts%20Te/ND__174

खेल परिदृश्य

क्रिकेट

दलीप ट्रॉफी, 2016

प्रश्न-हाल ही में संपन्न हुई दलीप ट्रॉफी 2016-17 का खिताब निम्न में से किस टीम ने हासिल किया?

(a) इंडिया रेड (b) इंडिया ग्रीन (c) इंडिया ब्लू (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर 2016 को प्रथम श्रेणी क्रिकेट की घरेलू प्रतियोगिता दलीप ट्रॉफी ग्रेटर नोएडा में संपन्न हुई।
- दलीप ट्रॉफी के इतिहास में यह प्रथम अवसर था जब यह प्रतियोगिता गुलाबी गेंद से दिन-रात के प्रारूप में खेली गई। 10 सितंबर, 2016 को खेले गए फाइनल मुकाबले में इंडिया ब्लू ने इंडिया रेड को 355 रनों से पराजित कर दलीप ट्रॉफी 2016 का खिताब जीत लिया।
- इंडिया ब्लू के कप्तान गौतम गंभीर एवं इंडिया रेड के कप्तान युवराज सिंह थे।
- फाइनल का 'मैन ऑफ द मैच' चेतेश्वर पुजारा (इंडिया ब्लू), दलीप ट्रॉफी से संबंधित कुछ अन्य महत्वपूर्ण तथ्य- सर्वाधिक रन-चेतेश्वर पुजारा (इंडिया ब्लू), सर्वाधिक विकेट-कुलदीप यादव (इंडिया रेड), सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर-चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 256 रन), शृंखला में सर्वाधिक छक्के-शेल्डन जैक्सन (इंडिया ब्लू, 12 छक्के)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bcci.tv/duleep-trophy-knock-out-2016-17/overview

टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड

प्रश्न-टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में सर्वोच्च टीम स्कोर निम्न में से किस टीम के नाम है?

(a) भारत (b) श्रीलंका

(c) ऑस्ट्रेलिया (d) इंग्लैंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जुलाई से 9 सितंबर, 2016 के मध्य ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम श्रीलंका के दौरे पर रही। इस दौरान दोनों देशों के मध्य 3 टेस्ट, 5 एकदिवसीय एवं 2 टी-20 मैचों की शृंखला खेली गई।

- 3 मैचों की टेस्ट शृंखला श्रीलंका ने 3-0 से जीत ली एवं 5 मैचों की एकदिवसीय शृंखला को ऑस्ट्रेलिया 4-1 से जीतने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने 2 टी20 मैचों की शृंखला 2-0 से जीती।
- 6 सितंबर, 2016 के पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए प्रथम टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वोच्च टीम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।
- श्रीलंकाई क्रिकेट टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 178 रन ही बना पाई एवं 85 रनों से पराजित हुई।
- उल्लेखनीय है कि इसी मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने 65 गेंदों पर नाबाद 145 रन बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक व्यक्तिगत रन बनाने वालों की सूची में द्वितीय स्थान भी प्राप्त कर लिया।
- पूर्व में सर्वाधिक टीम स्कोर का यह रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था जिसने वर्ष 2007 में केन्या के विरुद्ध 6 विकेट पर 260 रन बनाए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://stats.espncricinfo.com/ci/content/records/283218.html
http://www.espncricinfo.com/sri-lanka-v-australia-2016/content/story/1055873.html

एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर का रिकॉर्ड

प्रश्न-एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर का रिकॉर्ड किसके नाम है?

(a) भारत (b) श्रीलंका (c) इंग्लैंड (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- पाकिस्तान और इंग्लैंड के मध्य वनडे सिरीज का तीसरा मैच नोटिंघम में 30 अगस्त, 2016 को संपन्न हुआ।
- इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 444 रन बनाकर पाकिस्तान को 169 रन से पराजित करते हुए एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक टीम स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- इससे पूर्व एकदिवसीय मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था, जिसने वर्ष 2006 में नीदरलैंड के खिलाफ 443 रन बनाए थे।
- इसी मैच में इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स 122 गेंदों पर 171 बनाकर इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://www.bbc.com/sport/cricket/37225767
http://www.espncricinfo.com/england-v-pakistan-2016/content/story/1052783.html
http://stats.espncricinfo.com/ci/content/records/211599.html

हॉकी

अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप

प्रश्न-90 वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का विजेता कौन रहा?

(a) कर्नाटक हॉकी (b) पंजाब एवं सिंधबैंक

(c) रेलवे हॉकी (d) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 से 11 सितंबर, 2016 के मध्य अखिल भारतीय एमसीसी मुरुगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट के 90 वें संस्करण का आयोजन चेन्नई में संपन्न हुआ।
- भारतीय रेलवे की पुरुष हॉकी टीम ने फाइनल मैच में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को 2-1 से पराजित कर पहली बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता।
- फाइनल का 'मैन ऑफ द मैच' रेलवे हॉकी टीम के खिलाड़ी मलक सिंह को प्रदान किया गया।
- प्रतियोगिता में प्रदत्त कुछ अन्य पुरस्कार हैं-
- बेस्ट फॉरवर्ड-अफ्फान यूसुफ(रेलवे)
- बेस्ट मिडफील्डर-अमित रोहिदास (रेलवे)
- बेस्ट गोलकीपर-जुगराज सिंह(रेलवे)
- मोस्ट प्रॉमिशिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट-जोशुआ बेंदकी (तमिलनाडु हॉकी यूनिट)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149760
http://www.murugappa.com/indian-railways-champion-90th-mcc-murugapa-gold-cup-hockey-tournament/

बैडमिंटन

ब्राजील ओपन ग्रैंड प्रिक्स

प्रश्न- ब्राजील ओपन ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन प्रतियोगिता, 2016 के युगलवर्ग का खिताब किसने जीता?

(a)प्रणव जेरी चोपड़ा एवं एन. सिक्की रेड्डी (b)तोबा एनजी एवं रोचल होंडरिच

(c)माइकल फुच्स एवं फेबियन होल्जर (d)जोन्स राल्फी जानसेन एवं जॉश जुरवोन्ने

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त से 4 सितंबर 2016 के मध्य फोज डो इगुअकु (ब्राजील) में संपन्न।
- पुरुष एकल- विजेता-जुलफदली जुलकिफली (मलेशिया), उपविजेता-आनंद पवार (भारत)
- महिला एकल- विजेता-बीटरिज कोर्रालेस (स्पेन), उपविजेता-ऐरी मिक्केला (फिनलैंड)
- पुरुष युगल- विजेता-माइकल फुच्स एवं फेबियन होल्जर (दोनों जर्मनी), उपविजेता- जोन्स राल्फी जानसेन एवं जॉश जुरवोन्ने (दोनों जर्मनी),
- मिश्रित युगल- विजेता-प्रणव जेरी चोपड़ा एवं एन.सिक्की रेड्डी (दोनों भारत), उपविजेता-तोबी एनजी एवं राचेल होंडरिच (दोनों कनाडा)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/winners.aspx?id=1216C8C8-3AFE-48F9-BCDE-685A2841A4CD

फॉर्मूला वन

इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2016

प्रश्न-हाल ही में संपन्न हुई इटैलियन ग्रैंड प्रिक्स फॉर्मूला वन रेस का खिताब निम्न में से किसने जीता?

(a)लुईस हैमिल्टन (b)सेबेस्टियन वेट्टल (c)रोमैन ग्रास जीन (d)निको रॉसबर्ग

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

फॉर्मूला वन सत्र 2016 की चौदहवीं रेस का आयोजन 2 से 4 सितंबर 2016 के मध्य मोंजा (इटली) में संपन्न हुआ। इस रेस का खिताब मर्सिडीज टीम के जर्मन चालक निको रॉसबर्ग ने जीत लिया। उल्लेखनीय है कि अब तक संपन्न चौदह रेसों में से निको रॉसबर्ग ने सर्वाधिक 7 रेसों में विजय प्राप्त की है।

खेल विविध

कबड्डी विश्व कप 2016 के लोगो का अनावरण

प्र. हाल ही में जारी किए गए कबड्डी विश्व कप -2016 के लोगो में किसे प्रदर्शित किया गया है?

(a)एशियाई भालू (b)एशियाई शेर (c)एशियाई सफेद हाथी (d)इनमें से कोई नहीं

उत्तर – (b)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) अध्यक्ष जनार्दन सिंह गहलोत ने कबड्डी विश्व कप 2016 के लोगो का अनावरण किया (16 सितंबर, 2016) ।
- कबड्डी विश्व कप 2016 के लोगो में गुजरात की प्राकृतिक धरोहर कहे जाने वाले एशियाई शेर को स्थान दिया गया है जो कि कबड्डी के खले में डिफेंडर्स की उग्रता एवं रेडर की फुर्ती को प्रदर्शित करता है।
- उल्लेखनीय है कि 7 से 22 अक्टूबर, 2016 के मध्य संपन्नहोने वाला कबड्डी विश्व कप 2016 की मेजबानी भारत करेगा।
- यह विश्व कप अहमदाबाद, गुजरात में संपन्न होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.sportskeeda.com/kabaddi/2016-kabaddi-world-cup-schedule-announced-india-face-tough-start

9वीं एशियाई वुशु चैंपियनशिप

प्रश्न-9वीं एशियाई वुशु चैंपियनशिप का आयोजन कहां किया गया?

(a) ताईवान (b) भारत (c) श्रीलंका (d) थाइलैंड

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 से 5 सितंबर 2016 के मध्य ताओयुआन (ताईवान) में संपन्न। भारतीय वुशु टीम ने चार रजत एवं पांच कांस्य सहित कुल नौ पदक प्राप्त किए। भारतीय पदक विजेता- रजत पदक – एल. बुद्धाचंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, राजिंदर सिंह, के.अरूनपमा देवी, कांस्य पदक-वाई सनाथोई देवी, पूजा कादियान, विशाखा मलिक, रजनी देवरी, उचित शर्मा। इस प्रतियोगिता में चीन सर्वाधिक पदक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पर रहा। वुशु मार्शलआर्ट का एक रूप है जिसका उद्भव एवं विकास चीन में हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://eng.9th-awc2016.org.tw/
http://www.sportskeeda.com/wushu/india-wins-9-medals-at-the-asian-wushu-championships

चर्चित खेल व्यक्तित्व

विराट कोहली

प्रश्न- विराट कोहली को सार्व जनिकक्षेत्र के किस बैंक ने अपना ब्रैंड एम्बे सडर नियु क्तकिया?

(a) देना बैंक (b) विजया बैंक (c) भारतीय स्टेट बैंक (d) पंजाब नेशनल बैंक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 17 सितंबर, 2016 को सार्व जनिकक्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंकने भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को अपना ब्रैंड एम्बे सडर नियु क्त किया।

अंजु म चोपड़ा

प्रश्न-मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की मानद आजीवन सदस्यता प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी कौन बनी?

(a) मिताली राज (b) झूलन गोस्वामी (c) अंजु म चोपड़ा (d) हरमनप्रीत कौर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजु मचोपड़ा को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एम सीसी) की मानद आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वाली अंजु म प्रथम भारतीय महिला क्रिकेटर हैं

शाहान अली मोहसिन

प्रश्न-हाल ही में निम्न में से किसने एशियन कार्टिं गचैंपियनशिप का खिताब जीता?

(a) हेडन हैकाल (b) ऑस्कर एनजी (c) शाहान अली मोहसिन (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- रोटेक्स मैक्स चैलेंज एशिया सीरीज का फाइनल राउंड सेपांग (मलेशिया) में संपन्नहुआ (3 से 4 सितंबर 2016)। भारतीय रेसर शाहान अली मोहसिन ने इस चैंपियनशिप के माइक्रोमेक्स श्रेणी में भाग लिया।
- फाइनल राउंड में मोहसिन को तृ तीयस्थान लिया। ओवरऑल अंकों के आधार पर शाहान अली मोहसिन सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चैंपियनशिपका खिताब जीतने में सफल हुए। शाहान यह चैंपियनशिपजीतने वाले भारत के प्रथम रेसर बने।

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

शिमोन पेरेज

प्रश्न-हाल ही में शिमोन पेरेज का निधन हो गया। वह किस देश के पूर्व राष्ट्रपति थे?

(a) उज्बेकिस्तान (b) वेनेजुएला (c) इस्त्राइल (d) फिलीस्तीन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 28 सितंबर 2016 को इस्त्राइल के पूर्व राष्ट्रपति शिमोन पेरेज (Shimon Peres) का निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। वह इस्त्राइली संसद 'क्नसेट' (Knesset) के लिए पहली बार वर्ष 1959 में चुने गए थे।
- वह दो बार इस्त्राइल के अंतरिम प्रधानमंत्री बने।
- वह वर्ष 2007 में इस्त्राइल के 9वें राष्ट्रपति चुने गए थे।
- उन्होंने वर्ष 1993 में इस्त्राइल और फिलिस्तीनियों के बीच हुई 'ओस्लो संधि' में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें वर्ष 1994 में यित्झाक राबिन तथा यासिर अराफात के साथ संयुक्तरूप से नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55374
http://www.dw.com/hi/former-israeli-president-shimon-peres-dies/a-35911870

जिम यांग किम

प्रश्न-हाल ही में जिम यांग किम संयुक्तराष्ट्र के किस महत्वपूर्ण संगठन के दूसरे कार्य काल हेतु अध्यक्ष पद पर पुनर्निर्युक्त हुए?

(a) विश्व व्यापार संगठन (b) विश्व बैंक (c) अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर 2016 को विश्व बैंक के निदेशकों द्वारा वर्तमान अध्यक्ष जिम यांग किम (Jim Yong Kim) विश्व बैंक के अध्यक्ष पद पर दूसरे कार्य काल हेतु

पुनर्नियुक्तहुए।

- इस पद पर उनका कार्य काल1 जुलाई, 2017 से प्रारंभ होगा। उनका कार्य कालअगले 5 वर्षों तक होगा।
- दक्षिण कोरिया मूल के अमेरिकी चिकित्सक जिम यांग किम वर्ष 2012 में 'विश्व बैंक' के अध्यक्ष चुने गए थे। उल्लेखनीय है कि विश्व बैंककी स्थापना वर्ष 1944 में हुईथी। इसका मुख्यालयवाशिंगटन डी.सी. में है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.worldbank.org/en/news/press-release/2016/09/27/jim-yong-kim-unanimously-reappointed-to-second-term-as-world-bank-group-president

यशवर्धन कुमार सिन्हा

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा (IFS) के वरिष्ठ अधिकारी यशवर्धनकुमार सिन्हा को किस देश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्तकिया गया?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) यूनाइटेड किंगडम (c) श्रीलंका (d) बांग्लादेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर, 2016 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय विदेश सेवा (IFS) के वरिष्ठअधिकारी यशवर्धनकुमार सिन्हा को यूनाईटेड किंगडम (UK) में भारत का अगला उच्चायुक्त (High Commissioner) नियुक्तकिया गया। वर्तमानमें वह श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त हैं।
- वह वर्ष 1981 बैच के आईएफएस अधिकार हैं। इस पद पर वह नवतेजसरना का स्थान लेंगे जो अमेरिका में भारत के अगले राजदूत नियुक्तहुए।

संबंधित लिंकभी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/27440/Yashvardhan+Kumar+Sinha+appointed+as+the+next+High+Commissioner+of+India+to+the+United+Kingdom

क्यूबा में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति

प्रश्न-हाल ही में अमेरिकीराष्ट्रपति बराक ओबामा ने किसे क्यूबा में पचास वर्ष पश्चात पहलाअमेरिकी राजदूत नियुक्तकिया?

(a) रिचर्ड राहुल वर्मा (b) रिचर्ड निक्सन (c) जेफ्री डेलॉरेन्टिस (d) जॉन शोर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर, 2016 को अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने वरिष्ठराजनयिक जेफ्री डेलॉरेन्टिस (Jeffrey Delaurontis) को पांच दशक बाद क्यूबा में पहलाअमेरिकी राजदूत नियुक्तकिया।

- अभी अमेरिकी सीनेट द्वारा से इस नियुक्ति की पुष्टि किया जाना है।
- उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने जुलाई, 2015 में क्यूबा के साथ राजनयिक संबंध स्थापित कर दूतावास खोला था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://havana.usembassy.gov/ambassador.html

सीआईएसएफ के नये महानिदेशक

प्रश्न-हाल ही में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने किसकी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के महानिदेशक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की?

(a) सुधीर प्रताप सिंह (b) आर.के. पचनंदा (c) ओ.पी. सिंह (d) पी.सी. ठाकुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर 2016 को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ओ.पी. सिंह को 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल' (CISF) के नये महानिदेशक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वह वर्ष 1983 बैच के उ.प्र. कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वह वर्तमान में एडीजी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) हैं।
- इस पद पर इनका कार्य काल 31 जनवरी, 2020 तक होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151110

एनएसजी के नये महानिदेशक

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे 'राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड' (NSG) का महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) पी.सी. ठाकुर (b) प्रकाश मिश्रा (c) ओ.पी. सिंह (d) सुधीर प्रताप सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर 2016 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का महानिदेशक नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1983 बैच के राजस्थान कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में एडीजी, सीआरपीएफ के पद पर कार्य रत हैं। इस पद पर इनका कार्य काल 31 जनवरी, 2018 तक रहेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55335
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151110
http://mha1.nic.in/pdfs/ApptDGCISF_230916.PDF

एनडीआरएफ के नये महानिदेशक

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे 'राष्ट्रीय आपदा राहत बल' (NDRF) का महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) आर.के. पचनंदा (b) पी.सी. ठाकुर (c) ओ.पी. सिंह (d) सुधीर प्रताप सिंह

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर, 2016 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस आधिकारी आर.के. पचनंदा को 'राष्ट्रीय आपदा राहत बल' (NDRF) का महानिदेशक नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1983 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में एडीजी, सीआईएसएफ के पद पर कार्यरत हैं। इस पद पर उनका कार्यकाल 31 जनवरी, 2018 तक होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55335

अरुण गोयल

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरुण गोयल को किस पद पर नियुक्त किया?

(a) सदस्य, रेलवे बोर्ड (b) अतिरिक्त सचिव, जीएसटी परिषद

(c) अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग (d) सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 सितंबर, 2016 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरुण गोयल को वस्तु एवं सेवाकर परिषद में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया।
- वह वर्ष 1985 बैच के संघ शासित प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह कैबिनेट सचिवालय में परियोजना निगरानी समूह में अतिरिक्त सचिव के तौर पर कार्यरत हैं।
- गौरतलब है कि केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली जीएसटी परिषद के अध्यक्ष हैं।
- 23 सितंबर, 2016 को जीएसटी परिषद की प्रथम बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई थी। बैठक में केंद्र और राज्यों के बीच 20 लाख रुपये वार्षिक टर्नओवर पर जीएसटी में छूट सीमा पर सहमति बनी।
- ऐसे में किसी कंपनी का वार्षिक टर्नओवर 20 लाख रुपये से ज्यादा होगा तो उस पर जीएसटी लागू होगा, जबकि 20 लाख रुपये से कम टर्नओवर होने पर जीएसटी लागू नहीं होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55321
http://www.ptinews.com/news/7904428_Arun-Goyal-appointed-Addl-Secretary-GST-Council.html
http://navbharattimes.indiatimes.com/business/business-news/arun-goyal-appointed-addl-secretary-gst-council/articleshow/54497555.cms

मार्क जुकरबर्ग

प्रश्न-अभी हाल ही में फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और उनकी पत्नी प्रिसिला चान द्वारा विश्व में रोगों की रोकथाम एवं शोध कार्यो हेतु आगामी एक दशक में कितनी धनराशि निवेशकरने की घोषणा की गयी है?

(a) 5 बिलियन अमेरिकीडॉलर (b) 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर

(c) 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर (d) 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर 2016 को फेसबुकके मार्क जुकरबर्ग और उनकी पत्नी प्रिसिला चान द्वारा विश्व में रोगों की रोकथाम और शोध कार्यों हेतु आगामी एक दशक में 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 20 हजार करोड़ रुपये) निवेशकरने की घोषणा की गई।
- यह घोषणा यूनिवर्सिटीऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रांसिस्को में आयोजित एक कार्यक्रमके दौरान की गयी। इस मिशन की शुरुआत सैन फ्रांसिस्को में स्थित शोध केंद्र चान जुकरबर्ग बायोहब में 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेशके साथ की गयी।
- इस शोध केंद्र की तीन विश्वविद्यालयों स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, यूसी बर्कले विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के साथ संयुक्तसाझेदारी है। प्रिसिला चान के अनुसारइस पहल से बच्चों में सभी रोगों से बचाव हेतु बेहतर प्रबंधन स्थापित किया जाएगा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.nytimes.com/2016/09/22/technology/mark-zuckerberg-priscilla-chan-3-billion-pledge-fight-disease.html?_r=0

नवतेज सरना

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा (IFS) के वरिष्ठ अधिकारी नवतेजसरनाको किस देश में भारत का अगला राजदूत नियुक्तकिया गया ?

(a) वेनेजुएला (b) इस्राइल (c) अमेरिका (d) दक्षिण अफ्रीका

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 सितंबर 2016 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय विदेश सेवा (IFS) के वरिष्ठ अधिकारी नवतेजसरना को अमेरिका में भारत का अगला राजदूत नियुक्तकिया गया।
- वह वर्तमानमें ब्रिटेन के उच्चायुक्त हैं। ये वर्ष 1980 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। इस पद पर वह अरुण कुमार सिंह का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.livehindustan.com/news/national/article1-navtej-sarna-appointed-indian-ambassador-to-the-us-564412.html

आनंदी रामालिंगम

प्रश्न-हाल ही में आनंदी रामालिंगम ने सार्व जनिकक्षेत्र के किस उपक्रम की पहली महिला निदेशक के रूप में कार्य भारग्रहण किया?

(a) हिंदुस्तानएयरोनॉटिक्स लि. (NAL) (b) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (BEL)
(c) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि. (BHEL) (d) गेल इंडिया लि.

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 सितंबर, 2016 को आनंदी रामालिंगम ने सार्व जनिकक्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) की पहली महिला निदेशक (मार्केटिंग) के रूप में नियुक्त किया गया।
- इससे पूर्व वह बीईएल के बंगलुरू कांम्पलेक्स स्थित 'सैन्य संचार सामरिक व्यापार इकाई' (Military Communication Strategic Business Unit: SBU) की महाप्रबंधक थीं।
- बीईएल की स्थापना भारत सरकार द्वारा भारतीय रक्षा सेवाओं की विशिष्टीकृत इलेक्ट्रॉनिक आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु वर्ष 1954 में रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्व जनिकक्षेत्र के उपक्रम (PSU) के रूप में की गई थी।
- भारत सरकार द्वारा इसे वर्ष 2007 में नवरत्न का दर्जा प्रदान किया गया।
- यह भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तहत 9 सार्व जनिकक्षेत्र के उपक्रमों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/anandi-ramalingam-assumes-charge-as-bel-s-marketing-director/business-economy/news/628637.html

रवि रेड्डी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के किस देश के नागरिक रवि रेड्डी को 'द इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन' (ISBT) का प्रमुख नियुक्त किया गया?

(a) अमेरिकी (b) जर्मनी (c) अफ्रीकी (d) कनाडाई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- सितंबर 2016 में भारतीय मूल के अफ्रीकी नागरिक रवि रेड्डी को एम्सटर्डम स्थित 'द इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांस फ्यूजन' (The International Society of Blood Transfusion: ISBT) का प्रमुख नियुक्त किया गया। वह अफ्रीकी महाद्वीप से इस पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति हैं।
- इससे पूर्व वह दक्षिण अफ्रीकी नेशनल ब्लड सेवा (SANBS) के मुख्य परिचालन अधिकारी थे।

- उल्लेखनीय है कि द इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांस फ्यूजन एक वैज्ञानिक सोसाइटी है जिसकी स्थापना वर्ष 1935 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.iol.co.za/capetimes/reddy-first-african-head-of-global-blood-service-2065646
http://www.who.int/biologicals/expert_committee/Ravi_Reddy_Biography_WHO.pdf

एडवर्ड एल्बी

प्रश्न-हाल ही में एडवर्ड एल्बी का निधन हो गया। वह थे-

(a) वैज्ञानिक (b) नाटककार (c) पत्रकार (d) राजनीतिज्ञ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर, 2016 को प्रसिद्ध अमेरिकी नाटककार एवं पुलित्जर पुरस्कार विजेता एडवर्ड एल्बी (Edward Elbee) का निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनके द्वारा लिखित कुछ प्रसिद्ध नाटकों में 'हू इज आफ्रेड ऑफ वर्जिनियावुल्फ' (Who's Afraid of Virginia Woolf), 'द जू स्टोरी', 'एडेलीकेट बैलेंस आदि शामिल हैं। उन्होंने ड्रामा के लिए तीन पुलित्जर पुरस्कार जीते हैं। उन्हें वर्ष 1967 में 'ए डेलिकेट बैलेंस के लिए पहला, वर्ष 1975 में 'सीस्केप' के लिए दूसरा तथा वर्ष 1994 में 'थ्री टॉल वीमेन' के लिए तीसरा पुलित्जर पुरस्कार मिला। उन्हें वर्ष 2005 में टोनी लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.nytimes.com/2016/09/17/arts/edward-albee-playwright-of-a-desperate-generation-dies-at-88.html?_r=0

संघ लोक सेवा आयोग की नये अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किसे संघ लोक सेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) दीपक गुप्ता (b) अलका सिरोही (c) विनय मित्तल (d) अमर प्रताप सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 सितंबर, 2016 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सदस्य अलका सिरोही को आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह 21 सितंबर, 2016 को पदभार ग्रहण करेंगी। वे इस पद पर दीपक गुप्ता का स्थान ग्रहण करेंगी। अलका सिरोही का कार्य काल 3 जनवरी, 2017 को समाप्त होगा। वह जनवरी, 2012 में आयोग की सदस्य बनी थीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150866

स्वच्छ भारत अभियान के प्रतीक व्यक्ति

प्रश्न-हाल ही केंद्र सरकार ने किसे 'स्वच्छ भारत अभियान' का प्रतीक व्यक्ति (शुभंकर) चुना?

(a) दीपा बाई (b) रमा बाई (c) कुंवरबाई (d) केवला बाई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 सितंबर 2016 को केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ की 105 वर्ष कुंवरबाई को 'स्वच्छ भारत अभियान' का प्रतीक व्यक्ति (शुभंकर) चुना। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कोटाभर्री गांव की रहने वाली कुंवईबाई ने अपनी बकरी बेचकर शौचालय बनवाया था। उनको देखकर गांव के लोगों ने भी शौचालय बनवाए।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.mid-day.com/articles/kunwar-bai-swachh-bharat-abhiyan-narendra-modi-goats-toilet-new-delhi/17612158

नादिया मुराद बसी ताहा

प्रश्न-हाल ही में ड्रग्स और अपराध पर संयुक्तराष्ट्र कार्यालय (UNODC) ने किसे मानव तस्करी से जीवित बचे लोगों की गरिमा के लिए सद्भावना दूत नियुक्तकिया?

(a) मलाला (b) नादिया मुराद बसी ताहा (c) सबीना (d) रेहाना

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर 2016 को ड्रग्स और अपराध पर संयुक्तराष्ट्र कार्यालय (UNODC) ने आईएस की यौन दासता से मुक्तईराक की नादिया मुराद बसी ताहा (Nadia Murad Basee Taha) को मानव तस्करी से जीवित बचे लोगों के गरिमा के लिए अपना सद्भावना दूत नियुक्तकिया। वह ईराक के यजीदी समुदाय के अधिकारों की भी मांग उठा रही हैं। नादिया को ईराक के उत्तरी शहर सिंजर के पास स्थित उनके गांव कोचो से अगस्त, 2014 में आईएस के नियंत्रण वाले मोसुल लाया गया था।
- वह आईएस आतंकियों की कैद में प्रताड़नाएं झेलने के बाद वहां से बच निकलने में सफल रहीं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.nadiamurad.org/blog/2016/9/15/media-advisory

वी. षमुगनाथन

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मेघालय के राज्यपाल वी.षमुगनाथन को किस राज्य के राज्यपाल के कार्यों के निर्वहनकरने के लिए नियुक्तकिया?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश (c) हरियाणा (d) मणिपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मेघालय के राज्यपाल वी. षमुगनाथन को अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के कार्यों का निर्वहनकरने के लिए नियुक्तकिया।
- वह इस पद पर जे.पी.राजखोवा का स्थान लेंगे जिन्हें राष्ट्रपति ने उनके पद से हटा दिया।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149731

श्रीलंका के नये वायुसेनाप्रमुख

प्रश्न-हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरीसेना ने किसे श्रीलंका का नया वायुसेनाप्रमुख नियुक्त किया?

(a) गगन बुलातसिंघला (b) दिलीप भंडार नायके (c) कपिला जयामपति (d) चरण सिंघला

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरीसेना ने एयर मार्शल कपिला जयामपति को श्रीलंका का नया वायुसेनाप्रमुख 'एयरफोर्स कमांडर' नियुक्तकिया। वे मार्च, 1982 में वायुसेनामें शामिल हुए थे। वे इस पद पर पूर्व कमांडर गगन बुलातसिंहलाका स्थान लेंगे।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.news.lk/news/sri-lanka/item/14455-kapila-jayampathy-new-air-force-commander
http://www.sundaytimes.lk/article/1008541/air-vice-marshal-kapila-jayampathy-appointed-new-commander-sri-lanka-air-force

स्वपन मुखर्जी

प्रश्न-हाल ही में स्वपन मुखर्जी का निधन हो गया। वह थे-

(a) पत्रकार (b) इतिहासकार (c) राजनीतिज्ञ (d) अभिनेता

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को सीपीआई-एमएल (लिबरेशन) के वरिष्ठ नेता स्वपन मुखर्जी का निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनका निधन डेराबस्सी (चंडीगढ़) में दिल का दौरा पड़ने से हुआ। वह पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ आये हुए थे। वह सीपीआई-एमएल (लिबरेशन) दिल्ली ओडिशा, पंजाब और महाराष्ट्र के प्रभारी थे।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/senior-cpiml-leader-swapan-mukherjee-passes-away/

विद्या बालन

प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन उ.प्र. की किस प्रमुख योजना की ब्रांड एम्बेसडर बनीं?

(a) आसरा योजना (b) लोहिया आवास योजना

(c) हौसला पोषण योजना (d) समाजवादी पेंशन योजना

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को प्रसिद्ध **बॉलीवुड** अभिनेत्री विद्या बालन उत्तर प्रदेश की प्रमुख पेंशन योजना 'समाजवादी पेंशन योजना' की ब्रांड एम्बेसडर बनीं।
- उल्लेखनीय है कि लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उ.प्र. सरकार ने वित्तीय वर्ष 2014-15 में इस योजना को प्रारंभ किया।
- इस योजना के तहत गरीब परिवारों को 500 रुपये प्रतिह की दर से पेंशन राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। योजना के अंतर्गत परिवार की महिला मुखिया को लाभार्थी बनाया जाता है।
- महिला मुखिया न होने की दशा में परिवार के पुरुष मुखिया को लाभार्थी बनाया जाता है।
- उ.प्र. सरकार ने इस योजना में लाभार्थियों की संख्या 45 लाख को बढ़ाकर 55 लाख किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://tactstorage.blob.core.windows.net/docnews/task-doc-84f8f46a-baff-45c8-bb1c-a5a022e6ba24.pdf

ओ.पी. कोहली

प्रश्न-हाल ही में गुजरात के राज्यपाल ओ.पी. कोहली ने किस राज्य के कार्य वाहक राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण किया?

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) ओडिशा (d) राजस्थान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को गुजरात के राज्यपाल ओ.पी. कोहली ने मध्य प्रदेश राज्य के कार्य वाहक राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण किया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्य वाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजेंद्र मेनन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस पद पर उन्होंने रामनरेश यादव का स्थान लिया जिनका कार्य काल 7 सितंबर, 2016 को समाप्त हो गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx
http://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/Gujarat-governor-OP-Kohli-assumes-office-as-acting-governor-in-Madhya-Pradesh/articleshow/54189276.cms

यूआईडीएआई के नये अंशकालिक अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे UIDAI का अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) जे. गोपालकृष्ण (b) जे. सत्यनारायण (c) राजेश जैन (d) डॉ. आनंददेशपांडे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) जे. सत्यनारायण को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) का अंशकालिक अध्यक्ष नियुक्त किया। जे. सत्यनारायण सेवानिवृत्ति से पहले वर्ष 2012 से 2014 तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव रह चुके हैं। राजनैतिक नेताओं और नीति निर्माताओं को ई-गवर्नेंस और इसकी अवधारणा का प्रशिक्षण देने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने आईटी उद्योग नेट कोर सोल्युशन (netCore Solutions) के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक (MD) राजेश जैन एवं पर्सि स्टेंटसिस्टम के संस्थापक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आनंददेशपांडे को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया।

संबंधित लिंक भी देखें

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149622

सी.के. असनानी

प्रश्न-हाल ही में सी.के. असनानी ने किस सार्व जनिकक्षेत्र के उपक्रम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया?

(a) न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (b)यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.

(c) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. (d)भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लि.

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 सितंबर, 2016 को सी.के. असनानी ने यूरेनियम पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (UCIL) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इस पद पर उन्होंने डी. अचार्य का स्थान ग्रहण किया। इससे पूर्व वह इंडियनरेयर अर्थ लि. (IREL) में निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्य रतथे। उल्लेखनीय है कि यूरेनियम कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की स्थापना 4 अक्टूबर, 1967 को हुआ। यह परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक सार्व जनिकक्षेत्र का उपक्रम है। दाबित भारी पानी रिएक्टरों (Pressurised Heavy Water Reactors) के लिए यूरेनियमकी आवश्यकता को पूरा करने में भारत के नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन कार्य क्रममें यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ucil.gov.in/pdf/news/CMD%20Asnanai.jpg

अशोक चावला

प्रश्न-हाल ही में पूर्व वित्त सचिव और द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट(TERI) के अध्यक्ष अशोक चावला को किस विश्वविद्यालय का कुलाधिपति (Chancellor) नियुक्त किया गया?

(a)हैदराबाद विश्वविद्यालय (b)दिल्ली विश्वविद्यालय
(c)जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (d)टेरी विश्वविद्यालय

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 अगस्त, 2016 को द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) ने पूर्व वित्त सचिव और टेरी के अध्यक्ष अशोक चावला को 'टेरी विश्वविद्यालय' का कुलाधिपति (Chancellor) नियुक्त किया।
- वह इस पद पर आर.के. पचौरी का स्थान लेंगे जिन्हें वर्ष 2015 में अपने महिला सहकर्मी के साथ दुर्व्यवहार का दोषी पाये जाने के कारण इस पद से हटा दिया गया था। अशोक चावला फरवरी, 2016 में टेरी के अध्यक्ष नियुक्त हुए थे। ज्ञातव्य है कि टेरी विश्वविद्यालय वर्ष 1998 में स्थापित किया गया था।
- जिसे एक डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में वर्ष 1999 में यूजीसी द्वारा मान्यता प्रदान की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.financialexpress.com/india-news/teri-inducts-3-new-members-in-its-governing-council/363181/

ऐश्वर्या आर. धनुष

प्रश्न-हाल ही में फिल्म निर्देशक और शास्त्रीय नृत्यांगना ऐश्वर्या आर. धनुष को यू.एन. वूमेन्सने कहां के लिए अपना सलाहकार नियुक्त किया?

(a)दक्षिण एशिया (b)भारत (c)दक्षिण-पूर्व एशिया (d)नेपाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 अगस्त, 2016 को यू.एन. वूमेन्स(UN Woman's) ने भारतीय फिल्म निर्देशिका और शास्त्रीय नृत्यांगना ऐश्वर्या आर. धनुष को भारत में लैंगिक समानता के लिए अपना सलाहकार नियुक्त किया।
- यू.एन. वूमेन्स संयुक्तराष्ट्र का एक संगठन है, जो कि लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। फिल्म निर्देशन के अतिरिक्त वह समाजसेवी कार्यों के साथ भी जुड़ी हैं।
- वह भारत में संयुक्तराष्ट्र के महिला संगठन के लिए लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://asiapacific.unwomen.org/en/news-and-events/stories/2016/08/aishwaryaa-rajinikanth-dhanush-announced-as-un-womens-advocate
https://twitter.com/UN_Women?ref_src=twsrc%5Etfw

रोजर ट्सिएन

प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध अमेरिकी नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक रोजर ट्सिएन (Roger Tsien) का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष रसायन शास्त्र में नोबेल पुरस्कार मिला था?

(a)वर्ष 2009 (b)वर्ष 2011 (c)वर्ष 2008 (d)वर्ष 2013

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 अगस्त, 2016 को प्रसिद्ध अमेरिकी नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक रोजर ट्सिएन (Roger Tsien) का निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे।
- वह यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन डियागो में रसायन शास्त्र और जैव-रसायन के प्रोफेसर थे।
- उन्हें वर्ष 2008 में जेलीफिश से प्राप्त हरे फ्लोरोसेंट प्रोटीन का शोधन के औजार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए ओसामू शिमोमुरा और मार्टिन चाल्फी के साथ रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला था।
- यह प्रोटीन मस्तिष्क की कोशिकाओं से लेकर बैक्टीरिया के संपर्क में आने पर चमक उठता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nobelprize.org/nobel_prizes/chemistry/laureates/2008/tsien-facts.html
http://www.sandiegouniontribune.com/news/2016/aug/31/roger-tsien-dies/

विभूति लहकर

प्रश्न-हाल ही में हेरिटेज हीरो 2016 पुरस्कार से सम्मानित विभूति लहकर किस राष्ट्रीय उद्यान से संबंधित हैं?

(a) मानस राष्ट्रीय उद्यान (b) नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान
(c) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (d) सतपुरा राष्ट्रीय उद्यान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- असम के इकोलॉजिस्ट एवं संरक्षणविद विभूति लहकर को 3 सितंबर, 2016 को हेरिटेज हीरो (पीपुल्स च्वाइस अवार्ड), 2016 चुना गया।
- यह सम्मान पाने वाले वे पहले एशियाई व्यक्ति हैं।
- विभूति लहकर वर्ष 1999 से मानस राष्ट्रीय उद्यान में संरक्षण कार्य कर रहे हैं। इनके कार्य की शुरुआत मानस राष्ट्रीय उद्यान के हरित क्षेत्र के प्रबंधन संबंधी शोध के दौरान हुई।
- उन्होंने सैकड़ों स्थानीय युवाओं को वन्यजीव निरीक्षण करना सिखाया और उन्हें पर्यटक गाइड बनने में मदद की।
- उल्लेखनीय है कि यह सम्मान इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेचर द्वारा दिया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iucn.org/news/meet-heritage-hero-voted-public-%E2%80%93-bibhuti-lahkar
https://www.iucn.org/theme/world-heritage/our-work/more-projects/bibhuti-lahkar

कश्मीरी लाल जाकिर

प्रश्न-हाल ही में कश्मीरी लाल जाकिर का निधन हो गया॥ वह थे-

(a) चित्रकार (b) वास्तुकार (c) कवि (d) इतिहासकार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 अगस्त, 2016 को प्रसिद्ध कवि, उपन्यासकार और लघुकथालेखक कश्मीरी लाल जाकिर का चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। उनका जन्म 7 अप्रैल 1999 को पाकिस्तान में हुआ था।
- उन्होंने उर्दू, हिंदी और पंजाबी में 125 से ज्यादा किताबें लिखीं जिसमें उपन्यास, लघु कथाएं और नाटक आदि शामिल हैं। वह हरियाणा उर्दू अकादमी के उपाध्यक्ष भी थे।
- इसके अलावा वह मानव संसाधन विकास मंत्रालय की साक्षरता सामग्री संवर्धनसमिति (LMPC) के अध्यक्ष भी रहे। उन्हें वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://klzakir.blogspot.in/

http://www.ptinews.com/news/7825082_Poet-Kashmiri-Lal-Zakir-passes-away.html

प्रियंका योशीकावा

प्रश्न-हाल ही में भारत से संबंध रखने वाली प्रियंका योशीकावा किस देश की 'मिस-2016' चुनी गईं?

(a) इंडोनेशिया (b) जापान (c) मलेशिया (d) म्यांमार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 सितंबर, 2016 को भारतीय-जापानी (Indo-Japnesse) प्रियंकायोशीकावा 'मिस जापान-2016' चुनी गईं। उल्लेखनीय है कि प्रियंका के पिता भारतीय और मां जापानी हैं।
- गौरतलब है कि इससे पूर्व अरियाना मियामोतो मिस जापान-2015 बनने वाली प्रथम मिश्रित प्रजाति (Mixed-Race) की महिला थीं।
- इनसे पहले मिश्रित प्रजाति की लड़कियां जापान का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती थीं।
- अब प्रियंका दिसंबर, 2016 में वाशिंगटन में होने वाले 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- इस प्रकार उन्हें 'मिस जापान' चुने जाने के बाद से जापान में नस्ली समानता की नई बहस छिड़ गई है।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://www.thehindu.com/news/international/priyanka-yoshikawa-a-halfindian-crowned-miss-japan/article9075638.ece

http://www.bbc.com/news/world-asia-37283518

इस्लाम करीमोव

प्रश्न-हाल ही में इस्लाम करीमोव का निधन हो गया। वह किस देश के राष्ट्रपति थे?

(a) किर्गिस्तान (b) कजाख्स्तान (c) ताजिकिस्तान (d) उज्बेकिस्तान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 सितंबर, 2016 को उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति इस्लाम करीमोव (Islam Karimov) का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। वह उज्बेकिस्तान के प्रथम राष्ट्रपति थे जिनका कार्य कालवर्ष 1991 से 2016 तक रहा। मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पश्चिमी देश उनकी आलोचना करते थे।
- संयुक्तराष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, उनके शासन के दौरान उत्पीड़न का संस्थागत इस्तेमाल किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.aljazeera.com/news/2016/09/uzbekistan-president-islam-karimov-dies-160902085632323.htmlhttp://www.bbc.com/news/world-asia-37260375

ब्राजील के नए राष्ट्रपति

प्रश्न-हाल ही में किसने ब्राजील के नये राष्ट्रपति पद की शपथ ली?

(a)डिल्मा राउसेफ (b)मिशेल थैचर (c)मिशेल टेमर (d)जॉन टेमर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 अगस्त, 2016 को नरम-दक्षिणपंथी, पीएमडीबी पार्टी के नेता मिशेल टेमर ने ब्राजील के 37वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। इससे पूर्व ब्राजील की निलंबितराष्ट्रपति डिल्मा रॉउसेफ को महाभियोग द्वारा सीनेट द्वारा पद से हटा दिया गया। डिल्मा राउसेफ को पद से हटाने के पक्ष में 2/3 वोट पड़े। सीनेट में 61 सीनेटरों ने महाभियोग के पक्ष में और 20 सीनेटरों ने महाभियोग के खिलाफ वोट डाले। डिल्मा रॉउसेफ को बजट में गड़बड़ी करने के आरोप में मई, 2016 में निलंबित किया गया था।
- मिशेल टेमर 31 दिसंबर, 2018 तक राष्ट्रपति के पद पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि मिशेल टेमर जनवरी, 2011 से मई, 2016 तक ब्राजील के उप-राष्ट्रपति थे। वे 12 मई, 2016 से 31 अगस्त, 2016 तक ब्राजील के कार्य कारीराष्ट्रपति रहे। ज्ञातव्य है कि डिल्मा रॉउसेफ जनवरी 2011 में ब्राजील की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं और अक्टूबर 2014 में दूसरीबार राष्ट्रपति चुनी गईं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.brazilgovnews.gov.br/news/2016/08/michel-temer-takes-office-as-president-of-brazil
http://www2.planalto.gov.br/acompanhe-planalto/biografia

चर्चित स्थल

अमेरिका खसरा (Measles) मुक्त घोषित

प्रश्न-अभी हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा किस क्षेत्र को खसरा मुक्त घोषित किया गया है?

(a) चीनी क्षेत्र (b) भारतीय क्षेत्र (c) अमेरिकी क्षेत्र (d) जर्मनी क्षेत्र

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर 2016 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अमेरिका खसरा मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया। यह खसरा मुक्तक्षेत्र घोषित होने वाला विश्व का पहला देश है।
- यह घोषणा पैन अमेरिकी स्वास्थ्य संगठन/विश्व स्वास्थ्य संगठन (PAHO/WHO) की 55वीं डायरेक्टिंग काउंसिल में की गई।
- वर्ष 1971 में चेचक का उन्मूलन, वर्ष 1994 में पोलियो और वर्ष 2015 में रूबेला तथा जन्मजात रुबेला सिन्ड्रोम के क्षेत्रीय उन्मूलन के बाद खसरा पांचवी वैक्सीन नियंत्रितबीमारी है, जिसे अमेरिका से उन्मूलितकर दिया गया है। वर्ष 2002 में खसरा का अंतिम मामला अमेरिका में पाया गया था।
- खसरा एक विषाणु जनित रोग है। यह निमोनिया, मस्तिष्क में सूजन और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं, सहित मृत्युका कारण है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.paho.org/hq/index.php?option=com_content&view=article&id=12528%3Aregion-americas-declared-free-measles&Itemid=1926&lang=en

मेगा फूड पार्क की आधारशिला रखी गयी

प्रश्न-अभी हाल ही में केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर द्वारा पंजाब के किस शहर में मेगा फूड पार्क की आधारशिला रखी गयी है?

(a) कपूरथला (b) फतेहगढ़ (c) लुधियाना (d) गुरुदासपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर 2016 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर द्वारा लुधियाना में मेगा फूड पार्क की आधारशिला रखी गयी। इस मेगा फूड पार्क की परियोजना लागत 117.61 करोड़ रुपये है।
- यह फूड पार्क 100.20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा।
- इस मेगा फूड पार्क की स्थापना से पंजाब के लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, रूपनगर, एस.बी.एस. नगर, जालंधर, मोगा, संगरूर और बरनाला जिले के किसान एवं उत्पादक लाभान्वित होंगे।

- उल्लेखनीय है कि पंजाब में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहन देने हेतु मंत्रालय ने तीन मेगा फूड पार्क को मंजूरी प्रदान की है। प्रथम मेगा फूड पार्क पाजिल्का में अवस्थित है, जो कि पहले से ही कार्य रतहै। द्वितीय मेगा फूड पार्क की आधारशिला लुधियाना में रखी गई है इसे पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन द्वारा प्रवर्ति तकिया जा रहा है। तीसरा फूड पार्क (मेसर्स सुखजीत मेगा फूड पार्क) को पंजाब के कपूरथला जिले में स्थापित करने हेतु मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55344

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), गुवाहाटी में परम-ईशान सुपर-कंप्यूटर का शुभारंभ

प्रश्न-परम-ईशान सुपरकंप्यूटर की क्षमता कितनी टेराबाइट है?

(a) 200 (b) 250 (c) 300 (d) 400

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 सितंबर, 2016 को मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), गुवाहाटी में परम-ईशान सुपस्कंप्यूटरका शुभारंभ किया गया। यह पूर्वोत्तर, पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र में सबसे तीव्र गति से चलने वाला सुपरकंप्यूटरहै। इस सुपरकंप्यूटरको भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी और प्रगत संगणन विकास केंद्र (C-DAC) द्वारा संयुक्तरूप से तैयारकिया गया है। परम-ईशान सुपरकंप्यूटरकी शक्ति 250 टेराफ्लॉप और क्षमता 300 टेराबाइट है। इसे कंप्यूटेशनलरसायन विज्ञान, कंप्यूटेशनलफ्लूड डायनामिक्स (कंप्यूटेशनल तरल गतिकी), कंप्यूटेशनलविद्युत, सिविल इंजीनियरिंगसंरचनाओं और नाना-ब्लॉक सेल्फ असेंबल आदि में प्रयोग किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150905
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55206

चरखी दादरी

प्रश्न-अभी हाल ही में चरखी दादरी को जिला घोषित किया गया है। यह किस राज्य में स्थित है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार (c) हरियाणा (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 सितंबर, 2016 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा चरखी-दादरी को जिला बनाने की घोषणा की गयी।
- यह प्रदेश का 22 वां जिला होगा। इससे पूर्व चरखी-दादरी उपमंडल भिवानी जिले के अंतर्गत आता था।

असम

प्रश्न-अभी हाल ही में असम के पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तमंत्री हेमंत विश्व शर्मा द्वारा पर्यटन के प्रचार हेतु निम्न में से किसे शामिल करते हुए नया लोगो तथा टैगलाइन जारी किया गया है?

(a) हाथी, चाय की पत्ती, ब्रह्मपुत्र नदी, चमकता सूर्य

(b) एक सींग वाला गैंडा, चाय की पत्ती, ब्रह्मपुत्रनदी, पृष्ठभूमिमें चमकता हुआ सूर्य

(c) चीता, चमकता सूर्य, हाथी, ब्रह्मपुत्र नदी

(d) एक सींग वाला गैंडा, चाय की पत्ती, ब्रह्मपुत्रनदी, चन्द्रमा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 सितंबर, 2016 को असम के पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तमंत्री हेमंत विश्व शर्मा द्वारा पर्यटन का प्रचार अन्य राज्यों में करने के उद्देश्य से नया लोगो तथा टैगलाइन 'अवेसम असम' (बहुत बढ़िया असम) को औपचारिक रूप से जारी किया गया। असम पर्यटन के नए लोगो की पृष्ठभूमिमें सूर्य के साथ एक सींग वाला गैंडा, चाय की हरी पत्तियां, ब्रह्मपुत्र नदी को चित्रित किया गया है।
- पर्यटन के प्रचार हेतु सरकार द्वारा 15 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा कामाख्या मंदिर के बुनियादी ढांचे के विकास हेतु 33 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार द्वारा असम के 5 राष्ट्रीय पार्कों, काजीरंगा, ओरंग, डिब्रू-साइखोवा, मानस और नामेरी हेतु स्वदेश दर्शन योजना के तहत 120 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- ध्यातव्य है कि माजुली द्वीप (ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य स्थित) असम का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/himantabiswa/status/772400536335347712
http://www.diprassam.gov.in/pressrelease/Press%20release%20745.pdf
r/news/613813.html

छत्तीसगढ़ राज्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना में शामिल

प्रश्न-अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच राज्य के भीतर क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है। इस योजना के प्रथम चरण में किन जिलों को राजधानी रायपुर से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है?

(a) जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, बिलासपुर (b) बिलासपुर, रायगढ़, बलरामपुर, सुकुमा

(c) जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, सूरजपुर (d) रायगढ़, बिलासपुर, अंबिकापुर, सरगुजा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के बीच मुख्यमंत्रीरमन सिंह और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री अशोक गजपति राजू की उपस्थिति में राज्य के भीतर क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौता ज्ञापन पर छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से विमानन विभाग के संचालक रजत कुमार और केंद्र सरकार की ओर से नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्तसचिव अनिल श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए।
- इस योजना के तहत उन शहरों को जोड़ने का प्रस्ताव है, जहाँ विमान सेवायें या तो लम्बे समय से बंद हैं या शुरू नहीं की जा सकी हैं। इसके पहले चरण में जगदलपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और बिलासपुर (सभी जिला मुख्यालयों) को राजधानी रायपुर से जोड़ने का प्रस्ताव है।
- इसके अतरिक्त केंद्र सरकार द्वारा राज्य के भीतर रियायती दरों पर उड़ानें शुरू करने हेतु विभिन्न विमानन कंपनियों को एक अवसर प्रदान किया जायेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/drramansingh/status/774253265240334336
https://twitter.com/Ashok_Gajapathi/status/774214061428969473

सभी जिलों में पुलिस की ट्विटर सेवा प्रारंभ करने वाला पहला राज्य

प्रश्न-अभी हाल ही में किस राज्य द्वारा पहली बार देश में पुलिस की ट्विटर सेवा का प्रारंभ किया गया है?

(a) महाराष्ट्र (b) उत्तर प्रदेश (c) मध्य प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितम्बर, 2016 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रेडियो पुलिस मुख्यालय से 122 ट्विटर हैंडल्स सेवा का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहाँ सभी जिलों की पुलिस ट्विटर सेवा का इस्ते माल करेगी। इस सेवा को शुरू करने का विचार उत्तर प्रदेश पुलिस को राज्य के 22 करोड़ से अधिक नागरिकों को जोड़ने एवं उनकी शिकायतों के तीव्र गति से निस्तारण हेतु आया था।इसके तहत प्रदेश के किसी भी जिले से उत्तर प्रदेश पुलिस के ट्विटर हैंडल एट द रेट ऑफ यूपी पुलिस को टैग कर अपनी शिकायत ट्वीट कर सकते हैं। इस ट्वीट के पश्चात 5 मिनट के भीतर पुलिस की तरफ से जवाब दिया जाएगा और सही वक्त पर कार्य वाहीकी जाएगी। आगामी दिनों में इस सेवा को डायल 100 से जोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह सेवा अक्टूबर माह से शुरू की जाएगी। पुलिस के लिए ट्विटर सेवा शुरू करने का निर्ण यट्विटर इंडिया द्वारा लिया गया है। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व इस प्रकार की सेवा का उपयोग केंद्रीय रेलवे, विदेश, दूर संचार, कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय और टेलीकॉम उद्योग द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त इस सेवा का उपयोग बंगलु रू पुलिस द्वारा भी राज्य के कुछ भागों में किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://blog.twitter.com/2016/uppolice-world-s-largest-police-force-adopts-twitter-seva-in
https://twitter.com/Uppolice/status/773837074579525632/photo/1?ref_src=twsrc%5Etfw

आंध्र प्रदेश शतप्रतिशत विद्युतीकरण वाला राज्य

प्रश्न-शत प्रतिशत विद्युतीकरण करने वाला देश का प्रथम राज्य कौन है?

(a) महाराष्ट्र (b) गुजरात (c) कर्नाटक d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- सितंबर 2016 में जे एम फाइनेंशियल लिमिटेड द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने वाला राज्य बन गया है।
- यह रिपोर्ट विभिन्न राज्यों में विद्युतीकरण पर एक राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण के आधार पर प्रकाशित की गई है। आंध्र प्रदेश ने शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य जून माह के अंत में ही प्राप्त कर लिया था।
- इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओड़िशा और असम के लगभग 35 प्रतिशत गांवों में अभी तक बिजली नहीं पहुंचपायी है।
- राज्य सरकार द्वारा आगामी पांच वर्षों में पारेषण और वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने और मांग पर बिजली कनेक्शन का विस्तार करने हेतु 20,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://indianpowersector.com/2016/09/andhra-pradesh-becomes-second-state-to-achieve-100-electrification/
http://timesofindia.indiatimes.com/india/Andhra-Pradesh-becomes-second-state-to-achieve-100-electrification/articleshow/54310158.cms

देश के पहले महिला पीसीआर वैन की शुरूआत

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की पुलिस ने देश में पहली बार महिला पुलिस कंट्रोल रूम (PCR) वैन की शुरूआत की है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान (c) दिल्ली (d) केरल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को दिल्ली पुलिस ने देश में पहली महिला पुलिस कंट्रोल रूम (PCR) वैन की शुरूआत की है। इस पीसीआर वैन में चालक समेत पूरा स्टॉफ महिला पुलिसकर्मियों का होगा।
- यह व्यवस्था परेशानी में फंसी महिलाओं की मौके पर मदद के लिए शुरू की गई है।
- अभी प्रारंभिक चरण में 5 महिला पीसीआर वैन की शुरूआत की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/delhi-police-launches-five-all-women-pcr-vans/articleshow/54257073.cms
http://www.hindustantimes.com/delhi/in-a-first-delhi-police-launches-5-all-women-pcr-vans-to-boost-safety/story-8cNGCaMZj8TX0H6fKMCxHJ.html

विश्व की प्रथम चालक रहित बस सेवा

प्रश्न-हाल ही में विश्व की प्रथम चालक रहित बस सेवा किस देश में शुरू हुई?

(a) चीन (b) फ्रांस (c) जर्मनी (d) जापान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- सितंबर 2016 में विश्व की प्रथम चालक रहित बस सेवा फ्रांस के लियोन शहर में शुरू हुई।
- इस बस को दुर्घटनासे बचाने हेतु लिडार (LiDAR) राडार प्रौद्योगिकी मोशन सेंशर का इस्तेमालकिया गया है। लिडार प्रौद्योगिकी का प्रयोग समय और गति के मापन में किया जाता है।
- इस इलेक्ट्रिक मिनी बस को फ्रेंच कंपनी नव्या (Nawa) द्वारा डिजाइन किया गया है।
- इस बस में 15 लोगों के बैठनेकी व्यवस्था है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.telegraph.co.uk/news/2016/09/03/worlds-first-driverless-bus-service-begins-carrying-passengers-i/

हिंगोली

प्रश्न-8 सितंबर, 2016 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अमेरिका के बाहर प्रथम 'लिगो' प्रयोगशाला के लिए हिंगोलीजिले को चुना गया है। यह किस राज्य में स्थित है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) तेलंगाना (c) महाराष्ट्र (d) कर्नाटक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गुरुत्वाकर्षण तरंगों पर अनुसंधान के लिए 'लिगो' प्रयोगशाला हेतु महाराष्ट्र के हिंगोली जिले का औंधनामक स्थान को चुना गया है। यह अमेरिका के बाहर प्रथम 'लिगो' (LIGO: Laser Interferometer Gravitational-wave Observatory) प्रयोगशाला होगी। जबकि अन्य लिगो प्रयोगशालाएं अमेरिका में वाशिंगटन के हैनफोर्ड और लुइसियाना के लिविंगस्टनमें स्थित है।
- ज्ञातव्य है कि 17 फरवरी, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परमाणु ऊर्जा तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की 'लिगो-भारत परियोजना' नामक प्रस्ताव को मंजूरीप्रदान की थी।
- इससे भारतीय छात्रों और युवा वैज्ञानिकों को ज्ञान के नये क्षेत्रों को तलाशने की प्रेरणा मिलेगी और देश में वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र को और प्रोत्साहन मिलेगा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.thehindu.com/sci-tech/first-ligo-lab-outside-us-to-come-up-in-maharashtras-hingoli/article9085796.ece

कनॉट प्लेस

प्रश्न-अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट नई दिल्ली में किस स्थान पर साइबर सुरक्षा केंद्र बना रही है?

(a) कनॉट प्लेस (b) आईएसबीटी

(c) साउथ ब्लॉक (d) इंडिया गेट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 31 अगस्त, 2016 को प्रकाशित समाचार के अनुसार विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट नई दिल्ली के कनॉट प्लेस में साइबर सुरक्षा केंद्र बना रही है।
- इस साइबर सुरक्षा केंद्र का उद्घाटन नवम्बर तक होने की उम्मीद है।
- साइबर क्राइम से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर माइक्रोसॉफ्ट के सात साइबर सुरक्षा केंद्र हैं। जिनका वैश्विक कानूनप्रवर्त नएजेंसिया- इंटरपोल और यूरोपोल के साथ साझेदारी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://telecom.economictimes.indiatimes.com/news/microsoft-plans-cybersecurity-centre-in-connaught-place/53951658

माजुलीद्वीप

प्रश्न-अभी हाल ही में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स द्वारा माजुलीद्वीप को विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप घोषित किया गया है। यह किस राज्य में स्थित है?

(a) ओडिशा (b) पश्चिम बंगाल

(c) असम (d) गुजरात

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 सितंबर, 2016 को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स द्वारा माजुलीद्वीप को विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप घोषित किया गया।
- यह असम राज्य में स्थित है।
- यह द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य में स्थित है।
- इस द्वीप का क्षेत्रफल 880 वर्ग किमी. है।
- इसे हाल ही में जिला घोषित किया गया है, पूर्व में यह जोरहट जिले में स्थित था।
- इसका घनत्व 300 व्यक्ति प्रति स्क्वायर मीटर है।
- माजुलीद्वीप पर विभिन्न जातीय समूहोंकी लगभग 1,60,000 जनसंख्या निवास करती है।
- यहां पर अरुणाचल प्रदेश से आकर बसे मिसिंगजनजातियोंकी जनसंख्या सर्वाधिक है।
- इसके अतिरिक्त अन्य जनजातियां देवरी और सोनोवाल कछारी भी यहां निवास करती हैं।

- असम के निवर्तमान मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने 2016 का विधानसभा चुनाव माजुली विधानसभा से लड़ा और निर्वाचित हुए।
- इस द्वीप का विगत 30-40 वर्षों में बाढ़ की चपेट में आने के कारण एक-तिहाई हिस्सा कम हो गया है।
- इस द्वीप को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल की सूची में शामिल करने के लिए अस्थायी सूची में शामिल किया गया है।
- माजुली द्वीप पूर्वी असम का नव वैष्णव विचारधारा का मुख्य केंद्र है।
- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ब्राजील में स्थित माराजो द्वीप विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.guinnessworldrecords.com/world-records/largest-river-island-
http://timesofindia.indiatimes.com/city/guwahati/Majuli-named-worlds-largest-river-island/articleshow/53972804.cms
http://whc.unesco.org/en/tentativelists/1870/

यमन में आतंकवादी हमला

प्रश्न-29 अगस्त, 2016 को इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों द्वारा किस देश में हमला किया गया?

(a) यमन (b) ईरान (c) मिस्र (d) थाइलैंड

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 अगस्त, 2016 को इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों द्वारा विस्फोटकों से भरी कार से अदन (यमन) के सेना प्रशिक्षण केंद्र पर हमला किया गया।
- इस हमले में 71 लोगों की मृत्यु हो गयी।
- पिछले एक वर्ष में यमन की राजधानी में हुआ यह सबसे भीषण हमला है।
- अदन के सेना प्रशिक्षण केंद्र में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के सहयोग से सेना द्वारा नए रंगरूटों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वह ईरान समर्थित शिया हुथी विद्रोहियों और सुन्नी जिहादियों के विरुद्ध युद्ध में शामिल हो सके।
- उल्लेखनीय है कि अदन वर्तमान में यमन की अंतराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार का अस्थायी केंद्र है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dailymail.co.uk/wires/afp/article-3763250/Suicide-bombing-kills-60-Yemen-army-camp.html
http://www.middleeasteye.net/news/suicide-bombing-kills-11-yemen-army-camp-279643085
http://navbharattimes.indiatimes.com/world/asian-countries/islamic-state-attacks-on-military-training-camp-in-yemen-71-killed/articleshow/53917187.cms

पुरस्कार/सम्मान

29वां मूर्ति देवी पुरस्कार

प्रश्न-हाल ही में भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा 29वें मूर्ति देवीपुरस्कार-2015 से किस लेखक को सम्मानित किया गया?

(a) जयंत परमार (b) डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी

(c) प्रो. कोलकलुरी इनोच (d) प्रो. वीरसागर जैन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 सितंबर, 2016 को भारतीय ज्ञानपीठ समिति द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित 29वां मूर्ति देवी पुरस्कार -2015 तेलगू लेखक एवं प्रख्यात विद्वान प्रो. कोलकलुरी इनोच को प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार इनको इनके द्वारा लिखित उपन्यास अनंतजीवनम के लिए प्रदान किया गया है।
- ध्यातव्य है कि अनंतजीवनम उपन्यास का प्रकाशन वर्ष 2009 में हुआ था।
- इस उपन्यास में रायलसीमा के कमजोर, दलित एवं सामान्य मनुष्यके चक्रवात से संघर्षका वर्णनकिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि इस पुरस्कार के तहत चार लाख रुपये की पुरस्कार राशि, सरस्वती देवी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।
- वर्ष 2014 का 28वां मूर्ति देवीपुरस्कार हिन्दी के वरिष्ठ साहित्य समालोचक डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://timesofindia.indiatimes.com/india/Telugu-author-Kolakaluri-Enoch-bags-Moortidevi-Award/articleshow/54594317.cms

जेसी डेनियल अवार्ड, 2015

प्रश्न-केरल सरकार द्वारा जेसी डेनियल अवॉर्ड, 2015 के लिए किसका चयन किया गया है?

(a)के.जी.जॉर्ज (b)एम.टी.वासुदेवननायर

(c)जे. शशिकुमार (d)जोस प्रकाश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को केरल सरकार द्वारा वरिष्ठ निर्देशक एवं पटकथा लेखक के.जी. जॉर्ज को मलयालम सिनेमाके सर्वोच्च सम्मान जेसी डेनियल पुरस्कार, 2015 हेतु चयनित किया गया।

- यह पुरस्कार मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।
- अक्टूबर, 2016 में पलक्कड़ में आयोजित होने वाले राज्य फिल्म अवॉर्ड समारोह के दौरान उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- उनकी पहली फिल्म 'स्वपनादानम' को वर्ष 1975 में मलयालम भाषा की सर्व श्रेष्ठराष्ट्रीय फिल्म का पुरस्कार मिला था।
- उनकी प्रसिद्ध फिल्में, यवनिका, इराकल, अदामिंते वारियेलू आदि हैं।
- उल्लेखनीय है कि जेसी डेनियल पुरस्कार वर्ष 1992 से केरल सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/tp-kerala/jc-daniel-award-for-kg-george/article9078902.ece

सीएनबीसी 'इंटरटेनर ऑफ द् ईयर' अवॉर्ड

प्रश्न-अभिनेता इरफान खान को किस फिल्म के लिए सर्व श्रेष्ठअभिनेता पुरस्कार (राष्ट्रीय) दिया गया था?

(a)पान सिंह तोमर

(b)हासिल

(c)एमाइटी हार्ट

(d)पीकू

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त, 2016 को चर्चि तअभिनेता इरफान खान को सीएनबीसी द्वारा 'इंटरटेनर ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- इरफान खान फिल्म हासिल, पीकू, मदारी द लंच बॉक्स, पान सिंह तोमर जैसी फिल्मों में श्रेष्ठ अभिनय के लिए जाने जाते हैं।
- उल्लेखनीय है कि इन्हें सर्व श्रेष्ठअभिनेता का वर्ष 2012 में राष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें फिल्म पान सिंह तोमर के लिए दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://zeenews.india.com/entertainment/celebrity/irrfan-khan-honoured-with-entertainer-of-the-year-award_1924033.html
http://www.abplive.in/movies/irrfan-honoured-with-entertainer-of-the-year-award-408188
http://www.business-standard.com/article/news-ians/irrfan-honoured-with-entertainer-of-the-year-award-116083001071_1.html

योजना/परियोजना

मेगा कॉल सेंटर

प्रश्न-हाल ही में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य सरकार की योजनाओं में पारदर्शिता लाने हेतु कहां पर 'मेगा कॉल सेंटर' का उद्घाटन किया?

(a) कन्नौज (b) इलाहाबाद (c) लखनऊ (d) आगरा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर 2016 को उ.प्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य सरकार की योजनाओं में और पारदर्शिता लाने हेतु इंदिरा नगर, लखनऊ में 'मेगा कॉल सेंटर' का उद्घाटन किया।
- मेगा कॉल सेंटर के जरिए योजनाओं का फीडबैक प्राप्त कर इन्हें और व्यावहारिक बनाया जाएगा। इसकी स्थापना से राज्य सरकार की योजनाओं में और अधिक पारदर्शिता आएगी। पहले चरण में 13 विभागों की 20 योजनाओं के लगभग 2 करोड़ लाभार्थियों से फीडबैक लिया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कॉल सेंटर को संचालित करने का दायित्व कार्वी डाटा मैनेजमेंट सर्विसेज को 2 वर्ष के लिए दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.upnews360.in/E/350037003800350038 00/Chief-Minister-inaugurates-Mega-Call-Centre

देश के पूर्वी हिस्से में गैस बुनियादी ढांचे का विकास

प्रश्न-किस परियोजना से देश के पूर्वी हिस्से को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ा जाएगा?

(a) जेएचबीडीपीएल गैस पाइपलाइन परियोजना (b)जेएसपीएल गैस ग्रिड परियोजना

(c) नुन्मती-सिलीगुड़ी पाइपलाइन परियोजना (d)सलया-कोयाली मथुरा पाइपलाइन परियोजना

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति द्वारा कुल 12,940 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार होने वाली 2539 किमी. लंबी जगदीशपुर-हल्दिया और बोकारो-धामरा गैस पाइपलाइन (JHBDPL) परियोजना के विकास हेतु 5,176 करोड़ रुपये के पूंजी लागत अनुदान को मंजूरी प्रदान की गयी। इस परियोजना के कार्यान्वयन से पांच राज्यों-उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में औद्योगिक, वाणिज्यिक, घरेलू और परिवहन क्षेत्रों के उपयोग के लिए स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल ईंधन प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (CCEA) द्वारा जेएचबीडीपीएल परियोजना

के रास्ते में पड़ने वाले वाराणसी, पटना, रांची, जमशेदपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, कटक आदि शहरों में शहरी गैस नेटवर्क विकसित करने को भी मंजूरी प्रदान की गई। यह वितरण नेटवर्क संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से गेल द्वारा विकसित किया जाएगा। जेएचबीडीपीएल परियोजना से देश के पूर्वी हिस्से को राष्ट्रीय गैस ग्रिड से जोड़ा जाएगा। मंत्रिमंडल द्वारा इस पाइपलाइन परियोजना के रास्ते में पड़ने वाली तीन उर्वरक इकाइयों (एफसीआईएल – गोरखपुर, एचएफसीएल बरौनी और एफसीआईएल सिन्दरी) के पुनरुद्धार को पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि पुनरूद्धार के बाद ये इकाईयां जेएचबीडीपीएल परियोजना की प्रमुख गैस ग्राहक होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150960

पर्यटन की दृष्टि से द्वीपों का विकास

प्रश्न-अभी हाल ही में पर्यटन की दृष्टि से प्राथमिक चरण में कितने द्वीपों को समग्र विकास के लिए चुना गया है?

(a) 20 (b) 22 (c) 25 (d) 26

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग, गृहमंत्रालय और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर द्वीपों के सम्यक विकास की दिशा में किए गए उपायों पर आयोजित समीक्षा बैठक में द्वीपों के विकास संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। प्रारंभिक चरण में 26 द्वीपों को पर्यटन की दृष्टि से समग्र विकास के लिए चुना गया है, इनमें से कुछ अंडमान और लक्षद्वीप सहित भारत के विभिन्न भागों में स्थित हैं। इन द्वीपों पर विकासात्मक गतिविधियां बुनियादी ढांचा, पर्यटन, कृषि (जैविक कृषि एवं मत्स्य पालन सहित) और कार्बन न्यूट्रल ऊर्जा (अक्षय ऊर्जा) उत्पादन पर केंद्रित होंगी। उल्लेखनीय है कि देश में कुल 1382 तटीय द्वीप हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150962
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55294

'मिशन परिवार विकास' कार्यक्रम

प्रश्न-'मिशन परिवार विकास' कार्यक्रम 7 राज्यों के 145 जिलों में एक साथ शुरू किया जाएगा। उपर्युक्त प्रश्न में कौन-सा राज्य इस मिशन में शामिल नहीं है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) ओडिशा (c) बिहार (d) असम

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 सितंबर 2016 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा देश के सबसे अधिक जन्मदर वाले 145 जिलों हेतु शीघ्र ही 'मिशन परिवार विकास' कार्य क्रमशुरू करने को फैसला किया गया।
- इस मिशन का उद्देश्य-उच्च गुणवत्ता वाले परिवार कल्याण उपाय के विकल्पों तक पहुंचस्थापित करने में तीव्रता लाना है, जो सूचना, विश्वसनीय सेवाओं और आपूर्तिपर आधारित है।
- यह 145 जिले सात राज्यों-उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम में स्थित हैं, जहां पर यह मिशन प्रारंभ किया जाएगा। लक्षित 145 जिलों की पहचान कुल जन्म दर, सेवाओं की उपलब्धता और बंध्याकरण गतिविधियों के आधार पर की गयी है।
- हालिया आंकड़ों के अनुसारइन 145 जिलों में कुल प्रजनन दर (Total Fertility Rate) 3.0 से अधिक या बराबर है जिसे इस मिशन के तहत वर्ष 2025 तक घटाकर 2.1 के स्तर पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन 145 जिलों में देश की 28 प्रतिशत आबादी (लगभग 33 करोड़) रहती है।
- सात राज्यों में स्थित इन 145 जिलों में मातृ त्वमृ त्युदरलगभग 25-30 प्रतिशत और शिशु मृ त्युदर50 प्रतिशत है। उल्लेखनीय है कि इस मिशन का मुख्यरणनीति फोकस सुनिश्चित सेवाओं को उपलब्ध कराना, नई प्रोत्साहन योजनाओं, सेवा प्रदाताओं के क्षमता निर्माण, कारगर माहौल बनाने, निगरानी और कार्यान्वयन के माध्यम से गर्भ निरोधकों तक पहुंचमें सुधार करना है।
- ध्यातव्य है कि यह मिशन सभी 145 जिलों में एक साथ प्रारंभ होगा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55302
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151049

चेन्नई मेट्रो फेज-1 के स्टेज 1 ए का उद्घाटन

प्रश्न-अभी हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा चेन्नई मेट्रो फेज-1 परियोजना हेतु कितनी धनराशि जारी की गयी है?

(a) 5,000 करोड़ रुपये (b) 7,000 करोड़ रुपये
(c) 8,000 करोड़ रुपये (d) 10,000 करोड़ रुपये

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर 2016 को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा चेन्नई में चेन्नई मेट्रो के फेज-1 के स्टेज-1 ए का उद्घाटन किया गया। स्टेज 1 ए के तहत निर्मितलिटल माउंट से हवाई अड्डे तक की लाइन की कुल लंबाई 8.613 किलोमीटर है। इस लाइन पर लिटल माउंट, गुइंदी, अलांदुरनांगानल्लुर रोड स्टेशन, मीणामबक्कम और हवाई अड्डा मेट्रो स्टेशन बनाया गया है। चेन्नई मेट्रो परियोजना फेज-1 के तहत कुल 45 किलोमीटर तक मेट्रो लाइन बिछाने की योजना है। केंद्र सरकार द्वारा चेन्नई मेट्रो फेज-1 परियोजना हेतु 10,000 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गयी है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150999

रेल मंत्रालय द्वारा 'यात्री मित्र सेवा' का प्रावधान

प्रश्न-अभी हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा यात्री मित्र सेवा को प्रारंभ करने का फैसला किस सेवा की बुकिंग के लिए किया गया है?

(a) कैटरिंग सेवा की बुकिंग हेतु
(b) स्वास्थ्य संबंधी सेवा की बुकिंग हेतु
(c) व्हील चेयर सेवाओं एवं कुली सेवाओं की बुकिंग हेतु
(d) टिकट की बुकिंग हेतु

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 सितंबर, 2016 को रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे स्टेशन पर, व्हील चेयर सेवाओं एवं कुली सेवाओं की बुकिंग हेतु यात्री मित्र सेवा प्रारंभ करने का फैसला किया गया।
- इस सेवा को प्रारंभ करने का उद्देश्य स्टेशनों पर सहायता के इच्छुक वृद्धजनों और दिव्यांग यात्रियों को मदद उपलब्ध कराना है।
- यात्री मित्र या तो कोई सहायक हो सकता है या आईआरसीटीसी द्वारा उपलब्ध कराया गया कोई अन्य व्यक्ति या आईआरसीटीसी द्वारा इस उद्देश्य हेतु नियुक्त सेवा प्रदाता हो सकता है।
- यात्री मित्र दिव्यांग, बीमार और वृद्ध व्यक्तियों को व्हील चेयर एवं कुली सेवायें उपलब्ध कराएगा।
- इस सेवा को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) को सौंपी गयी है।
- यह सेवा आईआरसीटीसी द्वारा किसी गैर-सरकारी संगठन (NGO), चैरिटेबल ट्रस्ट, सीएसआर के तहत सार्व जनिकक्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) आदि के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी।
- यात्री मित्र सेवा की बुकिंग आईआरसीटीसी ई-टिकटिंग वेबसाइट पर या मोबाइल के माध्यम से 139 (आईवीआरएस और एसएमएस) पर की जा सकती है। रेलवे व्हील चेयरों की संख्या के अनुसार, व्हील चेयरों का भंडारण/पार्किंग के लिए स्थान उपलब्ध कराएगा।
- आईआरसीटीसी यह सेवा किसी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने पर मौजूदा बैटरी संचालित कार (बीओसी) ऑपरेटर के माध्यम से भी इन सेवाओं की व्यवस्था कर सकता है।
- आईआरसीटीसी संबंधित डिवीजन के वरिष्ठ डीसीएम से परामर्श करके रेलवे स्टेशन पर आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर उपलब्ध कराएगा। बैटरी परिचालित व्हील चेयरों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- संबंधित डिवीजन के वरिष्ठ डीसीएम द्वारा स्टेशन पर इन सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु सेवा प्रदाता द्वारा नियुक्त यात्री मित्र को एक पहचान-पत्र और परमिट जारी किया जाएगा।
- यह सेवा प्रमुख स्टेशनों पर उपलब्ध होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55203
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150899

फेडरल बैंक द्वारा दूसरी फेडरल स्किल अकादमी की शुरूआत

प्रश्न-अभी हाल ही में फेडरल बैंक द्वारा दूसरी फेडरल स्किल अकादमी की शुरूआत किस स्थान पर की गयी है?

(a) एर्नाकुलम (b) तिरूपति (c) कोयंबटूर (d) रामेश्वरम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर, 2016 को फेडरल बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत तमिलनाडु के कोयंबटूर में दूसरी फेडरल स्किल अकादमी की शुरूआत की गयी।
- उल्लेखनीय है कि फेडरल बैंक ने पिछले वर्ष केरल के एर्नाकुलम में पहली फेडरल स्किल अकादमी की शुरूआत की थी। यह अकादमी मिलिंग तथा टर्निंग में सीएनसी मशीन ऑपरेटर सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान करेगी, जो को-इंडिया (COINDIA) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। इस पहल के तहत वंचित विद्यार्थी भी सफलतापूर्वक अपना कोर्स पूरा करेंगे और भारत तथा विदेशों में रोजगार के अवसर प्राप्त करेंगे।
- इस अकादमी में 18-25 आयु वर्ग के कक्षा 12 पास, आईटीआई/पॉलीटेक्निक/डिग्री या इंजीनियरिंग छोड़ने वाले छात्र जिनके परिवार की वार्षिक आय प्रतिवर्ष 2 लाख रुपये से अधिक न हो, इस कोर्स हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/cities/Coimbatore/federal-bank-opens-skill-academy/article9117183.ece

प्रतिभा पहचान पोर्टल का शुभारंभ

प्रश्न-अभी हाल ही में किस मंत्रालय द्वारा देश के कोने-कोने के प्रतिभाशाली बच्चों को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समुचित अवसर प्रदान करने हेतु प्रतिभा पहचान पोर्टल का शुभारंभ किया गया है?

(a) खेल एवं युवा मामलों का मंत्रालय (b) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(c) पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास हेतु मंत्रालय (d) गृह मंत्रालय

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 सितंबर, 2016 को युवा मामलों एवं खेल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विजय गोयल द्वारा खेल विभाग के तहत 'प्रतिभा पहचान पोर्टल' शुरू करने का फैसला किया गया।
- इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने के प्रतिभाशाली बच्चों को खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने हेतु समुचित अवसर प्रदान करना है। इस पोर्टल पर बच्चों के खेल-प्रदर्शन और क्षमता को रेखांकित करने वाले वीडियो और फोटोग्राफ अपलोड किए जा सकते हैं। इसे स्वयं बच्चे, उनके माता-पिता, अध्यापक या अन्य लोग पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। पड़ताल के पश्चात क्षमतावान बच्चों को कई तरह की जांचों से गुजरने का अवसर मिलेगा। जो बच्चा जांच में सफल होगा उसे साई के प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

- इस योजना के अंतर्गत आठ वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रतिभाशाली बच्चों को लक्षित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=54153
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149801

मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का शुभारंभ

प्रश्न-9 सितंबर, 2016 को किस राज्य द्वारा मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का शुभारंभ किया गया?

(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश (c) जम्मू-कश्मीर (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना का उद्देश्य राज्य में उच्च शिक्षा के कॉलेजों में लड़कियों को जाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर दो स्थानों पर 150 स्कूटी (कुल 300) वितरित की गयी।
- इस योजना के अंतर्गत आवेदन हेतु 65 प्रतिशत अंक और परिवार की वार्षिक आय चार लाख रुपये तक होना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि कॉलेज की लड़कियों को स्कूटी की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://twitter.com/jkpdp/status/774294273743327234
https://kashmirobserver.net/2016/local-news/cm-launches-scooty-girls-scheme-10131

ऑनलाइन सुविधा-ई निवारण का प्रारंभ

प्रश्न-अभी हाल ही में किस संस्था द्वारा आयकरदाताओं के रिफंड, आईटीआर और पैन आदि से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु महत्वाकांक्षी ऑनलाइन सुविधा ई-निवारण प्रारंभ की गयी है?

(a) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) (b) सेबी (c) राजस्व विभाग (d) वित्त मंत्रालय

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT: Central Board of Direct Tax) द्वारा करदाताओं के रिफंड, आईटीआर और पैन आदि से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु महत्वाकांक्षी ऑनलाइन सुविधा ई-निवारण प्रारंभ की गयी।
- इस विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल (Incometaxindiaefiling.gov.in) पर हाल ही में ई-निवारण लिंक सक्रिय कर दिया गया है। इस पर करदाता अपने व्यक्तिगत कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से शिकायतें पंजीकृत करा सकता है। शिकायतोपरांत उनके पंजीकृत मोबाइल और ई-मेल पर एक विशेष नंबर आयेगा और इस विशेष संख्या के माध्यम से वह मामले पर नजर रख सकेंगे।

- यह ई-निवारण इंटरनेट आधारित आयकर रिटर्न (आईटीआरएस) भरने की प्रणाली के सदृश काम करेगा तथा करदाता रिफंड में देरी, ई-रिटर्न की फाइलिंग, स्रोत पर कटौती (टीडीएस) पैन व कर निर्धारण अधिकारी से जुड़े मामलों को दर्ज करा सकते हैं।
- जिन लोगों के पास स्थायी खाता नंबर (पैन) नहीं है, किन्तु आयकर से जुड़े मामलों में उन्हें कोई समस्या है तो वह भी ई-निवारण सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित करदाता को प्राप्ति सूचना (Acknowledgment Number) संख्या जारी किया जाएगा, जिसे वह भविष्य में कर अधिकारी के साथ संवाद में उपयोग कर सकते हैं। ध्यातव्य है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) वित्त मंत्रालय के अंतर्गत राजस्व विभाग का एक अंग है। 1 जनवरी, 1964 को भारत में प्रत्यक्ष कर से संबंधित सभी मामलों को सीबीडीटी को सौंप दिया गया, जिसे राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 से अधिकार प्राप्त है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindubusinessline.com/economy/policy/govt-launches-enivaran-to-resolve-it-grievances/article9086087.ece

समाजवादी किसान एवं सर्व हित बीमा योजना लागू

प्रश्न-अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा समाजवादी किसान एवं सर्व हित बीमा योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कितनी आयु निर्धारित की गयी है?

(a) 18 से 60 वर्ष (b) 18 से 65 वर्ष (c) 18 से 70 वर्ष (d) 18 से 75 वर्ष

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किसानों और कमजोर वर्गों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाजवादी किसान एवं सर्व हित बीमा योजना को लागू किया गया। इस योजना के प्रारंभ होने के बाद कृषक दुर्घटना बीमा योजना समाप्त कर दी गई है। योजना का लाभ 18 से 70 वर्ष की आयु के खसरा व खतौनी में दर्ज सभी किसानों और उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाएगा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 75,000 रुपये से कम हो।
- वी.पी.एल. परिवारों और समाजवादी पेंशन पाने वाले परिवारों को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आय प्रमाण पत्र नहीं देना होगा। समाजवादी किसान एवं सर्व हित बीमा योजना के माध्यम से 3 करोड़ परिवारों को सुरक्षा उपलब्ध करायी जाएगी। योजना के तहत लगभग 15 करोड़ जनसंख्या को बीमा कर प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री बैंकिंग एवं बीमा हेल्पलाइन-1520 पर बीमा संबंधी किसी समस्या से संबंधित सूचना दी जा सकती है। योजनान्तर्गत दुर्घटना के कारण मृत्यु या स्थायी/अस्थायी अपंगता होने पर परिवार के मुखिया या रोटी कमाने वाले को दो लाभ प्रदान किया जाएगा जो निम्न हैं-
  1. अधिकतम 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा।, 2. स्वयं तथा परिवार के सभी सदस्यों को दुर्घटना के पश्चात इलाज हेतु अधिकतम 2.5 लाख रुपये की चिकित्सीय सुविधा।

- इसके अतिरिक्त अंग-भंग की स्थिति में कृत्रिम अंग के लिए 1 लाख रुपये प्रदान किए जायेंगे।
- योजना के तहत पात्र व्यक्ति को निःशुल्क समाजवादी किसान एवं सर्व हित बीमा केयर कार्ड जारी किया जाएगा। योजना के संचालन हेतु राज्यीय स्तर पर संस्थागत वित्त विभाग/संस्थागत वित्त, बीमा एवं सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।
- इसके कार्यान्वयन एवं संचालन हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी तथा जिला मिशन अधिकारी उत्तरदायी होंगे। उल्लेखनीय है कि इसी अवसर पर योजना प्रचार प्रसार हेतु फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी को समाजवादी किसान बीमा योजना का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://tactstorage.blob.core.windows.net/docnews/task-doc-a8a86650-c83c-43fa-b30b-01d0955a88dd.pdf

सीसीईए द्वारा तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तीसरे चरण को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 'तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम' (TEQIP) के तीसरे चरण को मंजूरी प्रदान की। यह कार्यक्रम कब प्रारंभ किया गया था?

(a) वर्ष 2003 में (b) वर्ष 2002 में (c) वर्ष 2001 में (d) वर्ष 1998 में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने 'तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP) के तीसरे चरण को मंजूरी प्रदान की। यह परियोजना कुल 3600 करोड़ रुपये की लागत से 'केंद्रीय क्षेत्र की योजना' के रूप में कार्यान्वित की जायेगी। जबकि यह परियोजना 2660 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होगी।
- अंतिम चरणों में इसे 940 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी।
- इस परियोजना की कुल 2660 करोड़ रुपये में से 1330 करोड़ रुपये केंद्र सरकार तथा 1330 (201.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) विश्व बैंक (IDA) द्वारा ऋण के रूप में उपलब्ध होंगे।
- यह कार्यक्रम लाभार्थी संस्थानों के खातों में सीधे धन स्थानांतरण की सुविधा के साथ लागू किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम चालू वर्ष (2016) में शुरू किया जाएगा और चौदहवें वित्त आयोग (2019-20) के साथ-साथ समाप्त होगी। इस कार्यक्रम हेतु एक अनुमान के अनुसार 200 सरकारी/सरकार द्वारा सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थानों और संबद्ध तकनीकी विश्वविद्यालयों (ATUs) केंद्र द्वारा वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (CFTIs) सहित चयनित होंगे।
- इस हेतु फोकस राज्यों में 6 कम आय वाले राज्यों (बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश), 3 पर्वतीय राज्यों (हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड), 8 उत्तर-पूर्वी राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा) और केंद्रशासित

क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप शामिल हैं। ज्ञातव्य है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने दिसंबर, 2002 में 'तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्य क्रम प्रारंभ किया था। यह कार्य क्रमदेश में तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता और बदलाव को सहायता प्रदान करने के लिए तीन चरणों में 10-12 वर्षों में कार्यान्वित किये जाने वाले एक दीर्घ कालीनपरियोजना के रूप में प्रारंभ किया गया था। इस कार्य क्रमका प्रथम चरण वर्ष 2003-2009 तक तथा द्वितीय चरण वर्ष 2010-2016 तक रहा।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149697
http://mhrd.gov.in/technical-education-12

राजधानी, दुरंतो और शताब्दी ट्रेनों हेतु फ्लेक्सी किराया प्रणाली की शुरुआत

प्रश्न-अभी हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा राजधानी, दूरंतो और शताब्दी ट्रेनों के लिए फ्लेक्सी किराया प्रणाली शुरू करने का निर्णयकिया गया है। इस प्रणाली के तहत नई दरें कब से लागू की जाएंगी?

(a) 7 सितंबर, 2016 (b)8 सितंबर, 2016 (c) 9 सितंबर, 2016 (d)10 सितंबर, 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 सितंबर, 2016 को रेल मंत्रालय द्वारा राजधानी, दूरंतोऔर शताब्दी ट्रेनों के लिए फ्लेक्सी किराया प्रणाली शुरू करने का निर्णयकिया गया। इस नई प्रणाली के तहत पहले 10 प्रतिशत सीटें मौजूदा दर पर मिलेंगी, किन्तु इन सीटों के भरने पर आगे 10 प्रतिशत सीटों के लिए 10 प्रतिशत अधिक किराया देना होगा। इस प्रकार 10-10 प्रतिशत के अनुपातमें 10 प्रतिशत किराए की वृद्धि तब तक होगी जब तक यह 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंचजाती है। यह नई दरें 9 सितंबरसे लागू होंगी।
- प्रथम श्रेणी (वातानुकूलित) और एक्जीक्यूटिव श्रेणी की मौजूदादरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट चार्ज, कैटरिंग शुल्क, सेवाकर आदि जैसेअन्य पूरक प्रभार अलग से लागू किए जाएंगे। चार्ट बनाते समय खाली रह गयी बर्थ की तत्काल बुकिंग की जाएगी।
- उच्च श्रेणी का विकल्प अपनाने पर यदि निम्न श्रेणी का किराया उच्च श्रेणी से अधिक हो जाता है तो इसकी सूचना यात्री को दी जाएगी।
- किसी विशेषट्रेन हेतु प्रत्येक श्रेणी के अंतिम मूल्यों का आरक्षण चार्ट पर प्रिंट किया जाएगा।
- इन ट्रेनों में तत्काल कोटे हेतु निर्धारित बर्थ की वर्तमानसीमा को मौजूदादिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित किया जाएगा किन्तु तत्काल प्रभार के रूप में कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- तत्काल कोटे के तहत आवंटितबर्थों को सभी श्रेणियों के लिए (2 एस, एसएल, 2 ए, 3 ए, और सीसी) के आधार मूल्य के 1.5 गुनाकी दर पर बुक किया जाएगा। इन रेल सेवाओं में कोई प्रीमियम तत्काल कोटा नहीं होगा। संबंधित रियायती टिकट हेतु लागू सामान्य रियायत उपरोक्त प्रणाली के अनुसार प्रत्येक चरण में टिकट के आधार किराए पर स्वीकार्य होगी।

- वर्तमानरिफंड के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- उपरोक्त श्रेणी की ट्रेनों के संबंधमें अन्य सभी नियम व शर्तें बिना किसी परिवर्तनके जारी रहेंगी।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=54017
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149606

स्वदेश दर्शन के तहत विभिन्न परियोजनाओं को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में पर्यटनमंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन के तहत किन राज्यों के लिए 450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरीप्रदान की गई?



(a) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक
(b) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और अरुणाचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु और सिक्किम
(d) मध्य प्रदेश उत्तराखंड, मिजोरम, असम और बिहार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 सितंबर, 2016 को पर्यटनमंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन के तहत मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और सिक्किम के लिए 450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरीदी गई।
- उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्रालय में स्वदेश दर्शन योजना के लिए केंद्रीय अनुमोदन और निगरानी समिति (CSMC) ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में विरासत सर्किट, उत्तर प्रदेश में रामायण सर्किट, सिक्किम में पूर्वोत्तर सर्किट और तमिलनाडु में तटीय सर्किट के विकास हेतु 450 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरीदी। मध्य प्रदेश के विरासत सर्किट में अनुमानित100 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत से ग्वालियर-ओरछा-खजुराहो-चंदेरी-भीमबेटका-मांडू को कवर किया जायेगा।
- परियोजना स्थलों पर विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जायेगा जिनमें खजुराहो में थीम पार्क और कन्वेंशन सेंटर विकसितकरना तथा मांडू में साउंड एंड लाइट शो शामिल है।
- उत्तराखंड के विरासत सर्किट में लगभग 83 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत से जागेश्वरी-देवीधुरा-कटारमल-बैजनाथ स्थलों पर पर्यटनबुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है।
- तमिलनाडु के तटीय सर्किट में चेन्नई-ममल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपद-कन्याकुमारी में विकास के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के लिए मंजूरीदी गई।उत्तर प्रदेश के रामायण सर्किट में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर को विकसित किया जायेगा। इस सर्किट पर परिक्रमा मार्ग का विकास, फूड प्लाजा, लेजर शो, चित्रकूट के मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के हिस्सों को जोड़ने के लिए फुटओवर ब्रिज, घाटों का विकास, पर्यटकसुविधा केंद्र विकसितकिया जायेगा।
- उ.प्र. के रामायण सर्किट में अयोध्या भी शामिल है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश का पर्यटन विभाग विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार कर रहा है।

- सिक्किम के पूर्वोत्तर सर्किट के लिए लगभग 95.50 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से इको लॉग हट बनाना, सांस्कृतिक केंद्र, पैराग्लाइडिंग सेंटर, वास्तु शिल्प बाजार, पर्वतारोहण के लिए आधार शिविर और ध्यान कक्ष विकसित किये जाने की योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149587

झारखंड में लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली लागू

प्रश्न-झारखंड सरकार द्वारा राज्य में लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया है। इस प्रणाली को लागू करने के संदर्भ में झारखंड का देश में कौन-सा स्थान है?

(a)प्रथम (b)द्वितीय (c)तृतीय (d)चतुर्थ

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त, 2016 को झारखंड सरकार द्वारा राज्य में लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS-Public Fund Management System) को लागू किया गया। इस प्रणाली को लागू करने वाला यह देश का प्रथम राज्य है। इसे राज्य के वित्त विभाग द्वारा लागू किया गया है।
- इस लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली को सभी केंद्र संपोषित योजनाओं में तत्कालिक प्रभाव से लागू किया जाएगा। इस प्रणाली में प्रारंभ से अंत तक की सभी वित्तीय प्रक्रिया यथा भुगतान और सभी तरह की रिपोर्ट बनाने की सुविधा को शामिल किया गया है।

सौनी परियोजना

प्रश्न- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में स्थित 'सौनी' परियोजना के प्रथम चरण का शुभारंभ किया?

(a) तेलंगाना (b) गुजरात (c) आंध्र प्रदेश (d) राजस्थान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सानासोरा, गुजरात में सौनी (SAUNI: Saurashtra Narmada Avataran for Irrigation) परियोजना के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। जिससे सौराष्ट्र क्षेत्र के तीन जिलों राजकोट, जामनगर तथा मोरबी के लगभग 10 बांधों और जलाशयों को नर्म दानदी के पानी से भरा जा सकेगा। इस परियोजना की लागत 12,000 करोड़ रुपये है। नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वर्ष 2012 में इस परियोजना की घोषणा की थी। इस परियोजना के जरिए सिंचाई और पेयजल का संकट झेल रहे सौराष्ट्र क्षेत्र के 155 बांधों में पानी डाला जाना है।

संबंधित लिंक भी देखें…

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=53864

मुंबई-नागपुर सुपर संचार एक्सप्रेस वे परियोजना

प्रश्न-अभी हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस द्वारा मुंबईनागपुर सुपरसंचार एक्सप्रेस वे परियोजना का शुभारंभ किया गया है। इस परियोजना हेतु किसे नोडल एंजेसी नियुक्तकिया गया है?

(a) राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण (b) महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम

(c) राज्य सड़क परिवहन निगम (d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 अगस्त, 2016 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस द्वारा 46,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली मुंबईनागपुर सुपरसंचार एक्सप्रेस-वे का अनावरण किया गया। इस परियोजना हेतु नामित नोडल एजेंसी महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) है। यह परियोजना 10 जिलों में लगभग 750 किमी. की दूरीतक विस्तारित होगी। इसका निर्माण कार्य जनवरी माह के प्रारंभ तक शुरू होने और इसके सितंबर, 2019 तक पूरा हो जाने का अनुमानहै। इस परियोजना के तहत विकसित भूमिका हिस्सा परियोजना पूर्ण होने के पश्चात किसानों को वापस कर दिया जायेगा।

  संबंधितलिंकभी देखें...

  http://www.ptinews.com/news/7805480_Maha-to-roll-out-Mumbai-Nagpur-super-expressway-project.html

महिन्द्रा डिजिसेंस

प्रश्न-अभी हाल ही में किस कंपनी द्वारा महिंद्राडिजिसेंस को प्रारंभ करने की घोषणा की गयीहै?

(a) महिंद्राएंड महिंद्रालिमिटेड (b) महिंद्राएंड महिंद्राफाइनेंशियल सर्विसलिमिटेड

(c) महिंद्राएंड महिंद्राट्रैक्टर्स (d) महिंद्राएंड महिंद्राकार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 अगस्त, 2016 को महिंद्राएंड महिंद्रालिमिटेड (M&M) द्वारा महिन्द्रा डिजिसेंस (Mahindra DiGisense) को प्रारंभ करने की घोषणा की गयी। यह एक प्रौद्योगिकी समाधान है, जो महिन्द्रा के वाहनों ट्रैक्टर, ट्रक और निर्माण उपकरणों को इससे जोड़ता है। डिजिसेंस डिजिटल सक्षम संवेदनहै, जो महिन्द्रा के मोबिलिटी प्रोडक्ट की विस्तृतरेंज अर्थात ट्रैक्टर, निर्माण उपकरणों, वाणिज्यिक और यात्री वाहनों में उपलब्ध होगा। यह प्रथम प्रौद्योगिकी मंच है जो मल्टी ऐप्लिकेशन और मल्टी प्रोडक्ट एनेबेल्डहै। डिजिसेंस वाहन मालिकों, फ्लीट आपरेटरों, ड्राइवरों, डीलरों और सर्विसटीम को वास्तविक समय के आधार पर अपने वाहनों ट्रक, ट्रैक्टर और निर्माण उपकरणों के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इसके साथ ही महिन्द्रा भारत में प्रथम निर्यातक कंपनी है, जो कि क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकी मंच पर अपनेको उत्पाद जोड़ने वाली कंपनी बन गयी है।

ऑपरेशन/अभियान

सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2016'

प्रश्न-23 सितंबर, 2016 को भारत रूस के मध्य शुरू हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2016' का आयोजन रूस के किस शहर में किया जा रहा है?

(a) सेंट पीटर्स बर्ग (b) गुडिम (c) ब्लादिवोस्तोक (d) ग्रोज्मी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 सितंबर, 2016 को 11 दिन तक चलने वाला भारत व रूस के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इन्द्र-2016' के आठवें संस्करण का आयोजन रूस में उसीरियस्क (Ussiriysk) जिले में स्थित ब्लादिवोस्तोक नामक स्थान पर शुरू हो गया। संयुक्त अभ्यास के इस संस्करण का मुख्य फोकस-संयुक्त राष्ट्र जनादेश के तहत अर्ध-पहाड़ी क्षेत्रों तथा जंगल वाले क्षेत्रों में आतंकवाद-विरोधी अभियान पर केंद्रित होगा।
- इस सैन्याभ्यास में ब्रिगेडियर सुकृत चड्ढा (Sukrit Chadah) के नेतृत्व में 250 सदस्यीय कुमाऊं रेजिमेंट की भारतीय सैन्य टुकड़ी भाग ले रही है। जबकि रूसी सेना की 5वीं मोटराइज्ड इंफेंट्री ब्रिगेड की 250 सदस्यीय सैनिक टुकड़ी इस अभ्यास में शामिल है।
- उल्लेखनीय है कि भारत व रूस के मध्य वर्ष 2003 से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग प्रारंभ किया गया था, जिसमें इन्द्र संयुक्त सैन्य अभ्यास भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://in.rbth.com/multimedia/photo_of_the_day/2016/09/23/indra-2016_632775
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151060

पश्चिम बेड़े के पोत विदेशी दौरे पर

प्रश्न-20-23 सितंबर, 2016 के मध्य भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े के पोत आईएनएन कोलकाता, आईएनएस त्रिकंद और आईएनएस आदित्य किस देश के दौरे पर रहे?

(a) ब्राजील (b) दक्षिण अफ्रीका (c) कनाडा (d) श्रीलंका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20-23 सितंबर, 2016 के मध्य मुंबई स्थित भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े के पोत आईएनएस कोलकाता, आईएनएस त्रिकंद और आईएनएस आदित्य दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर रहे।
- इसका नेतृत्व पश्चिमी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर रियर एडमिरल रवनीत सिंह ने किया।

- उल्लेखनीय है कि भारतीय नौसेना के पोत पिछली बार नवंबर, 2014 को दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गये थे। इस दौरे में भारतीय युद्धपोत द्वारा दक्षिण अफ्रीका की नौसेना के साथ व्यावसायिक आदान-प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150928
http://www.indiannavy.nic.in/content/visit-indian-naval-warship-trikand-maputo-mozambique

स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम

प्रश्न-हाल ही में किस चर्चित राजनेता के जन्म दिवस '17 सितंबर' को रेल मंत्रालय ने स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम प्रारंभ किया?

(a) प्रणब मुखर्जी (b) नरेंद्र मोदी (c) सुरेश प्रभु (d) अरुण जेटली

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 सितंबर 2016 को रेलमंत्री सुरेशप्रभु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से 'स्वच्छता सप्ताह' (17 सितंबर से 25 सितंबर) कार्यक्रम प्रारंभ किया।
- यह कार्यक्रम भारत सरकार के 'स्वच्छ रेलवे स्वच्छ भारत मिशन' का एक भाग है।
- यात्रियों के बीच रेलवे परिसर में 'आरोग्यता और स्वच्छता' पर व्यापक जन जागरूकता सृजित करने के लिये रेल मंत्रालय ने यह कुल 9 दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम प्रारंभ किया है।
- स्वच्छ सप्ताह के प्रत्येक दिन के कार्यक्रम का नाम निर्देशन निम्नवत है- 17 सितंबर स्वच्छ पर्यावरण, 18 सितंबर स्वच्छ स्टेशन, 19 सितंबर स्वच्छ रेलगाड़ी, 20 सितंबर स्वच्छ नीर, 21 सितंबर स्वच्छ परिसर, 22 सितंबर स्वच्छ सहयोग, 23 सितंबर स्वच्छ सम्वाद, 24 सितंबर स्वच्छ समर्पण, 25 सितंबर स्वच्छ आहार

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55182
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150864

तटीय स्वच्छता अभियान

प्रश्न-17 सितंबर को पुडुचेरी में तटीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किसने किया?

(a) प्रणब मुखर्जी (b) नरेंद्र मोदी (c) किरण बेदी (d) वी.नारायनसामी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 सितंबर को 31वें अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर पुडुचेरी में तटीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ राज्य की उपराज्यपाल श्रीमती किरण बेदी द्वारा किया गया।

- कार्य क्रमका आयोजन भारतीय तटरक्षक बल ने स्थानीय प्रशासन के सहयोग से किया।
- किरण बेदी और स्थानीय प्रशासन मंत्री ए. नमासिवयम ने NSS, NCC, NGOS और भारतीय तटरक्षक बल के सदस्यों और अन्य को 'कचरा रहित समुद्रतट' बनाने की प्रतिज्ञा दिखाई।
- उल्लेखनीय है कि इस संबंधमें स्वयं सेवीसंस्थाओं और व्यक्तियों की हिस्सेदारी से 'ओसियन कंजर्वेंसी' नाम की संस्था द्वारा 1986 से ही ऐसे अभियानों की शुरुआत की गयी थी।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://indiatoday.intoday.in/story/bedi-launches-coastal-clean-up-drive/1/766478.html

शौचालय संग सेल्फी पहल

प्रश्न-'मेरे शौचालय के साथ सेल्फी' कार्य क्रमका शुभारंभ कहां किया गया?

(a) पुडुचेरी (b) नई दिल्ली (c) अहमदाबाद (d) लुधियाना

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- सितम्बर, 2016 में 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने तथा लोगों को शौचालय इस्तेमालके लिये प्रेरित करने के लिये लुधियाना जिला प्रशासन ने 'मेरे शौचालय के साथ सेल्फी' अभियान की शुरुआत की। अभियान की शुरूआत में पंजाब सरकार और भारती फाउंडेशन द्वारा शौचालय सुविधा प्राप्त लाभार्थियों से अपने शौचालय के साथ सेल्फी लेने का आग्रह किया गया है।
- सबसे बेहतरीन सेल्फी और सभी सुविधाओं युक्त सबसे अच्छे शौचालय के मालिक को 2 अक्टूबर को जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। लुधियाना प्रशासन का लक्ष्य-31 अक्टूबर तक सभी शहरी घरों को शौचालय सुविधा युक्त करने तथा खुले में शौच से मुक्तकरना है।
- इस लक्ष्य की पूर्तिके लिये पंजाब सरकार और भारती फाउंडेशन ने 31 अक्टूबर तक 26,107 शौचालयों को बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 20000 शौचालय बनाये जा चुके हैं।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://timesofindia.indiatimes.com/city/ludhiana/Ludhiana-administration-starts-Selfie-with-my-Shauchalya-campaign/articleshow/54382979.cms

युद्ध अभ्यास-2016

प्रश्न-14-27 सितंबर, 2016 के मध्य भारत और अमेरिकाकी सेनाओं के बीच कहां संयुक्तसैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास-2016' आयोजित किया जा रहा है?

(a) विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश (b) जैसलमेर, राजस्थान

(c) चौबटिया, उत्तराखंड (d) कांडला, गुजरात

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-27 सितंबर, 2016 के मध्य भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2016' (Yudh Abhyas-2016) चौबटिया, उत्तराखंड में आयोजित किया जा रहा है।
- यह प्रशिक्षण अभ्यास अमेरिकी सेना ने प्रशांत साझेदारी कार्य क्रम के अंतर्गत वर्ष 2004 में शुरू किया था।
- 'युद्ध अभ्यास-2016' भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग का 12वां संस्करण है।
- इससे पूर्व वर्ष 2014 में चौबटिया छावनी में दोनों देशों की सेनाओं ने संयुक्त युद्धाभ्यास किया था।
- दो सप्ताह तक चलने वाले इस संयुक्त युद्धाभ्यास में अमेरिकी सेना की लगभग 225 सैन्य कर्मियों की एक टुकड़ी और इतनी भारतीय सेना के कांगो ब्रिगेड की टुकड़ी भाग ले रही हैं। संयुक्त युद्धाभ्यास में दोनों देशों की सेनाएं विपरीत परिस्थितियों में आतंकवाद से निपटने का अभ्यास करेंगी। गत वर्ष (2015) में यह अभ्यास अमेरिका के संयुक्त बेस 'लेविस मेककॉर्ड' (Lewis Macchord) में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149799
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=126091

गैस-4 इंडिया अभियान

प्रश्न-अभी हाल ही में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया गैस-4 इंडिया अभियान का उद्देश्य क्या है?

(a) प्राकृतिक गैस के उत्पादन हेतु (b) प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु
(c) प्राकृतिक गैस उत्पादन हेतु नई टेक्नोलॉजी के प्रयोग हेतु (d)उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र प्रधान द्वारा देश में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैस-4 इंडिया (#Gas4India) अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत देश में प्राकृतिक गैस के उपयोग को प्रोत्साहन देने हेतु सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इस अभियान को प्रभावी बनाने हेतु वेबसाइट, ट्विटर हैंडल, फेसबुक पेज और थीम गीत अभियान का भी शुभारंभ किया गया। यह अभियान संपूर्ण भारत में मल्टीमीडिया, बहु उद्देशीय अभियान है। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार देश गैस आधारित अर्थ व्यवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान में देश के ऊर्जा क्षेत्र में गैस की हिस्सेदारी 6.5 प्रतिशत है, जिसे और बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस माध्यम से गैस का उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार ने राष्ट्रव्यापी गैस ग्रिड और बुनियादी ढांचे की स्थापना की है। गैस ग्रिड और बुनियादी ढांचे की स्थापना हेतु गेल (इंडिया) लिमिटेड कंपनी को यह काम सौंपा गया है। सरकार द्वारा शीघ्र ही जैव सीएनजी और जैव पीएनजी गैस को बढ़ावा देने हेतु कोल बेडमीथेन से कृत्रिम गैस का उत्पादन शुरू किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें…
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149580

'प्रबल दोस्तकी 16'

प्रश्न-हाल ही में संयुक्त सैन्याभ्यास 'प्रबल दोस्तकी 16' (Prabal Dostyk-16) किन देशों के मध्य आयोजित किया जा रहा है?

(a) भारत-कजाखिस्तान (b) भारत-उज्बेकिस्तान

(c) भारत-ताजिकिस्तान (d) भारत-तुर्कमेनिस्तान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 सितंबर, 2016 को भारत और कजाखिस्तान की थल सेनाओं के मध्य संयुक्त अभ्यास 'प्रबल दोस्तकी 16' (Prabal Dostyk-16) प्रारंभ हुआ। इसका आयोजन 17 सितंबर, 2016 तक किया जायेगा।
- यह सैन्याभ्यास कजाखिस्तान के कारागंडा (Karaganda) प्रांत में आयोजित किया जा रहा है।
- इस 14 दिवसीय सैन्याभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य संयुक्तराष्ट्र के तत्वावधान में ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र में आतंकवाद और चुनौतियों का सामना करने में अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाना है।
- यह सैन्याभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में दोनों सेनाओं को एक दूसरे के युद्ध कौशल, ड्रिल (Drills), हथियारों और उपकरणों से परिचित होना है।
- जबकि दूसरे चरण में दोनों सेनाओं की टुकड़ियां कृत्रिम (Simulated) माहौल में हेलीकॉप्टर जनित ऑपरेशन निष्पादित करने हेतु संयुक्त रूप से प्रशिक्षित होंगी।
- 'प्रबल दोस्तकी' अभ्यास दोनों देशों के मध्य सैन्य और राजनयिक संबंध को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संबंधित लिंक भी देखें…
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149599

कुष्ठ रोग निवारण अभियान का शुभारंभ

प्रश्न-अभी हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अब तक का सबसे बड़ा कुष्ठ रोग निवारण अभियान का प्रारंभ किया गया है। यह अभियान किस तिथि से प्रारंभ किया गया है?

(a) 3 सितंबर, 2016 (b) 4 सितंबर, 2016

(c) 5 सितंबर, 2016 (d) 6 सितंबर, 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 सितंबर, 2016 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा भारत से कुष्ठरोग के पूर्ण उन्मूलन हेतु अब तक का सबसे बड़ा कुष्ठ रोग निवारण अभियान प्रारंभ किया गया।
- यह अभियान 19 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 149 जिलों में शुरू किया गया है।
- उक्त अभियान 15 दिन तक चलेगा, इस दौरान उपरोक्त जिलों के 1656 संभागों/शहरी क्षेत्रों के कुल 32 करोड़ लोगों की जांच की जाएगी।
- ये कार्य हेतु 297604 टीमों को लगाया गया है, जिसमें एक महिला आशा कर्मी और एक पुरुष स्वयं सेवी शामिल है।
- इस टीमें निर्धारित क्षेत्रों के प्रत्येक घर का दौरा करेंगी और कुष्ठ रोग के संबंध में परिवार के सभी सदस्यों की जांच करेंगी।
- इस अभियान के अंतर्गत जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल किया गया है वे निम्न हैं-आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड, ओड़िशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली, दिल्ली और लक्षद्वीप।
- उपरोक्त जिलों में पिछले तीन वर्षों में कुष्ठ रोग की दर 10,000 की आबादी पर एक से अधिक पाई गयी है। इस अभियान के तहत लक्षित आबादी के प्रत्येक सदस्य की जांच की जाएगी।
- इसका उद्देश्य प्रभावित व्यक्तियों में कुष्ठ रोग का शुरुआत में ही निदान करना है जिससे उन्हें शारीरिक अक्षमता और अंगों की खराबी से सुरक्षित किया जा सके।
- प्रथम वृहद कुष्ठ रोग अभियान मार्च-अप्रैल, 2016 को 7 राज्यों के 50 जिलों में प्रारंभ किया गया था।
- इसके तहत बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश को शामिल किया गया था।
- प्रथम अभियान के अंतर्गत लगभग 60.8 करोड़ जनसंख्या इसके दायरे में शामिल थी।
- उल्लेखनीय है कि इस अभियान के दौरान 65427 शंकित मामलों की पहचान की गई थी, जिसमें से 4120 मामले सही पाए गए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149557

पुडुचेरी में श्रमदान आंदोलन का शुभारंभ

प्रश्न-अभी हाल ही में पुडुचेरी की उपराज्यपाल किरण बेदी द्वारा राज्य के किस स्थान पर श्रमदान आंदोलन का शुभारंभ किया गया है?

(a) सेलियामेडू (b) पुदूकूप्पम

(c) थिरूक्कानूर (d) कूनीचेम्पेट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 3 सितंबर, 2016 को पुडुचेरीकी उपराज्यपाल किरण बेदी द्वारा स्वच्छ भारत और स्वच्छ पुडुचेरीकी पहल पर बहूरसमुदायपंचायत सीमाके सेलियामेडूगांव से श्रमदान आंदोलन का शुभारंभ किया गया।
- इस आंदोलन का उद्देश्य एकरोगमुक्त वातावरण का निर्माण करना है।
- इस अवसर पर किरण बेदी ने कहा कि श्रमदान एक आदत है, और साथ ही एक आंदोलन भी है।
- इसमें गंदगी के खिलाफ प्रत्येक लोगों को प्रतिष्ठा की परवाह किए बिना शामिल होना चाहिए।
- इस अभियान के लक्ष्यको अगले वर्ष के अक्टूबर तक हासिल करने की उम्मीद की गयी है।
- इस आंदोलन में जल्द ही पांडिचेरी विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों के 50,000 से अधिक छात्रों को शामिल किया जाएगा।

संबंधित लिंकभी देखें…

http://www.thehindu.com/news/cities/puducherry/kiran-bedi-launches-shramdaan-movement-in-puducherry-village/article9069809.ece

संयुक्त आपदा राहत अभ्यास 'प्रकंपन'

प्रश्न-हाल ही में संयुक्तआपदा राहत अभ्यास 'प्रकंपन' (Prakampna) कहां संपन्न हुआ?

(a)कोच्चि (b)चेन्नई

(c)विशाखापट्टनम (d)मुंबई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 अगस्त से 1 सितंबर, 2016 के मध्य वार्षिकसंयुक्तआपदा राहत अभ्यास 'प्रकंपन, 2016' (Prakampna, 2016) विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश में संपन्नहुआ।
- यह तीन दिवसीय अभ्यास पूर्वीनौसेना कमान द्वारा केंद्रीय व राज्य प्राधिकरणों के सहयोग से किया गया।
- यह अभ्यास विशेष परिस्थितियों में मानवीय सहायता प्रदान करने हेतु लक्षित था।

संबंधित लिंकभी देखें…

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149359
http://www.indiastrategic.in/Maiden_Annual_Joint_Disaster_Relief_Exercise_Prakampana_Inaugurated.htm
http://indiannavy.nic.in/hi/content/annual-joint-disaster-relief-exercise-%E2%80%98prakampana%E2%80%99-concludes

आयोग/समिति

डॉ. अमरजीत सिंहसमिति

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा किस नदी के मुद्दे पर मंत्रालय के विशेषकार्याधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति के गठन किये जाने की घोषणा की?

(a) यमुनानदी (b) कावेरीनदी (c) महानदी (d) गंगा नदी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 17 सितंबर, 2016 को केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा महानदी मुद्दे पर मंत्रालय के विशेषकार्याधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। समिति इस बात का पता लगाएगी कि छत्तीसगढ़ व ओडिशा में किन-किन परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञ सलाहकार समिति का अनुमोदन नहीं था।

सीईए ने सरकार को दाल उत्पादन बढ़ाने संबंधी रिपोर्ट सौंपी

प्रश्न-हाल ही में किसकी अध्यक्षता में गठित समिति ने दाल उत्पादन बढ़ाने संबंधी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी?

(a) अरविंद पनगढ़िया (b) अरविंद सुब्रमणियन (c) एच.आर.खान (d) शक्तिकांत दास

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर, 2016 को मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) अरविंद सुब्रमणियन की अध्यक्षता में गठित समिति ने दाल उत्पादन बढ़ाने संबंधी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी। समिति ने ट्रेडर्स के लिए स्टॉक लिमिट खत्म करने, एक्सपोर्ट से बैन हटाने और चना-उड़द सहित कई दालों का एमएसपी बढ़ाने सहित कई सिफारिशें की हैं। इसके अलावा कुछ अन्य प्रमुख सिफारिशें इस प्रकार हैं-(i) दहलन बुआई पर किसानों को 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी मिले, (ii) दालों की सप्लाई 8% बढ़ाई जाए, (iii) दालों की खरीद-बिक्री की साप्ताहिक समीक्षा की जाए, (iv) उड़द का 2 लाख और तुअर (अरहर) का 3.5 लाख टन का बफर स्टॉक बनाया जाए, (v) दालों की उत्पादन वृद्धि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत किया जाए, (iv) देश में दालों की स्थिति के लिए एक प्रचार सचिवों की कमेटी बनाई जाए जो समय-समय पर खरीद, बिक्री और आयात की समीक्षा कर सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddinews.gov.in/Hindi/Business/Business%20-%20Top%20Story/Pages/meeting%20on%20pulse%20price%20hike.aspx

मधुकर गुप्ता समिति

प्रश्न-29 अगस्त, 2016 को मधुकर गुप्ता की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह को अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह समिति संबंधित है-

(a) भारत में बांग्लादेशी नागरिकों को पहचान से संबंधित (b) ई-वीजा से संबंधित

(c) भारत-पाक सीमा को मजबूतीतथा उसकी भेद्यता से संबंधित (d) भारत-बांग्ला सीमा को मजबूती

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 अगस्त, 2016 को मधुकरगुप्ताकी अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंहको अपनी रिपोर्ट सौंपी। अप्रैल, 2016 में गृहमंत्रालय ने सीमा सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने और भारत-पाक सीमा अवस्थित बाड़ में दरार एवं उसकी भेद्यता से संबंधित मसले को सुलझानेके लिए पूर्वगृह सचिव मधुकरगुप्ताकी अध्यक्षता में एक समिति गठित की गयीथी। समिति ने खतरे की अवधारणा पर चर्चाओं, क्षेत्रों के दौरे और हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के जरिए विस्तृत अध्ययन किया है। समिति ने भारत-पाक सीमा पर सुरक्षाको मजबूती प्रदान करने के बारे में व्यापक सिफारिशें की हैं।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=53834

भारतीय नौसेना द्वारा स्कॉर्पियन लीक जांच हेतु उच्च स्तरीय समिति

प्रश्न-हाल ही में भारतीय नौसेना ने स्कॉर्पियन पनडुब्बी के डाटा लीक मामले और इससे नौसेना को हुए नुकसान की जांच के लिए किसकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया?

(a) एडमिरल अशोक कुमार(b) एडमिरल दीपक कुमार(c) एडमिरल सुनील कुमार(d) एडमिरल संजय पाठक

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 29 अगस्त, 2016 को भारतीय नौसेना ने स्कॉर्पियन पनडुब्बी के डाटा लीक मामले और इससे नौसेना को हुए नुकसान की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। समिति के अध्यक्ष उप-नौसेना प्रमुख एडमिरल अशोक कुमार होंगे। ज्ञातव्य है कि एक ऑस्ट्रेलियाई अखबार 'द ऑस्ट्रेलियन' ने भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी रक्षा कंपनी डीसीएनएस के मध्य महत्वपूर्णस्कॉर्पियन पनडुब्बी समझौते की गुप्त जानकारी लीक होने की खबर प्रकाशित की थी। लीक हुई जानकारी लगभग 22,400 पन्ने की है जिसमें पनडुब्बी की टोही क्षमता और खुफिया जानकारियां हासिल करने से जुड़ी तकनीकी विशेषताएं शामिल हैं। गौरतलब है कि नौसेना मुंबईके मझगांव डॉकयार्ड में डीसीएनएस की मदद से 6 पनडुब्बियां बना रही है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://airworldservice.org/english/archives/32351

सम्मेलन/समारोह

ब्रिक्स देशों की श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक

प्रश्न-27-28 सितंबर, 2016 के मध्य ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों का सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?

(a) जयपुर (b) गोवा (c) नई दिल्ली (d) उदयपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27-28 सितंबर, 2016 के मध्य 'ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों का सम्मेलन नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बंडारू दत्तात्रेय ने किया। इस सम्मेलन में सभी ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया और सामूहिक रूप से सामना करने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में रोजगार सृजन, सतत विकास, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्यों जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। विचार-विमर्श के बाद 'ब्रिक्स श्रम और रोजगार मंत्री स्तरीय घोषणा' को अपनाया गया।
- ब्रिक्स मंत्री स्तरीय घोषणा कार्य मुखीवक्तव्य है। इसमें रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा और श्रम बाजार को औपचारिक बनाने जैसे विषयों पर ठोस कार्य क्रमका प्रस्ताव है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151224

जीरो फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक-2016

प्रश्न- 'जीरो फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक-2016' के पांचवे संस्करण का आयोजन किस राज्य में किया गया था?

(a) अरूणाचल प्रदेश (b) असम (c) मणिपुर (d) सिक्किम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22-25 सितंबर, 2016 के मध्य 'जीरो फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक-2016' (Ziro Festival of Music-2016) के 5वें संस्करण का आयोजन अरूणाचल प्रदेश राज्य में किया गया। इस फेस्टिवल का आयोजन अरुणाचल प्रदेश सरकार और केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के संयुक्ततत्वावधान में किया गया। इस फेस्टिवल को देश का सबसे बड़ा आउटडोर संगीत समारोह माना जाता है। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों सहित पर्यटकों ने भी हिस्सा लिया। ज्ञातव्य है कि इस म्युजिक फेस्टिवल की शुरूआत वर्ष 2013 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://zirofestival.com/information
https://twitter.com/DDNational/status/778921946868092928

भारत द्वारा प्रथम ब्रिक्स युवा वैज्ञानिक विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रश्न-26-30 सितंबर, 2016 तक भारत द्वारा प्रथम ब्रिक्स युवा वैज्ञानिक विचार गोष्ठी का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) अहमदाबाद (d) चंडीगढ़

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26-30 सितंबर 2016 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा ब्रिक्स फ्रेमवर्क के तहत बंगलूरूमें ब्रिक्स युवा वैज्ञानिक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।
- इसका आयोजन और समन्वय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज (NIAS-National Institute of Advanced Studies) बंगलुरूद्वारा किया जाएगा।
- इस गोष्ठी में ब्रिक्स देशों के लगभग 50 युवा वैज्ञानिक और अनुसंधानकर्त्ता भाग लेंगे।
- विचार गोष्ठी का उद्देश्य एक ब्रिक्स नवाचार वाहिनी (Innovation Corps) का निर्माण करना है।
- गोष्ठी में मुख्यतः बनाने, सीखने, समावेशी और सामूहिकसमाधानों पर बल दिया जाएगा।
- इस कार्यक्रमका उद्घाटन इसरो के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर के कस्तूरीरंगन ने किया।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.brics-ysf.org/ysf-banaglore-conclave
http://pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=151088

शरणार्थी और प्रवासी मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में संयुक्तराष्ट्र महासभा के 71वें अधिवेशन में शरणार्थी और प्रवासी संबंधी किस घोषणा-पत्र को अपनाया गया?

(a) वाशिंगटनघोषणा-पत्र (b) न्यूयार्क घोषणा-पत्र

(c) शरणार्थी एवं प्रवासी घोषणा-पत्र (d) पेरिस घोषणा-पत्र

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 सितंबर 2016 को शरणार्थी और प्रवासी मुद्दे पर संयुक्तराष्ट्र महासभा का पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।
- सम्मेलनका आयोजन न्यूयार्क स्थित संयुक्तराष्ट्र महासभा के कार्यालय में किया गया।
- इस सम्मेलनको 'शरणार्थियों एवं प्रवासियों के लिए न्यूयार्क घोषणा-पत्र' नाम दिया गया है।
- न्यूयार्क घोषणा-पत्र शरणार्थियों एवं प्रवासियों के जीवन की राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा वैश्विक स्तर पर जिम्मेदारी सुनिश्चित करता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्यामें लोगों को अपने घरों को छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा है।

- **न्यूयार्क घोषणा-पत्र की प्रमुखविशेषाएं-** सभी शरणार्थियोंतथा प्रवासियों के मानव अधिकारों की रक्षा करना। यौन और लिंगआधारित हिंसाकी रोकथाम करना। सभी शरणार्थी और प्रवासी बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था उनके आगमन केकुछ माह के भीतर सुनिश्चितकरना। शरणार्थियों और प्रवासियों की बड़ी संख्याको बचाने, ग्रहण करने तथा उनकी मेजबानी करने वाले देशों का समर्थनकरना। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के अंतर्गत इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (IOM) लाकर प्रवास के वैश्विक शासन को मजबूत बनाना।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://refugeesmigrants.un.org/summit
http://refugeesmigrants.un.org/declaration
http://www.unhcr.org/united-nations-summit-for-refugees-and-migrants.html

बाल कैंसर जागरूकता पर प्रदर्शनी का आयोजन

प्रश्न-25-27 सितंबर, 2016 तक पहली बार किस शहर में बाल कैंसर पर जागरूकता प्रदर्शनीका आयोजन किया जा रहा है?

(a) आगरा (b) लखनऊ (c) कानपुर (d) नोयडा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25-27 सितंबर 2016 तक पहली बार आगरा में स्थित प्रतिष्ठित ताजमहल में बाल कैंसर जागरूकता पर प्रदर्शनीका आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनीका आयोजन कैनकिड्स-किड्सकैन बाल कैंसर के परिवर्तनहेतु राष्ट्रीय सामाजिक संस्था, जो कि एक गैर-लाभकारी संगठनहै, द्वारा किया जा रहा है।
- प्रदर्शनीमें 'चलो चलें ताज' कार्य क्रमके तहत लगभग 1500 कैंसर से प्रभावित बच्चों, कैंसर से जीवित बचे बच्चे और उनके परिवार को ताजमहल का दौरा करने हेतु शामिल किया गया है।
- इस अभियान को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी समर्थनप्राप्त है।
- अन्य कार्य क्रमोंके तहत प्रदर्शनीमें बाल कैंसर के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक समारोह का आयोजन तथा एक गीत का प्रदर्शनकिया गया। इसके साथ ही अभियान के समर्थनमें विश्व की महत्वपूर्ण शख्सियतों और जानी-मानी हस्तियों के विभिन्न संदेशों को समारोह में दिखाया गया।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://www.ptinews.com/news/7908986_Exhibition-at-Taj-Mahal-for-children-with-cancer.html

'बिराक' इनोवेटर्स पांचवी बैठक

प्रश्न-22-23 सितंबर, 2016 के मध्य 'जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधानसहायता परिषद' (बिराक) इनोवेटर्स की पांचवी बैठक का आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर (b) नई दिल्ली (c) लखनऊ (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22-23 सितंबर 2016 के मध्य 'जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद' (BIRAC) इनोवेटर्स की पांचवी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इस बैठक का आयोजन जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT), भारत सरकार द्वारा किया गया।
- इस बैठक की थीम-'जैव प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र-अगली छलांग की रणनीति तैयार करना' (Biotech Innovation Ecosystem Strategizing the Next Leap) थी।
- इस बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान के सभी क्षेत्रों में नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 'बिराक' की ओर से किये जा रहे प्रयासों को चिन्हित करना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150954
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=151045

ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों की बैठक

प्रश्न-16 सितंबर 2016 ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों की बैठक कहां संपन्न हुई?

(a) गोवा (b) नई दिल्ली (c) जयपुर (d) बंगलुरू

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर 2016 के मध्य ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों की बैठक गोवा में संपन्न हुई।
- यह बैठक पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी।
- बैठक में ब्रिक्स देशों के पर्यावरण मंत्रियों ने संयुक्त कार्य समूह की स्थापना और पर्यावरण संबंधी विषयों पर पारस्परिक सहयोग को लामबंद करने के लिए एक सहमति दस्तावेज को मंजूरी दी।
- पारस्परिक सहयोग के क्षेत्रों में वायु एवं जल प्रदूषण पर नियंत्रण और कमी, तरल एवं ठोस कचरे का कारगर प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और जैव-विविधता का संरक्षण शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149841

ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की छठी बैठक

प्रश्न-15-16 सितंबर, 2016 के मध्य ब्रिक्स देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की छठी बैठक कहां संपन्न हुई?



(a) गोवा (b) नई दिल्ली (c) जयपुर (d) बंगलुरू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15-16 सितंबर 2016 के मध्य ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की छठी बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने की।
- बैठक में ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने हिस्सा लिया।
- प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर ब्रिक्स सदस्य देशों के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए बैठक में सुरक्षा मसलों पर विचार-विमर्श हुआ।
- इनमें आतंकवाद विरोधी अभियान, साइबर सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा शामिल है।
- सदस्य देशों के मध्य पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका के घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श हुआ।
- सदस्यों द्वारा साइबर सुरक्षा और सूचना सुरक्षा के मसले पर सहयोग बढ़ाने पर फैसला हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/brics-members-agree-to-deny-terrorists-access-to-finance/articleshow/54350138.cms
http://thebricspost.com/need-a-global-legal-regime-to-deal-with-terrorism-brics/#.V9zxEFt961s

शहरी संक्रमण पर ब्रिक्स सम्मेलन

प्रश्न-14-16 सितंबर, 2016 के मध्य 'शहरी संक्रमण पर ब्रिक्स सम्मेलन' (BRICS Conference on Urban Transition) का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) जयपुर (b) विशाखापत्तनम (c) बंगलुरू (d) कोच्चि

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14-16 सितंबर 2016 के मध्य 'शहरी संक्रमण पर ब्रिक्स सम्मेलन (BRICS Conference on Urban Transition) का आयोजन विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्री वेंकैया नायडू ने किया।
- इसका उद्देश्य ब्रिक्स देशों में शहरी क्षेत्र के विकास में आपसी सहयोग बढ़ाना है।
- इस सम्मेलन में ब्राजील, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के लगभग 70 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।
- इसमें अगले माह क्विटो एक्वाडोर में आयोजित किये जाने वाले हैबीटेट-III सम्मेलन में प्रस्तुत किये जाने वाले ब्रिक्स देशों के साझा एजेंडा को तैयार करने के बारे में विचार-विमर्श किया जायेगा।
- गौरतलब है कि ब्रिक्स देशों में 3 बिलियन से अधिक की आबादी रहती है जो विश्व की आबादी की 53.40 प्रतिशत है।
- इसी प्रकार, इन देशों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 23.10 प्रतिशत हिस्सा तथा चार महाद्वीपों से अधिक में फैले विश्व के भौगोलिक क्षेत्र का 26.70 प्रतिशत हिस्सा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149720

ब्रिक्स स्वास्थ्य कार्यशाला

प्रश्न-10-11 सितंबर, 2016 के मध्य ब्रिक्स स्वास्थ्य कार्य शालाका आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) रांची (d) नई दिल्ली

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10-11 सितंबर 2016 के मध्य 'ब्रिक्स स्वास्थ्य कार्य शाला का आयोजन बंगलुरूमें किया गया।
- इस कार्य शालाका आयोजन आयुषमंत्रालय द्वारा विकासशील देशों के लिए अनुसंधानऔर सूचना प्रणाली (RIS) के सहयोग से किया गया। ब्रिक्स स्वास्थ्य कार्य शालामें ब्रिक्स के सदस्य देशों के सचिव स्तरीय अधिकारी और परंपरागत चिकित्सा/स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।
- इसके साथ ही आयुषमंत्रालय ने 10-13 सितंबर 2016 के दौरान पैलेसग्राउंड्स, बंगलुरूमें चार दिवसीय आरोग्य मेले का आयोजन भीकिया। इस मेले के तहत ब्रिक्स देशों के विनिर्माताओं/परंपरागत चिकित्सा/कच्चे माल के आयातकों को भारतीय परंपरागत चिकित्सा उत्पादों/विनिर्माण सुविधाओंके बारे में सीधे अनुभवप्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें अपने उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शितकरने का अवसर मिला। 9 से 12 सितंबर, 2016 के मध्य योग कार्य शालाऔर विशेषज्ञोंके साथ आयुर्वेदपर विचार-विमर्श सत्र का भीआयोजन किया गया।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149683

प्रथम इंटरनेट ऑफ थिंग्स(IoT) इंडिया कांग्रेस-2016

प्रश्न-6-8 सितंबर, 2016 के मध्य प्रथम इंटरनेटऑफ थिंग्स (IoT) इंडियाकांग्रेस, 2016 का आयोजन कहां किया गया?

(a) चेन्नई (b) जयपुर (c) बंगलुरू (d) नई दिल्ली

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-8 सितंबर 2016 के मध्य प्रथम 'इंटरनेटऑफ थिंग्सइंडिया कांग्रेस' (Internet of Things (IoT) India Congress) 2016 का आयोजन बंगलुरूमें किया गया। इस कांग्रेसका उद्घाटन केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री रविशंकर प्रसाद ने किया। इसमें देश में इंटरनेट ऑफ थिंग्सके कार्यान्वयन से संबंधितसभी पक्षों एवं भागीदारों ने भाग लिया। साथ ही इंटरनेट ऑफ थिंग्स में संलग्न उपक्रम जैसे हार्डवेयर सॉफ्टवेयर, पोर्टेबल, सेंसर आदि व्यवसाय में लगी कंपनियां शामिल हुईं।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://iotindiacongress.com/
http://www.thehindu.com/business/Industry/bengaluru-hosts-first-edition-of-iot-india-congress/article9081662.ece

14वां आसियान-भारत और 11वां पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन

प्रश्न-8 सितंबर, 2016 को 14वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a)लाओस (b)क्वालालंपुर (c)ढाका (d)सिंगापुर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को 14वें आसियान-भारत और 11वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनका आयोजन वियानतियाने, लाओस में किया गया। 14वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलनमें 10 दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों-इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, ब्रुनेई, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, वियतनाम तथा थाईलैंड के नेताओं ने भाग लिया।
- इस शिखर सम्मेलनमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्वप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- उल्लेखनीय है कि भारत-आसियान के मध्य वर्ष 2015-16 के दौरान लगभग 65.04 अरब डॉलर का कारोबार हुआ। यह विश्व के साथ भारत के कुल कारोबार का 10.12 प्रतिशत है।
- इस शिखर सम्मेलनमें राजनीतिक सुरक्षा, आर्थिकएवं सामाजिक-सांस्कृतिक सहयोग पर चर्चा हुई।
- 8 सितंबर, 2016 को 11वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनके बैठकमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों ने भाग लिया।
- वर्ष 2005 में गठित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनका भारत संस्थापक सदस्य है।
- इस शिखर बैठक में नौवहन सुरक्षा, आतंकवाद, परमाणु अप्रसार और अनियमित विस्थापन समेतक्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा हुई। इसी के साथ 10 सदस्यीय आसियान देशों का 28वां व 29वां शिखर सम्मेलन6-7 सितंबर, 2016 को वियानतियाने में ही संपन्नहुआ।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149455

प्रथम ब्रिक्स फिल्म महोत्सव-2016

प्रश्न-2-6 सितंबर, 2016 के मध्य 'ब्रिक्स फिल्म महोत्सव-2016' का आयोजन कहां किया जायेगा?

(a) जयपुर (b) उदयपुर (c) नई दिल्ली (d) मुंबई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2-6 सितंबर, 2016 के मध्य 'प्रथम ब्रिक्स फिल्म महोत्सव-2016' (First BRICS Film Festival-2016) का आयोजन सीरी फोर्ट ऑडोटोरियम नई दिल्ली में किया गया।
- गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ब्रिक्स शिखर सम्मेलनमें ब्रिक्स फिल्म महोत्सव और फिल्म पुरस्कारों का प्रस्ताव किया था, जिसके बाद अब पहली बार ब्रिक्स देशों के बीच सहभागिता बढ़ाने एवं सद्भाव पैदा करने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

- 2 सितंबर, 2016 को इस फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन सूचना प्रसारण राज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर और विदेश राज्यमंत्री जनरल वी.के. सिंह ने किया। इस फिल्म महोत्सव में ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका की चुनिंदा फिल्मों की स्क्रीनिंग की गयी।
- पांच दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में प्रतिस्पर्धा वर्ग में 20 फिल्में दिखाई गयी। सभी देशों से चार-चार फिल्में रहीं। फिल्म महोत्सव की शुरूआत प्रसिद्ध निर्देशक जयराज राजशेखरन नायर की फिल्म 'वीरम' तथा अन्त फिल्म निर्देशक रेन्नी हारलिन की फिल्म स्किपट्रेस से हुई।
- इस समारोह में भारतीय फिल्म 'तिथि' को सर्व श्रेष्ठफिल्म एवं फिल्म 'झुआन चांग' के निर्देशक हुओ जियांकी को सर्व श्रेष्ठनिर्देशक के लिए पुरस्कृत किया गया।
- सर्व श्रेष्ठअभिनेत्री का पुरस्कार रूसी फिल्म 'बैटल ऑफ सेवास्तोपोल' में अभिनय के लिए युलिया पेरीसील्ड को तथा सर्व श्रेष्ठअभिनेता का पुरस्कार अफ्रीकी फिल्म 'कालूशि में अभिनय के लिए थाबो रामेत्सीको प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149515
https://sputniknews.com/art_living/20160906/1045023428/india-russian-actress-award.html

रसोई गैस पर भारत में पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस राज्य में रसोई गैस पर भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया?

(a) केरल (b) कर्नाटक (c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 सितंबर, 2016 को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वरमें रसोई गैस पर भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।
- सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड की राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने किया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन में रसोई गैस की आवश्यकता, इसके न होने से उत्पन्न होने वाली समस्याएं और रसोई में परम्परागत ईंधन के प्रयोग से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में स्वैच्छिक रूप से सब्सिडी छोड़ने के लिए प्रेरित करने वाली 'गिव इट अप' योजना पर भी विचार विमर्श होगा।
- सम्मेलन में 12 से ज्यादा विकासशील देशों के प्रतिनिधि गण ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://energy.economictimes.indiatimes.com/news/oil-and-gas/first-international-conference-on-lpg-inaugurated-in-bhubaneswar-today/53963404
http://www.newindianexpress.com/states/odisha/First-international-conference-on-LPG-in-Bhubaneswar-from-Thursday/2016/08/31/article3606076.ece

सोलंग का त्योहार

प्रश्न-सोलंग का त्योहार किस प्रदेश से संबंधित है?

(a)अरूणाचल प्रदेश (b)मिजोराम (c)मणिपुर (d)असम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अरुणाचल प्रदेश के अदि जनजातीय समुदायका प्रमुखत्योहार 'सोलंग' 31 अगस्त, 2016 से शुरूहो गया।
- अदि जनजाति कृषि कार्य से संबद्धहै इसलिए यह त्योहार एक तरह का कृषि पर्वहै।
- सोलंगत्योहार मानसूनके दौरान मनाया जाता है और यह उत्सव सात दिनो तक चलता है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://m.dailyhunt.in/news/india/english/news-bharati-epaper-newsbhar/adi-tribe-begins-agro-based-solung-festival-in-arunachal-pradesh-newsid-57417488
http://www.newsbharati.com/Encyc/2016/9/1/Solung-Festival-Arunachal-Pradesh

ब्रिक्स पर्यटन सम्मेलन

प्रश्न-1-2 सितंबर, 2016 के मध्य ब्रिक्स पर्यटनमंत्रियों का सम्मेलन(BRICS Convention on Tourism) कहां आयोजित किया गया?

(a)बोधगया (b)सांची (c)खजुराहो (d)वाराणसी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1-2 सितंबर, 2016 के मध्य 'ब्रिक्स' देशों के पर्यटनमंत्रियों का 'ब्रिक्स पर्यटन सम्मेलन' (BRICS Convention on Tourism) खजुराहो (म.प्र.) में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलनका आयोजन पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलनमें ब्रिक्स देशों में भारत समेतब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका के पर्यटनमंत्रियों समेतप्रतिनिधि मंडलने भाग लिया।
- म.प्र. राज्य के पर्यटनमंत्री सुरेंद्र पटवा ने इस सम्मेलनका उद्घाटन किया।
- इस सम्मेलनका उद्देश्य ब्रिक्स देशों के मध्य पर्यटनसंबंधोंऔर सुविधाओंको और बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंकभी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149317
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149441
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=53906
http://naidunia.jagran.com/madhya-pradesh/chhatarpur-khajuraho-brics-summit-tourism-will-take-wings-rail-air-connectivity-will-be-there-809515

संधि/समझौता

धामरा एलएनजी टर्मिनल में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और गेल इंडिया लिमिटेड की हिस्सेदारी

प्रश्न-अभी हाल ही में किए गए समझौते के तहत अडानी समूह की कंपनी धामरा एल एनजी (LNG) टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड में इंडियन ऑयल कारपोरेशन की कितनी हिस्सेदारी होगी?

(a) 30 प्रतिशत (b) 35 प्रतिशत (c) 39 प्रतिशत (d) 49 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर 2016 को इंडियन ऑयल कारपोरेशन और गैस मार्केटिंग कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने हेतु अडानी ग्रुप की ओडिशा में स्थित 6000 करोड़ की लागत वाली धामरा एल एनजी परियोजना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते के तहत धामरा एल एनजी टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड में इंडियन ऑयल कारपोरेशन की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत और गेल की 11 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।
- शेष 50 प्रतिशत हिस्सेदारी अडानी ग्रुप की होगी।
- भविष्य में इंडियन ऑयल कारपोरेशन और अडानी ग्रुप अपनी 1-1 प्रतिशत हिस्सेदारी विश्वसनीय संस्थानों को बेचेंगे, इसके बाद उसके पास टर्मिनल में 2 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जायेगी।
- यह परियोजना 5 मिलियन टन वार्षिक एनएलजी (LNG) प्राप्ति, भंडारण एवं पुनर्गैसीकरणकी क्षमता वाली है।
- निवेशके अतिरिक्त आईओसी (IoC) तथा गेल की इस टर्मिनल में 3 मिलियन टन तथा 1.5 मिलियन टन रीगैसीफिकेशन क्षमता बुक कराने की भी योजना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150995
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55260

मोमेंटम झारखंड के तहत कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रश्न-अभी हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा मोमेंटमझारखंड के तहत कितनी कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है?

(a) 5 (b) 6 (c) 7 (d) 8

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवरदास द्वारा मुंबईमें रोड शो के दौरान होटल ताजमहल में मोमेंटमझारखंड के तहत आठ कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस रोड शो के दौरान ही मुख्यमंत्री द्वारा छह नई निवेशोन्मुखीनीतियों की भी शुरूआत की गयी और इसी समय निवेश जागरूकता हेतु अनेक कार्य शालाओंका आयोजन किया गया।
- रोड शो में ऑटोमोबाइल और ऑटोमोबाइल उपस्कर बनाने वाली कंपनियों, वस्त्र निर्माण, सूचना तकनीक, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य शिक्षा तथा शहरीकरण विनिर्माण से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।
- ओरिएंट क्राफ्ट लिमिटेड के साथ कपड़ा क्षेत्र में 1500 करोड़ की लागत से 140 एकड़ भूमि पर दो पार्कों के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- शिक्षा के क्षेत्र में एमएनआर एजुकेशन ट्रस्ट के साथ इंटीग्रेटेड मेडिकल और पैरा मेडिकल शिक्षा परिसर की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया जिसके तहत एमएनआर एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये की लागत से एमएनआर एजुकेशन ट्रस्ट और पैरामेडिकल शिक्षा परिसर की स्थापना 80 एकड़ भूमि पर आगामी पांच वर्षों में किया जाएगा।
- टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा समझौतेके तहत खनन एवं मौसम संबंधी क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत सॉफ्ट स्किल सिस्टम में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- टेक महिंद्राके साथ सूचना तकनीक सूचना तकनीक संबंधी (IT-ITes) में कौशल विकास तथा रोबोटिक्स एवं क्लाउड कंप्यूटिंगके क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम तथा इक्यूबेशनसेंटर और बीपीओ इकाई की स्थापना हेतु समझौता किया गया।
- डेशून हॉस्पिटल और हार्ट रिसर्च संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर 500 बिस्तरों वाले मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, 1300 सीटों वाले नर्सिंगसंस्थान और एक 300 सीटों की क्षमताके पैरामेडिकल संस्था की स्थापना के लिए किया गया है।
- फ्यूल कंपनी द्वारा आगामी 10 वर्षों तक राज्य में कौशल विकास और क्षमता निर्माण का कार्य किया जाएगा।
- वकरंगी लिमिटेड ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में 1600 से अधिक वकरंगी केंद्रों का निर्माण जिनमें से 1100 केंद्रों की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में की जाएगी।
- इसके द्वारा (बीटूबी और बीटूसी) सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।

- बोकारो सेवा ट्रस्ट और कानपुर में स्थित रामा विश्वविद्यालय द्वारा समझौते के तहत एक सुपर स्पेशियलिटी 300 सैय्या का अस्पताल और 100 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल रिसर्च सेंटर की स्थापना की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://momentumjharkhand.com/jharkhands-investment-promotion-campaign-poised-to-go-global/
https://twitter.com/dasraghubar/status/778107308807258113

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स और अमेजन डॉट कॉम के बीच समझौता

प्रश्न-अभी हाल ही में दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने किस सेवा के लिए अमेजन डॉट कॉम के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है?

(a) स्मार्ट होम सेवा के लिए
(b) टेक्नोलॉजी स्थानांतरण के लिए
(c) अधिग्रहण के लिए
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- सितंबर 2016 में दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने स्मार्ट होम सेवाओं के लिए अमेजनडॉट कॉम के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते से एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड अमेरिकी कंपनी अमेजन द्वारा संचालित एलेक्सा वर्चुअलइलेक्ट्रॉनिक यंत्रों पर कार्य कर सकती है।
- एलेक्सा अपने स्मार्ट थिंक क्यू हब के साथ एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के घरेलू उपकरणों के निर्माण में सहायता प्रदान करेगी।
- इसके द्वारा आवाज से नियंत्रित होने वाले घरेलू उपकरणों का निर्माण किया जाएगा।
- यह स्मार्ट थिंक सेंसर जो एक सक्षम उपकरण है, अमेजन डॉट कॉम के डैश को भी जोड़ेगा, जिससे घरेलू उपकरणों का ऑर्डर करने में सुविधा प्राप्त होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.reuters.com/article/us-lg-elec-amazon-com-idUSKCN11805D
http://www.koreatimes.co.kr/www/news/tech/2016/09/133_213339.html
http://www.homeworldbusiness.com/lg-partners-amazon-expanding-smart-home-focus/
http://www.usatoday.com/story/tech/news/2016/09/02/amazons-alexa-now-works-lg-smart-home-tech/89783856/

संघ/संगठन

एप्पल कंपनी द्वारा टपलजंप का अधिग्रहण

प्रश्न- अमेरिकी कंपनी एप्पल द्वारा अधिग्रहीत स्टार्ट अपकंपनी टपलजंप किस राज्य में स्थित है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) कर्नाटक (c) पश्चिम बंगाल (d) तमिलनाडु

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 23 सितंबर 2016 को प्रकाशित समाचार के अनुसारअमेरिकी कंपनी एप्पल द्वारा हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) में स्थित एक स्टार्ट अपकंपनी टपलजंप का जून 2016 में अधिग्रहण किया गया। इस अधिग्रहण के पश्चात टपलजंप कंपनी में काम करने वाली सभी 16 कर्मचारी एप्पल के स्टॉफ में शामिल होंगे। यह एप्पल द्वारा किसी भारतीय कंपनी का प्रथम अधिग्रहण है। टपलजंप एक मशीन लर्निंग स्टार्ट अपहै जो बड़े डेटा के भंडारण और प्रोसेसिंग का तीव्र गति से विश्लेषण/करने में कुशल है। टपलजंप कंपनी की स्थापना जनवरी 2013 में रोहित राय, सत्यप्रकाश बुद्धवरपू और दीपक अलूरने की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.bloomberg.com/news/articles/2016-09-22/apple-buys-tuplejump-to-expand-machine-learning-capabilities

हिन्दुस्तान डायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को बंद करने की स्वीकृति

प्रश्न-अभी हाल ही में आर्थिकमामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा हिन्दुस्तानडायमंड कपंनी प्राइवेट लिमिटेड (HDCPL) को बंद करने की प्रक्रियाओं को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस कंपनी की स्थापना किस वर्ष हुई थी।

(a) 1975 (b) 1976 (c) 1917 (d) 1978

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिकमामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा हिन्दुस्तानडायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (HDCPL) को बंद करने की प्रक्रियाओं को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। यह कंपनी भारत सरकार और डीबीयर्स सेनटेनरी मॉरिशस लिमिटेड (DBCML) की साझा उद्यम थी। हिन्दुस्तानडायमंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना कंपनी अधिनियम 1956 के तहत वर्ष 1978 में हुई थी। इस कंपनी के गठन का उद्देश्य भारत में हीरा प्रसंस्करण उद्योग हेतु हीरे की आपूर्तिकरना था। एचडीसीपीएल के बंद होने से भारतीय व्यापारियों की हीरे की आपूर्तिबाधित नहीं होगी क्योंकि सरकार ने मुंबईमें भारत डायमंड बोअर्स (Bourse) में स्पेसल नोटीफाइड जोन बनाया है जहां से हीरे की आपूर्तिहोती है।

बायर एजी द्वारा मोनसेंटो का अधिग्रहण

प्रश्न-अभी हाल ही में जर्मन दवा और फसल रसायन निर्माता कंपनी बायर एजी द्वारा अमेरिकी बायोटेक्नोलॉजी कंपनी मोनसेंटो के अधिग्रहण की घोषणा की गई है। इस अधिग्रहण की राशि क्या है?

(a) 50 अरब डॉलर (b) 55 अबर डॉलर (c) 60 अरब डॉलर (d) 66 अरब डॉलर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को जर्मन दवा और फसल रसायन निर्माता कंपनी बायर एजी द्वारा अमेरिकी बायोटेक्नोलॉजी कंपनी मोनसेंटो (बीफर्म) के अधिग्रहण की घोषणा की गयी। इस सौदे को दोनों कंपनियों के निदेशक बोर्ड ने भी मंजूरी प्रदान कर दी है। अधिग्रहण की राशि 66 अरब डॉलर है।
- इस अधिग्रहण के पश्चात बायर विश्व की सबसे बड़ी एग्रो कंपनी बन जाएगी।
- ध्यातव्य है कि अधिग्रहण के बाद संयुक्त रूप से दोनों कंपनियों की विश्व के बीज और कीटनाशक कारोबार में एक चौथाई हिस्सेदारी होगी। जर्मन कंपनी बायर, मोनसेंटो को खरीदने हेतु 44 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 128 डॉलर प्रति शेयर अदा करेगी। मोनसेंटो कंपनी के विलयोपरांत बॉयर एजी कंपनी की वार्षिक आय में 1.5 अरब डॉलर तक की वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि भारत में अमेरिकी बीज फर्म मोनसेंटो को बीटी कॉटन के लिए जाना जाता है। यहां पर इस फर्म की तीन कंपनियां-मोनसेंटो इंडिया लिमिटेड (एम आइएल), मोनसेंटो होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड और महिको-मोनसेंटो बायोटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड मौजूद हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.news.bayer.com/baynews/baynews.nsf/id/ADSF8F-Bayer-and-Monsanto-to-Create-a-Global-Leader-in-Agriculture
http://news.monsanto.com/Bayer-Monsanto-acquisition

रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और एयरसेल का विलय

प्रश्न-अभी हाल ही में रिलायंस कम्युनिकेशंस और एयरसेल के विलय की घोषणा की गई है। इस विलय के पश्चात ग्राहक संख्या के आधार पर कौन-सी कंपनी भारतीय दूरसंचार क्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी?

(a) रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) (b) एयरसेल (c) आइडिया (d) एयरटेल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और मलेशिया की मैक्सिस कम्युनिकेशंस बेर्हड की भारतीय इकाई एयरसेल द्वारा कारोबार को आपस में विलय करने की घोषणा की गई।
- विलयोपरांत रिलायंस कम्युनिकेशंस की कुल संपत्ति 65,000 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी तथा निवल मूल्य 35,000 करोड़ रु. होगा। भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है।

- इस विलय के बाद आरकॉम ग्राहक संख्या के आधार पर भारतीय दूरसंचारक्षेत्र की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व ग्राहक संख्या के आधार पर तीसरी सबसे बड़ी कंपनी आइडिया सेलुलर थी। ग्राहक और राजस्व दोनों के संदर्भ में संयुक्तरूप से आरकॉम दूरसंचारक्षेत्र की देश में चौथे नंबर की कंपनी होगी। समझौते के तहत विलय के बाद बनने वाली कंपनी में रिलायंस कम्युनिकेशंस और एयरसेल की बराबर की (50:50 प्रतिशत) हिस्सेदारी होगी।
- ध्यातव्य है कि इस विलय के पश्चात बनने वाली नई कंपनी का नाम 'मर्डेको' होगा जिसके बोर्ड में दोनों पैतृककंपनी का बराबर प्रतिनिधित्व होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/business/Industry/reliance-communications-aircel-announce-merger-in-largestever-consolidation-deal-in-indian-telecom-sector/article9107868.ece

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उच्च शिक्षा वित्त-पोषण एजेंसी के गठन को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उच्च शिक्षा वित्त-पोषण एजेंसी (HEFA) के गठन को मंजूरीदी। इस एजेंसी की अधिकृत पूंजीकितनी होगी?

(a) 1000 करोड़ रुपये (b) 1500 करोड़ रुपये

(c) 2000 करोड़ रुपये (d) 3000 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रमुख शैक्षिक संस्थानों में उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 'उच्च शिक्षा वित्त-पोषण एजेंसी' (Higher Education Financing Agency) के गठन को मंजूरी प्रदान की। उच्च शिक्षा वित्त पोषण एजेंसी चिन्हित प्रवर्तक (Promoter) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) द्वारा संयुक्तरूप से 2,000 करोड़ रुपये के अधिकृत पूंजी से प्रवर्तित होगी। इसमें सरकार की इक्विटी 1,000 करोड़ रुपये की होगी। इस एजेंसी का गठन सार्वजनिकक्षेत्र के बैंक/सरकार के स्वामित्व वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंसिंग कंपनी (NBFC) के अंतर्गतएक विशेष उद्देश्य इकाई (SPV) के रूप में होगी।
- यह इकाई आईआईटी/आइआईएम/एनआईटी और इस तरह के अन्य संस्थानों में बुनियादी ढांचे और विश्वस्तरीय प्रयोगशालाओं के विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु 20,000 करोड़ रुपये जुटायेगी।
- यह एजेंसी सिविल और प्रयोगशाला बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को 10 वर्षों के ऋण के माध्यम से वित्तपोषित करेगी। सभी केंद्रीय वित्त पोषित उच्च शिखा संस्थाएं इस एजेंसी के सदस्यों के रूप में शामिल होने हेतु पात्र होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149707

वर्ष/दिवस/सप्ताह

विश्व हृदय दिवस

प्रश्न-'विश्व हृदय दिवस' (World Heart Day) कब मनाया जाता है?

(a) 28 सितंबर (b) 29 सितंबर

(c) 26 सितंबर (d) 25 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 सितंबर, 2016 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हृदय दिवस' मनाया गया।
- इस दिवस का उद्देश्य लोगों को हृदय रोग के बारे में जागरूक करना है।
- वर्ष 2000 में इस दिवस को मनाने की शुरूआत की गई। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार, प्रतिवर्ष विश्व भर में लगभग 17.5 मिलियन लोगों की मृत्यु का कारण हृदयाघात है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.world-heart-federation.org/what-we-do/world-heart-day/
http://worldheartday.org/world-heart-day-2015/

विश्व समुद्री दिवस

प्रश्न-'विश्व समुद्री दिवस (World Maritime Day) कब मनाया जाता है?

(a) 26 सितंबर (b) 24 सितंबर

(c) 29 सितंबर (d) 28 सितंबर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 सितंबर, 2016 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व समुद्री दिवस' (World Maritime Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) ''नौपरिवहन : दुनिया के लिए अपरिहार्य'' (Shiping : indispensable to the world)।
- उल्लेखनीय है कि समुद्री नौपरिवहन विश्व अर्थ व्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.imo.org/en/About/Events/WorldMaritimeDay/Pages/WMD-2016.aspx
http://www.un.org/en/events/maritimeday/

विश्व रेबीज दिवस

प्रश्न-'विश्व रेबीज दिवस' (World Rabies Day) कब मनाया जाता है?

(a) 27 सितंबर (b) 28 सितंबर (c) 26 सितंबर (d) 23 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 सितंबर, 2016 को संपूर्णविश्व में 'विश्व रेबीज दिवस' (World Rabies Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-" Rabies : Educate. Vaccinate. Eliminate" था। इस दिवस का उद्देश्य लोगों के बीच रेबीज के रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।
- ज्ञातव्य है कि यह दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ और माइक्रोबॉयोलाजिस्ट लुईपाश्चर के जन्म दिवस के अवसर पर में मनाया जाता है। जिन्होंने पहले रेबीज वैक्सीन को विकसित किया था।
- रेबीज एक विषाणु जनित बीमारी है जो आमतौर पर किसी जानवर के काटने से होता है, जैसे किसी आवारा कुत्ते के काटने से।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.who.int/mediacentre/events/2016/world-rabies-day/en/
https://www.cdc.gov/worldrabiesday/
https://rabiesalliance.org/world-rabies-day

विश्व पर्यटन दिवस

प्रश्न-'विश्व पर्यटन दिवस' (World Tourism Day) कब मनाया जाता है?

(a) 26 सितंबर (b) 27 सितंबर (c) 24 सितंबर (d) 23 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 सितंबर, 2016 को संपूर्णविश्व में 'विश्व पर्यटन दिवस' (World Tourism Day) मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-''सभी के लिए पर्यटन-सार्व भौम्सुगमता संवर्द्धन' (Tourism For all Promoting Universal Accessibility) था।
- इस दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच पर्यटन की भूमिका पर जागरूकता बढ़ाना है।
- वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में वृद्धि 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1,184 मिलियन हो गयी, जिसके वर्ष 2030 तक 1.8 बिलियन होने का अनुमान है।
- वर्ष 2015 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन ने 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का राजस्व उत्पन्न किया।
- संयुक्तराष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) ने वर्ष 2016 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में 3.5-4.5 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान लगाया है।
- इस वर्ष आधिकारिक 'विश्व पर्यटन दिवस' समारोह बैंकाक, थाइलैंड में आयोजित किया गया।

- इस दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्रप्रभार) डॉ. महेश शर्मा ने दिल्ली के स्मारकों, ऐतिहासिक स्थानों और धरोहर स्थल का दौरा करने के लिए विकलांग बच्चों हेतु दर्शनीय स्थल पर्यटनसंबंधी एक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://wtd.unwto.org/content/27-september-world-tourism-day-0
http://www.un.org/en/events/tourismday/

परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलनहेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 24 सितंबर (b) 26 सितंबर (c) 23 सितंबर (d) 28 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 सितंबर 2016 को संपूर्णविश्व में 'परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलनहेतु अंतर्राष्ट्रीय दिवस' (International Day for The Total Elimination of Nuclear Weapons) मनाया गया।
- यह दिवस उच्च प्राथमिकता के रूप में वैश्विक परमाणु निशस्त्रीकरण हेतु अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि के लिए विश्व समुदाय को एक अवसर प्रदान करता है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) के अनुसार, वर्तमानमें विश्व में लगभग 15,000 परमाणु हथियार हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/en/events/nuclearweaponelimination/
http://www.unfoldzero.org/?p=action_sep26

विश्व गैंडा दिवस

प्रश्न-'विश्व गैंडा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 सितंबर (b) 22 सितंबर (c) 19 सितंबर (d) 24 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 सितंबर 2016 को विश्वस्तर पर 'विश्व गैंडा दिवस' (World Rhino Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 'विश्व गैंडा दिवस' प्रतिवर्ष 22 सितंबरको मनाया जाता है। यह दिवस गैंडे की पांच प्रजातियों के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह हैं-काला, सफेद, ग्रेटर एक सिंगी, सुमात्रा एवं जावा गैंडे।उल्लेखनीय है कि दुधवानेशनल पार्क में विश्व की एकमात्र गैंडा पुनर्वास परियोजना सफलतापूर्व कचल रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.worldrhinoday.org/about/
http://rhinos.org/

अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस



प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 सितंबर (b) 21 सितंबर (c) 22 सितंबर (d) 23 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 सितंबर, 2016 को संपूर्णविश्व में 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाया गया।
- वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-'The Sustainable Development Goals: Building Blocks for Peace' है। उल्लेखनीय है कि इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1981 में की गई थी। वर्ष 1982 में प्रथम 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/en/events/peaceday/

ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-'ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 16 सितंबर (b) 18 सितंबर (c) 15 सितंबर (d) 19 सितंबर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर, 2016 को संपूर्णविश्व में 'ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस' मनाया गया। इस वर्ष इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Ozone and Climate: Restored by a World United" था। उल्लेखनीय है कि संयुक्तराष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में ओजोन परत संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रतिवर्ष 16 सितंबरको इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि ओजोन परत को संरक्षण हेतु 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकाल' 16 सितंबर 1987 से प्रभावी हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/en/events/ozoneday/

अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस

प्रश्न-'अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' (International Day of Democracy) कब मनाया जाता है?

(a) 16 सितंबर (b) 15 सितंबर (c) 14 सितंबर (d) 17 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 सितंबर, 2016 को संपूर्णविश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' मनाया गया।

- इस वर्ष इस दिवस का मुख्य विषय-'लोकतंत्र एवं 2030 सतत विकास एजेंडा' (Democracy and the 2030 Agenda for Sustainable Development) था। उल्लेखनीय है कि संयुक्तराष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में एक प्रस्ताव पारित कर इस दिवस को मानने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.un.org/en/events/democracyday/

इंजीनियर्स डे-2016

प्रश्न-'इंजीनियर्स डे' कब मनाया जाता है?

(a) 14 सितंबर (b) 18 सितंबर (c) 20 सितंबर (d) 15 सितंबर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 सितंबर, 2016 को देश भर में 'इंजीनियर्स डे' मनाया गया। वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) 'मुख्य क्षेत्र में सुधार के लिए युवा इंजीनियरों के लिए कौशल विकासः विजन 2025' (Skill Development for young engineers to reform the core sector: vision 2025) था।
- यह दिवस भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस की स्मृति में मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ibtimes.co.in/engineers-day-india-2016-top-quotes-wishes-greetings-funny-messages-share-your-engineer-693517

विश्व आत्महत्या निवारण दिवस

प्रश्न-'विश्व आत्महत्या निवारण दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 12 सितंबर (b) 10 सितंबर (c) 14 सितंबर (d) 16 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 सितंबर, 2016 को विश्व स्तर पर 'विश्व आत्महत्या निवारण दिवस' (WSPD) मनाया गया। वर्ष 2016 में इस दिवस का मुख्य विषय - 'कनेक्ट, कम्युनिकेट, केयर (Connect Communicate, Care) था। ज्ञातव्य है कि आत्महत्या जैसे अपराध के प्रति जागरूकता एवं आत्महत्या करने से रोकने हेतु वर्ष 2003 से प्रतिवर्ष 10 सितंबर, को इस दिवस को मनाने की शुरूआत हुई।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) के एक अनुमान के मुताबिक विश्व में लगभग 800,000 लोग प्रति वर्ष आत्महत्या करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iasp.info/wspd/

हिंदी दिवस

प्रश्न-14 सितंबर, 2016 को देशभर में 'हिंदी दिवस' मनाया गया। संविधान निर्माताओं ने कब हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में घोषित किया था?

(a) 15 सितंबर, 1950 (b) 18 सितंबर, 1949

(c) 14 सितंबर, 1949 (d) 14 सितंबर, 1950

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 सितंबर, 2016 को संपूर्ण देश में 'हिंदी दिवस' मनाया गया।
- इस अवसर पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राजभाषा पुरस्कार प्रदान किया। केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और राष्ट्रीयकृत बैंकों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वालों को यह पुरस्कार दिए जाते हैं।
- इस पुरस्कार की शुरुआत गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने की थी। उल्लेखनीय है कि संविधान निर्माताओं ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में सर्व सम्मति से स्वीकार किया था। इस दिन की याद में प्रतिवर्ष 14 सितंबर 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 10 जनवरी को प्रतिवर्ष 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=54096
https://hi.wikipedia.org/wiki/%E0%A4%B9%E0%A4%BF%E0%A4%A8%E0%A5%8D%E0%A4%A6%E0%A5%80_%E0%A4%A6%E0%A4%BF%E0%A4%B5%E0%A4%B8
http://www.hindikiduniya.com/events/hindi-diwas/

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

प्रश्न-'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 9 सितंबर (b) 8 सितंबर (c) 3 सितंबर (d) 10 सितंबर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को संपूर्ण विश्व में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' (International Literacy Day) मनाया गया। वर्ष 2015 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- 'अतीत पढ़ो, भविष्य लिखो' (Reading The Past, Writing The Future) था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1965 में यूनेस्को (UNESCO) ने 8 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.unesco.org/new/en/unesco/events/prizes-and-celebrations/celebrations/international-days/literacy-day/

विविध

पर्यावरण भवन का नाम परिवर्तित

प्रश्न-अभी हाल ही में पर्यावरण भवन का नाम परिवर्ति त्तकर क्या रखा गया है?

(a) श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन (b) इंदिरा भवन

(c) पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन (d) वीर सावरकर भवन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 सितंबर, 2016 को वर्तमान सरकार द्वारा किए गए निर्णयके अनुसार नई दिल्ली के सीजीओ काम्पलेक्स में स्थित पर्यावरण भवन का नाम बदलकर 'पंडित दीनदयाल अंत्योदय' भवन कर दिया गया। शहरी विकास, आवास एवं गरीबी उन्मूलन तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री एम. वेंकैया नायडू ने अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ भवन की नाम पट्टिका का अनावरण किया। पूर्व में इस भवन में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय का कार्यालय स्थित था।
- इमारत का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन इसलिए किया गया है, जिससे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को रेखांकित किया जा सके।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष, 2016 पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मशती वर्ष है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=55237
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=150938

उत्तर प्रदेश युवा नीति, 2016

प्रश्न-उत्तर प्रदेश युवा नीति, 2016 में किस आयु वर्ग के लोगों को युवा श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है?

(a) 14-25 वर्ष (b) 14-35 वर्ष (c) 18-25 वर्ष (d) 18-35 वर्ष

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 सितंबर, 2016 को मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश युवा नीति, 2016 को मंजूरी प्रदान की गयी। इसी नीति के अंतर्गत 14-35 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को युवा श्रेणी में रखा गया है। राज्य में यह नीति पहली बार लागू की गई है। इसके लिए युवा कल्याण विभाग को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। इस नीति को कार्यान्वित करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति गठित की जाएगी। इस समिति में प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव नियोजन सहित सभी संबंधित विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव सदस्य होंगे।

- महानिदेशक, युवा कल्याण समन्वय समिति के सदस्य सचिव होंगे। इस नीति के तहत नक्सली हमलों, उपद्रव व आपदा प्रभावित युवाओं के आर्थिक पुनर्वास की व्यवस्था की गई है।
- राज्य युवा नीति की प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार समीक्षा भी की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://upnews.org/up-cabinet-approved-the-rajya-yuva-neeti-2016/
http://www.upnews360.in/N/3500360030003600360O/%E0%A4%AE%E0%A4%82%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%AA%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%B7%E0%A4%A6-%E0%A4%95%E0%A5%87-%E0%A4%AE%E0%A4%B9%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B5%E0%A4%AA%E0%A5%82%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A3-%E0%A4%A8%E0%A4%BF%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A3%E0%A4%AF

बलूची सेवा के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप्प

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार की किस समाचार एजेंसी ने बलूची सेवा के लिए वेबसाइट और मोबाइल एप्प का शुभारंभ किया?

(a) डीडी न्यूज (b) आकाशवाणी (c) पीटीआई (d) पीआईवी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 सितंबर 2016 को आकाशवाणी ने बलूची सेवा की मल्टीमीडिया वेबसाइट और मोबाइल एप्प की शुरूआत की। प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ.ए.सूर्य प्रकाश ने इस सेवा की शुरूआत की।
- इसका उद्देश्य बलूची भाषा में कार्य क्रमोंको मल्टीमीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराना है।
- गौरतलब है कि आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग रोजाना बलूची भाषा में एक घंटे का कार्य क्रम प्रसारित करता है जिसमें समाचार भी शामिल हैं। यह सेवा वर्ष 1974 में शुरू की गई थी।
- विदेश सेवा प्रभाग 57 रेडियो ट्रांसमिशन के जरिए रोजाना 27 भाषाओं में प्रसारण करता है जिसे 108 देशों में सुना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://airworldservice.org/hindi/archives/28557

फेसबुक पेज छत्तीसगढ़ न्यूज ऑन एआईआर का शुभारंभ

प्रश्न-9 सितंबर 2016 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रकाशित किस पुस्तिका का विमोचन किया गया है?

(a) स्वच्छ प्रशासन (b) स्वच्छ भारत (c) स्वच्छ भारती (d) स्वच्छता के आयाम

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा आकाशवाणी कार्यालय में प्रादेशिक समाचार इकाई के फेसबुक पेज छत्तीसगढ़ न्यूजऑनएआईआर का शुभारंभ किया गया।
- इस फेसबुक पेज पर छत्तीसगढ़ के सामाजिक जीवन पर फोटो और वीडीओ की सारणी तथा राज्य की घटनाओं के अतिरिक्त दैनिक क्षेत्रीय समाचार प्रदर्शित किया जाएगा। यह पेज विशेषकर युवा वर्ग को राष्ट्रीय और राज्य स्तर की विविध परीक्षाओं की तैयारी में भी काम आएगा।
- इसी अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा आकाशवाणी रायपुर की समाचार इकाई द्वारा प्रकाशित पुस्तका 'स्वच्छ भारती' का विमोचन किया गया।
- यह पुस्तिका 'स्वच्छ भारत अभियान की कहानी, हमर छत्तीसगढ़ की जुबानी' थीम पर आधारित है।
- इस पुस्तिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्य क्रम स्वच्छ भारत अभियान के कार्यान्वयन के संबंधमें राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.facebook.com/chhattisgarhnewsonair/photos/a.176629654029 4608.1073741829.175529883806 1045/179468622745 5639/?type=3&theater
http://www.business-standard.com/article/news-ani/chhattisgarh-cm-launches-air-rnu-s-facebook-page-116090901057_1.html

ओडिशा सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों हेतु पेंशन की घोषणा

प्रश्न-अभी हाल ही में ओड़िशा सरकार द्वारा भुवनेश्वरमें निर्माण श्रमिकों के लिए नई पेंशन योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत कितनी आयु के श्रमिकों को प्रतिमाह 500 रुपये पेंशन प्रदान की जायेगी?

(a) 50 वर्ष से अधिक (b) 60 वर्ष से अधिक (c) 70 वर्ष से अधिक (d) 80 वर्ष से अधिक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा भुवनेश्वरमें निर्माण श्रमिकों के लिए नई पेंशन योजना का शुभारंभ किया गया।
- इस योजना के तहत 60 वर्ष की आयु से अधिक के निर्माण श्रमिकों को प्रतिमाह 300 रुपये पेंशन प्रदान की जाएगी तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों को 500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाएगी।
- इस पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु श्रमिकों को ओड़िशा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में कम से कम पांच वर्ष से पंजीकृत होना आवश्यक है।
- इस योजना के अंतर्गत विधवा और विकलांग निर्माण श्रमिक भी लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।
- इस योजना का लक्ष्य पंजीकृत लगभग 25 निर्माण श्रमिकों को चरणबद्ध ढंग से इस योजना में सम्मिलित करना है। ओडिशा में संचालित निर्माण श्रमिक पक्का घर योजना के तहत गृहनिर्माण के लिए 1,000 कामगारों के गृहनिर्माण के लिए कार्य प्रारंभ करने का आदेश इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिया।

- इस योजना के तहत कामगारों के गृहनिर्माण के लिये 1.3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।
- उल्लेखनीय है कि ओडिशा सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों हेतु मातृत्वलाभ की राशि 8,000 से बढ़ाकर 10,000 रुपये और गंभीर रूप से बीमार श्रमिकों के उपचार हेतु राशि बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.telegraphindia.com/1160910/jsp/odisha/story_107329.jsp#.V9lfk1t97IU
http://odishasuntimes.com/2016/09/09/odisha-cm-launches-pension-scheme-construciton-workers/

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एपीटीए के तहत आयात-शुल्क रियायत के आदान-प्रदान को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एशिया प्रशांत व्यापार करार (APTA) के चौथे दौर की वार्ता के तहत आयात शुल्क रियायत के आदान-प्रदान को मंजूरी दी। वर्तमान में एपीटीए में कितने सदस्य देश शामिल हैं?

(a) 6 (b) 8 (c) 7 (d) 7

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 सितंबर, 2016 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एशिया प्रशांत व्यापार करार (APTA) के चौथे दौर की वार्ता के तहत आयात शुल्क रियायत के आदान-प्रदान को मंजूरी दी है।
- इसके साथ ही मंत्रिमंडल ने एपीटीए प्रस्तावना में संशोधन को भी मंजूरी दी।
- इससे एपीटीए में मंगोलिया को 7वें देश के रूप में शामिल किया गया।
- इस कदम का उद्देश्य भारत और चीन सहित 6 सदस्य देशों के मध्य व्यापार बढ़ाना है।
- वर्तमान में एपीटीए के सदस्यों में बांग्लादेश, चीन, भारत, लाओस, कोरिया गणराज्य तथा श्रीलंका शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149708
http://www.unescap.org/apta/participating-states

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान के वक्त गैलेक्सी नोट-7 पर प्रतिबंध लगाया

प्रश्न-हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान के वक्त गैलेक्सी नोट-7 मोबाइल के इस्तेमाल और रखने पर प्रतिबंध लगाया। यह मोबाईल किस कंपनी से संबंधित है?

(a) नोकिया (b) सैमसंग (c) पैनासोनिक (d) माइक्रोमैक्स

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उड़ान के वक्त 'सैमसंग गैलेक्सी नोट-7' मोबाइल के इस्तेमाल और रखने पर प्रतिबंध लगाया।
- मंत्रालय ने वायु सेवाओं और यात्रियों को सलाह दी है कि वे उड़ान के दौरान मोबाइल न तो चार्ज करें और न तो उसे ऑन करें। मंत्रालय द्वारा यह प्रतिबंध इसलिए लगाया गया है कि विश्व में सैमसंग गैलेक्सी नोट-7 की बैटरी के कारण कई घटनाएं हुई हैं। इसके साथ ही यात्रियों को यह भी सलाह दी गई है कि वे उक्त मोबाइल को अपने सामान के साथ भी न ले जाएं।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149662

केंद्र सरकार द्वारा दो राज्यों में हेलीकॉप्टर सेवाओं हेतु सब्सिडी की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किन दो राज्यों में हेलीकॉप्टर सेवाओं हेतु सब्सिडी की मंजूरी दी?

(a) उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश (b) जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश

(c) अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश (d) जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 सितंबर, 2016 को केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए सब्सिडी को मंजूरी दी। इसके साथ ही सरकार ने सर्वाधिक दुर्गम गंतव्यों तक पहुंच सुनिश्चित करने के अनुरूप जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के 10 सेक्टरों में प्रायोगिक आधार पर हेलीकॉप्टर सेवा के परिचालन को मंजूरी दी है। जम्मू-कश्मीर राज्य के मामले में पांच सेक्टरों श्रीनगर-द्रास-कारगिल-जंसकार-लेह के लिए संयुक्त कार्य समूह की सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं। भारत सरकार हेलीकॉप्टर सेवा का उपयोग करने वाले पात्र यात्रियों की वास्तविक संख्या पर सब्सिडी देगी। आपातकालीन और आम यात्री सेवाओं में राज्य के स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता और सब्सिडी दी जाएगी। अतिमहत्वपूर्ण व्यक्ति (VIP), राज्य सरकार के अधिकारी के दौरे, आयकरदाता और पर्यटक किराये में सब्सिडी के लिए योग्य नहीं हैं। ऐसे व्यक्तियों को सीट उपलब्ध होने पर पूरा भुगतान करना होगा। खाली सीटों के लिए सब्सिडी नहीं दी जायेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149645

संयुक्त राष्ट्र चार्टर का संस्कृत अनुवाद

प्रश्न-हाल ही में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का किसके द्वारा संस्कृत में अनुवाद किया गया?

(a) डॉ. केशरी नंदर त्रिपाठी (b) डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी

(c) प्रो. देव मणि त्रिपाठी (d) प्रो. सतपाल सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 सितंबर, 2016 को संयुक्तराष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने बताया कि संयुक्तराष्ट्र चार्टर का संस्कृत में अनुवाद किया गया।
- लखनऊ स्थित अखिल भारतीय संस्कृत परिषद के सचिव डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने संयुक्तराष्ट्र के चार्टर का संस्कृत में अनुवाद किया है। ज्ञातव्य है कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में 26 जून, 1945 को संयुक्तराष्ट्र चार्टर पर 50 देशों ने हस्ताक्षर किया था। यह 24 अक्टूबर, 1945 से प्रभावी हुआ।
- गौरतलब है कि चार्टर संयुक्तराष्ट्र की सभी 6 आधिकारिक भाषाओं में उपलब्ध है।
- ये अरबी, चीनी, फ्रेंच, इंग्लिश, रूसी और स्पेनिश में उपलब्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.huffingtonpost.in/2016/09/07/un-charter-translated-into-sanskrit/
http://www.thehindubusinessline.com/news/variety/un-charter-translated-into-sanskrit/article9080484.ece

टेली-मेडिसिन सेवाओं की कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) पायलट परियोजना का पहला चरण

प्रश्न-कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा टेलीमेडिसिन की महत्वाकांक्षी पायलट परियोजना को कितने स्थानों पर प्रारंभ किया गया है?

(a) 15 (b) 14 (c) 12 (d) 11

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 सितंबर, 2016 को श्रम एवं रोजगार मंत्री बंडारू दत्तात्रेय द्वारा दूरस्थित बीमित कामगारों को विशिष्ट चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु टेली सेवाओं की कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC-Employee State Insurance Corporation) पायलट परियोजना के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा आदर्श अस्पताल बहादुरपुर को कटिहार (बिहार), उन्नाव (उत्तर प्रदेश) और रुद्रपुर की तीन ईएसआईसी डिस्पेंसरियों से संलग्न किया गया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने टेली-मेडिसिन की महत्वाकांक्षी पायलट परियोजना को 11 ईएसआई स्थानों पर शुरू किया है।
- इस परियोजना को सी-डेक (मोहाली) के सहयोग से डिजिटल समावेशी एवं स्मार्ट समुदाय के तत्वावधान में शुरू किया गया। इस योजना के तहत प्रथम चरण में एक अस्पताल और तीन डिस्पेंसरियों को जोड़ा गया है। शेष दो अस्पतालों और पांच डिस्पेंसरियों को दूसरे और तीसरे चरण में माह के अंत तक जोड़ दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=53992
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=149574

एम-गुल्लक

प्रश्न-मोबीक्विक ने किस गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के साथ एम-गुल्लक ऐप शुरू किया है?

(a)समग्र (b)अक्षय ट्रस्ट (c)स्माइल फाउंडेशन (d)प्रथम

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 सितंबर, 2016 को डिजिटल पेमेंट प्लेटफार्म 'मोबीक्विक' और शहरी गरीबों की सहायता करने वाले गैर-सरकारी संगठन 'समग्र' ने 'एम-गुल्लक' ऐप की शुरूआत की। एम-गुल्लक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित ऐसा मोबाइल वॉलेट प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगा जिससे उपयोगकर्ता फोन रिचार्ज, खरीदारी, या पैसे ट्रांसफर करते समय छोटी-छोटी बचत कर सकेंगे। यह पहल सबसे पहले महाराष्ट्र के पुणे में शुरू की गयी है। इससे वर्षांत तक लगभग 15 लाख शहरी गरीबों के लाभान्वित होने का अनुमान है।
- वर्ष 2017 के प्रारंभ तक एम-गुल्लक दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों में उपलब्ध होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.financialexpress.com/india-news/teri-inducts-3-new-members-in-its-governing-council/363181/

पश्चिम बंगाल राज्य का नाम परिवर्तन

प्रश्न- एक प्रस्ताव के तहत पश्चिम बंगाल राज्य का नाम हिन्दी में क्या होगा?

(a) बांग्ला (b) बंगाल (c) बेंगाल (d) पश्चिम बंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 अगस्त, 2016 को पश्चिम बंगाल विधानसभा द्वारा संसदीय कार्य मंत्री पार्थ चक्रवर्ती द्वारा पेश राज्य का नाम परिवर्ति तकरने का प्रस्ताव पारित किया गया।
- इसके तहत राज्य का नाम परिवर्ति तकर बंगाली भाषा में बांग्ला, हिन्दी में बंगाल और अंग्रेजी में बेंगाल करने का प्रस्ताव किया गया है।
- यह प्रस्ताव सदन की प्रक्रियाओं के नियम 169 के तहत ध्वनिमत से पारित किया गया।
- इस पारित प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास सदन की संस्तुति हेतु भेजा जायेगा, क्योंकि राज्य के नाम परिवर्तन हेतु संसद की सहमति आवश्यक है।
- इस प्रस्ताव का प्रमुख दलों कांग्रेस, वाममोर्चा और भारतीय जनता पार्टी द्वारा विरोध किया गया।

- उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 1999 में वाममोर्चा सरकार और वर्ष, 2011 में तृणमूलकांग्रेस सरकार द्वारा राज्य का नाम परिवर्ति तकरने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/west-bengal-assembly-passes-resolution-for-states-name-change/article9045696.ece